RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 342
नई दिल्ली, रविवार, 18 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12+4 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




फिल्टर बबल का है जमाना
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

# राहतः कोरोना के मामले 8 लाख से नीचे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


प्रतीकात्मक फोटो

● पिछले डेढ़ माह में पहली बार सक्रिय मरीजों की संख्या में आई गिरावट 24 घंटे में 70 हजार से ज्यादा लोग हुए ठीक

● हालांकि रोज के लिहाज से पूरी दुनिया में भारत में अब भी सबसे ज्यादा आ रहे केस

**भारत** में पिछले डेढ़ माह में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों में पहली बार गिरावट आई है और यह संख्या आठ लाख के आंकड़े से नीचे आ गई है। लेकिन शनिवार को देश में महामारी से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री ने इसके खिलाफ जंग में कोई ढिलाई न बरतने के लिए चेताया। यहां तक कि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि जाड़े की शुरुआत और आने वाले त्योहारी सीजन में मामले फिर तेजी से बढ़ सकते हैं जैसा कि ओणम के बाद केरल में हुआ था।

पिछले 24 घंटे में 70,816 मरीजों के स्वस्थ होने से भारत में सक्रिय मामले घटकर 7.95 लाख रह गए हैं। हालांकि रोजाना आने वाले मामलों को देखा जाए तो पूरी दुनिया में भारत में अब भी प्रतिदिन सबसे ज्यादा केस आ रहे हैं। मध्य सितंबर तक देश में प्रतिदिन 80 हजार से 90 हजार नए केस आ रहे थे जो पिछले हफ्ते में घटकर 70 हजार पर आ गए हैं। महाराष्ट्र में केसों में आई गिरावट से कुल मामलों की संख्या कम हुई है। वहीं केरल, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में कोविड-19 केसों में आई तेजी से केंद्र सरकार चिंतित है और उसने वहां महामारी पर नियंत्रण में मदद के लिए विशेषज्ञों की टीम को भेजा है। कोरोना के खिलाफ जंग में ढिलाई न बरतने की प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप डॉ. लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. आरके धमीजा ने कहा कि केरल में ओणम के बाद कोविड केसों में 126 फीसदी तक इजाफा देखा गया।

डॉ. धमीजा ने कहा, 'लोगों को सावधान रहना होगा, सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना और स्वच्छता बरतना होगा। लोगों के इकट्ठा होने तथा भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बचना होगा। सरकार को हल्के और गंभीर लक्षणों वाले मरीजों के दाखिल के लिए जरूरी व्यवस्था और तैयारी रखनी होगी।' जाड़े और त्योहारी सीजन में ऑक्सीजन की संभावित कमी से निपटने के लिए सरकार द्वारा तरल ऑक्सीजन के आयात की प्रक्रिया शुरू करने का उन्होंने स्वागत किया।

इस बीच कोविड-19 के लिए टीका वितरण पर बने राष्ट्रीय विशेषज्ञों के ग्रुप ने राज्य सरकारों तथा सभी संबंधित हितधारकों से विचार-विमर्श के बाद वैक्सीन के भंडारण, वितरण और उन्हें लगाने के बारे में एक विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार करके पेश किया है। विशेषज्ञों का दल राज्यों के लगातार संपर्क में है और प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन वितरण की दिशा में पूरी सक्रियता से काम कर रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक एक्टिव केसलोड ( शेष पेज 9 )

## भारत में होगा रूसी वैक्सीन का ट्रायल मिली मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** ने रूस की कोरोना वैक्सीन स्पुतनिक-वी का देश में बड़े पैमाने पर अध्ययन के लिए ट्रायल की अनुमति दे दी है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (डीसीजीआई) ने डॉ रेड्डी लेबोरेटरीज लिमिटेड के देश में रूसी वैक्सीन का असर जानने के लिए बड़े पैमाने पर ट्रायल के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। रूस छोटे पैमाने पर परीक्षणों के बाद टीकों को मंजूरी दे रहा है, जो स्पुतनिक-वी की सुरक्षा पर चिंता का कारण है। यही कारण था कि डॉ रेड्डी ( शेष पेज 9 )

## चुनाव प्रक्रिया के तरह हो टीके का वितरण: मोदी

● कोविड-19 से जंग में ढिलाई के खिलाफ प्रधानमंत्री ने चेताया

● पीएमओ ने कहा- वायरस आनुवांशिक रूप से स्थिर, कोई बदलाव नहीं



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रत्येक** नागरिक के लिए टीकों की शीघ्र पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते पूरी तैयारी रखने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयोजन की तरह टीका वितरण की ऐसी प्रणाली विकसित करने का शनिवार को सुझाव दिया जिसमें सरकारी और नागरिक समूहों के प्रत्येक स्तर की भागीदारी हो।

इस बीच. पीएमओ ने एक बयान में कहा कि आईसीएमआर और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा भारत में सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19 वायरस) के जीनोम पर दो अखिल भारतीय अध्ययनों से पता चलता है कि वायरस आनुवंशिक रूप से स्थिर है, इसमें कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है।

कोविड-19 महामारी स्थिति और टीके के वितरण तथा प्रबंधन की तैयारी की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने प्रतिदिन के मामलों और वृद्धि दर में लगातार गिरावट का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने इस बीमारी के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई बरतने के खिलाफ चेताया और महामारी को नियंत्रित करने के प्रयासों को जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने त्यौहारों के आगामी मौसम में विशेष तौर पर कोविड-19 दिशा-निर्देशों का पालन किये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लोगों को इस महामारी के ( शेष पेज 9 )

# बांग्लादेश, पाकिस्तान और म्यांमा से भी पिछड़ा भारत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ग्लोबल हंगर इंडेक्स**

● 107 देशों की सूची में भारत 94वें तो चीन यूक्रेन, बेलारूस, तुर्की क्यूबा और कुवैत संयुक्त रूप से पहले स्थान

**अपने** नागरिकों का पेट भरने के मामले में भारत पड़ोसी देश बांग्लादेश, म्यांमार और यहां तक कि पाकिस्तान से भी पिछड़ा हुआ है। वैश्विक भूख सूचकांक 2020 में 107 देशों की सूची में भारत 94वें स्थान पर है और इसे भूख की गंभीर श्रेणी में रखा गया है। पड़ोसी बांग्लादेश, म्यांमार और पाकिस्तान भी इसी श्रेणी में हैं, लेकिन भूख सूचकांक में ये देश भारत से काफी ऊपर हैं।

इनका स्थान क्रमश: 75वां, 78वां और 88वां हैं। भारत के मुकाबले बहुत सीमित संसाधनों वाले छोटे देश नेपाल और श्रीलंका भी 73वें तथा 64वें स्थान पर हैं। इन दोनों देश मध्यम श्रेणी में रखा गया है। विशेषज्ञों ने इसके लिए खराब कार्यान्वयन प्रक्रियाओं, प्रभावी निगरानी की कमी, कुपोषण से निपटने का उदासीन दृष्टिकोण और बड़े राज्यों के खराब प्रदर्शन को दोषी ठहराया है। पिछले साल 117 देशों की सूची में भारत का स्थान 102 था। यानी स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। भूख और कुपोषण पर नजर रखने वाले वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) में चीन, बेलारूस, यूक्रेन, तुर्की, क्यूबा और कुवैत सहित 17 देश शीर्ष पायदान पर हैं। जीएचआई की वेबसाइट पर शुक्रवार को यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की 14 फीसद आबादी कुपोषण की शिकार है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.7 प्रतिशत है। इसके अलावा ऐसे बच्चों की दर 37.4 है जो कुपोषण के कारण नहीं बढ़ पाते।

बांग्लादेश, भारत, नेपाल और पाकिस्तान के लिए 1991 से अब तक के आंकड़ों से पता चलता है कि वैसे परिवारों में बच्चों के कद नहीं बढ़ पाने के मामले ज्यादा है जो पौष्टिक भोजन की कमी, मातृ शिक्षा का निम्न स्तर और गरीबी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। हालांकि इस अवधि के दौरान देष में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि समय से पहले जन्म और कम वजन के कारण बच्चों की मृत्यु दर विशेष रूप से गरीब राज्यों और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी है। पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया ( शेष पेज 9 )

## एलएसी पर शांति अत्यधिक बाधित भारत-चीन संबंधों पर पड़ रहा असर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और अमन-चैन गंभीर रूप से बाधित हुए हैं और जाहिर तौर पर इससे भारत तथा चीन के बीच संपूर्ण रिश्ते प्रभावित हो रहे हैं। जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच पांच महीने से अधिक समय से सीमा गतिरोध की पृष्ठभूमि में ए बयान दिए जहां प्रत्एक पक्ष ने 50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। जयशंकर ने अपनी पुस्तक द इंडिया वे :स्ट्रेटेजीस फॉर एन अनसर्टेन वर्ल्ड पर आयोजित वेबिनार में पिछले तीन दशकों में दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच संबंधों के विकास के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में कहा कि चीन-भारत सीमा का सवाल बहुत जटिल और कठिन विषय है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के संबंध बहुत मुश्किल दौर में हैं जो 1980 के दशक के अंत से व्यापार, यात्रा, पर्यटन तथा सीमा पर शांति के आधार पर सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सामान्य रहे हैं।

## कंगना रनौत के विरुद्ध मुंबई में एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई



**बांद्रा** पुलिस स्टेशन में अभिनेत्री कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बांद्रा कोर्ट ने कास्टिंग डायरेक्टर साहिल अशरफ सैयद की शिकायत के बाद हाल ही में कंगना और उनकी बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। साहिल के वकील रवीश जमींदार ने बताया कि प्राथमिकी में लगाईं गईं धाराएं गैर जमानती हैं। आज कोर्ट से आदेश मिलने के बाद कोर्ट की कॉपी लेकर शिकायतकर्ता और उनके वकील बांद्रा पुलिस स्टेशन पहुंचे थे।

दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल ने अपने ट्वीट्स के जरिए सांप्रदायिक सदभाव बिगाड़ने और महाराष्ट्र सरकार का नाम बदनाम करने का काम किया है। पुलिस पहले इस केस में शिकायत कॉपी को पढ़ेगी और फिर इस मामले में सबूत जुटाने की कोशिश करेगी। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच करने की कोशिश करेगी और जब भी जरूरत होगी वे इस मामले में कंगना को समन भी कर सकते हैं। बता दें कि कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया था कि कंगना रनौत लगातार बॉलीवुड को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म से लेकर टीवी तक, हर जगह वह बॉलीवुड के खिलाफ बोल रही हैं। वह लगातार बॉलीवुड को नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म का अड्डा बता रही हैं।

याचिका में आरोप लगाया गया कि कंगना ने बॉलीवुड के हिंदू और मुस्लिम कलाकारों के बीच खाई पैदा की है। वह लगातार आपत्तिजनक ट्वीट कर रही हैं जिससे न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हुई बल्कि फिल्म इंडस्ट्री में कई लोग इससे आहत हैं। इस पूरे प्रकरण पर कंगना रनौत के वकील रिजवान सिद्दकी ने कहाकि मुझे उन ट्वीट्स को चेक करना होगा जिनका उल्लेख कोर्ट में किया गया है। जिन ट्वीट्स के बारे में बात की गई है, हो सकता है कि उनकी व्याख्या गलत तरीके से की गई हो। मुल्ला का मतलब धार्मिक प्रमुख होता है। आदेश की प्रतिलिपि मिलने के बाद ही इस पर कुछ टिप्पणी कर सकूंगा। वकील ( शेष पेज 9 )

## पहले चरण के मतदान से पूर्व दस लाख लीटर शराब जब्त

राजेश कुमार। नई दिल्ली

**बिहार चुनाव**

● अवैध हथियार, करोड़ों की नकदी और नशीले पदार्थ भी बरामद

**बिहार** में पहले चरण के मतदान से पूर्व 9.89 लाख लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है। यह स्थिति तब है जब राज्य में शराबबंदी लागू है। चुनाव के दौरान शराब ही नहीं, हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी भी खूब हो रही है। अवैध हथियारों की फैक्टरियों के लिए कुख्यात राज्य में अब तक बिना लाइसेंस वाले 1139 हथियार भी कब्जे में लिए गए हैं।

यही नहीं, 16.81 करोड़ की अघोशित रकम और 90 लाख नेपाली करंसी भी पुलिस को मिली है। बाधारहित चुनाव संपन्न कराने के लिए आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 2.54 लाख से अधिक लोगों को नोटिस देकर चेताया गया है। छापेमारी और आकस्मिक जांच के दौरान 956.625 किलो खसखस, 106.825 किलो हशीश, 10.5 किलो पॉप्पी रोल, 40 पैकेट स्मैक, 150 ग्राम ब्राउन शुगर और 40 लीटर स्प्रिट मिली है। चुनाव आयोग की एक जब्ती रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार उड़न दस्ते, स्टैटिक सर्विलांस टीम और अन्य एजेंसियों ने अब तक अलग-अलग स्थानों से महुआ (मधुका इंडिका) में बनी सुरा समेत 9,89,973 लीटर शराब जब्त की है। अधिकारियों के अनुसार, महुआ की बनी शराब खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से बरामद हुई है। मालूम हो कि राज्य में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगा है और शराब की बोतल रखना आपराधिक कृत्य है और आरोपी पर भारी जुर्माने का प्रावधान है।

राज्य में शराबबंदी के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव को देखते हुए माफिया शराब तस्करी में अचानक सक्रिय हो गए हैं, क्योंकि मतदाताओं को लुभाने के लिए अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। शराब के अलावा पैसे का इस्तेमाल भी चुनाव में वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए किया जाता है। इसी ( शेष पेज 9 )

## फ्रांस में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून दिखाने पर शिक्षक का सिर काटा हमलावर भी ढेर

**पेरिस( एजेंसी )।** फ्रांस में पैगंबर मुहम्मद के कार्टून के बारे में छात्रों से चर्चा करने वाले इतिहास के एक शिक्षक का शुक्रवार को एक व्यक्ति ने सिर काट कर दिया। बाद में पुलिस ने हत्यारे को गोली मार दी। अभियोजन अधिकारी के कार्यालय ने कहा कि मामले की आतंकवादी कोण से जांच शुरू कर दी गई है। यह बर्बर घटना एरागनी नगर में हुई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चाकू और एक एयरसॉफ्ट बंदूक से लैस संदिग्ध को पुलिस ने गोली से उड़ा दिया। इस मामले में चार अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। हमला राजधानी पेरिस के पूर्वी-पश्चिमी इलाके में कॉन्फ्लैन्स सौं होनोरी नाम के एक स्कूल के नज़दीक हुआ। पुलिस ने हमलावर को गिरफ़्तार करने की कोशिश की लेकिन फिर उन्हें हमलावर पर गोलियां चलानी पड़ीं। अब तक हमलावर का नाम जाहिर नहीं किया गया है। हालांकि अब तक जो जानकारी मिली है उसके अनुसार हमलावर 18 साल का था। बताया जा रहा है कि इस शिक्षक ने अपने छात्रों को पैगंबर मोहम्मद के वो कार्टून दिखाए थे जो कुछ साल पहले फ्रेंच पत्रिका शार्ली एब्दो ने छापे थे।

## बस-जीप की टक्कर में नौ की मौत, 32 घायल



पायनियर समाचार सेवा। पीलीभीत, लखनऊ

**पीलीभीत** जिले के पूरनपुर में शनिवार सुबह बोलेरो जीप और रोडवेज बस के बीच टक्कर होने से नौ लोगों की मौत हो गई तथा 32 लोग घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि शनिवार तड़के तीन से चार बजे के बीच पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में पीलीभीत डिपो की रोडवेज बस सवारियों को लेकर लखनऊ से पीलीभीत आ रही थी, वहीं दूसरी ओर जीप भी सवारी लेकर पूरनपुर की तरफ से आ रही थी। थाना पूरनपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग 730 के सोहरामऊ बॉर्डर के पास बस व जीप में टक्कर हो गई ( शेष पेज 9 )

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला कमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,982 | |
| निफ्टी | 11,762 | |
| सोना | 51,704 | /10g |
| चांदी | 62,972 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का विदेशी आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आईईडी बनाने में माहिर लश्कर-ए-तैयबा का विदेशी आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों को दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले के लारनू में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी जिसके बाद आज सुबह तलाशी अभियान शुरू किया गया। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी की मौजूदगी का पता चलने के बाद उसे आत्मसमर्पण का मौका दिया गया, लेकिन उसने तलाशी दल पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में विदेशी आतंकवादी मारा गया। उसका शव बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादी की पहचान नासिर उर्फ शकील साब उर्फ शक भाई के रूप में हुई है। वह प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध था और आईईडी बनाने में माहिर था। अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से हथियारों और विस्फोटक समेत अपराध में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री मिली है।

# मिशन शक्ति बनेगा नारी गरिमा और स्वाभिमान की सुरक्षा ढाल

● उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की अभियान की शुरुआत

● कहा-सरकार बेटियों और महिलाओं का सम्मान व सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


बलरामपुर स्थित शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन में पूजा-अर्चना करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**उप्र** के बलरामपुर पुलिस लाइन में मिशन शक्ति का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी नौकरी की भर्तियों में बालिकाओं को वरीयता दी जाएगी।

बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार दिलाने के लिए स्वावलंबी बनने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि बेटियों पर बुरी नजर डाली तो दुर्गति तय है। ऐसे लोगों को उप्र की धरती पर रहने के लिए कोई जगह नहीं है। जो दल दुश्मन देश का गुणगान कर रहे हैं, उनका सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के उद्घाटन अवसर पर बलरामपुर को सवा पांच सौ करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने गैसड़ी में सामूहिक दुष्कर्म के बाद मृत छात्रा को श्रद्धांजलि दी। कहा कि गैसड़ी कांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। मिशन शक्ति की शुरुआत से छात्रा की आत्मा को शांति मिलेगी। घटना में शामिल कोई भी व्यक्ति बच नहीं पाएगा। मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। सीएम ने छात्रा के परिजन को सहायतार्थ पांच लाख रुपए का चेक दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से दिए गए मांग पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति का शुभारम्भ करते ( शेष पेज 9 )

# कर्मचारियों के वेतन को नहीं कोई संकट : मनोहर लाल

## सभी विभागों में 15 तक मिल रहा है वेतन

## फिर से शुरू की बिजली पर सब्सिडी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में वित्तीय संकट को लेकर चल रहे अटकलों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साफ किया है कि प्रदेश के सामने इस समय कोई वित्तीय संकट नहीं है। सभी विभागों में कर्मचारियों को हर माह की 15 तारीख से पहले-पहले वेतन अदायगी की जा रही है।

शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने बतौर वित्त मंत्री कहा कि कोरोना के कारण हुए लॉकडाउन से हरियाणा को हजारों करोड़ की राजस्व हानि हुई है। कोरोना के कारण मार्च-अप्रैल माह के दौरान हालात काफी गंभीर बन गए थे। इसके बावजूद सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के वित्तीय हालत सुधारने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आम जनता पर कम से कम बोझ डालते हुए कोरोना काल से बाहर निकलने का प्रयास किया है। मनोहर लाल ने बताया कि मार्च-अप्रैल माह के दौरान सरकारी कर्मचारियों को देरी से वेतन दिया गया। जिसके एक रोस्टर भी लागू किया गया और 24 तारीख तक वेतन अदायगी की गई।

अब हालात सुधरते जा रहे हैं। जिसके चलते वर्तमान में 15 तारीख तक सभी वर्गों के कर्मचारियों व अधिकारियों को मासिक वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना के बावजूद जीएसटी, आबकारी व कराधान, राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में काफी सुधार हुआ है और वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। सीएम ने बताया कि कोरोना के कारण उपभोक्ताओं को बिजली के माध्यम से मिलने वाली सब्सिडी को बंद कर दिया गया था लेकिन अब इसे दोबारा चालू कर दिया गया है। बहुत जल्द खातों में आउटस्टैंडिंग निल हो जाएगी।

### पड़ोसी राज्यों से बाजरा नहीं खरीदेगी सरकार



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साफ कर दिया है पड़ोसी राज्यों से आने वाले बाजरा की खरीद हरियाणा में नहीं की जाएगी। हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों की फसल को पहल के आधार पर खरीदेगी। शनिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने प्रदेश की सभी मंडियों से खरीफ फसल खरीद की रिपोर्ट मंगवाई है। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आई है। वह रोजाना धान, बाजरा व मक्का खरीद तथा उठान की रिपोर्ट अधिकारियों से ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि हरियाणा की सभी मंडियों में किसानों की फसल एमएसपी पर ही खरीदी जा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों को फसलों की अदायगी की प्रक्रिया 72 घंटे के भीतर-भीतर शुरू हो रही है।

---

**मामला पानीपत में महिला को टॉयलेट में बंधक बनाने का**

# हरियाणा महिला आयोग ने लिया नोटिस मांगी रिपोर्ट

## अब तक हुई जांच से असंतुष्ट है महिला आयोग

## पीड़िता के बच्चे भी संदेह के दायरे में

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के पानीपत में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को टॉयलेट में बंधक बनाने और उसे अमानवीय यातनाएं दिए जाने के मामले में कड़ा नोटिस लेते हुए महिला आयोग ने एक सब कमेटी का गठन करके सभी अधिकारियों से दस दिन के भीतर रिपोर्ट मांग ली है। हरियाणा महिला आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष प्रीती भारद्वाज दलाल के अनुसार पानीपत के गांव रसपुर में एक महिला को उसके पति द्वारा टायलेट में बंधक बनाने की खबरें सामने आई थी। महिला को बीस दिन में एक बार रोटी दी जाती थी और वह नल से पानी पीकर ही प्यास बुझाती थी।उन्होंने बताया कि वह खुद गांव जाकर पीड़त महिला और उसके बच्चों से मुलाकात कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित थाना प्रभारी, जिला महिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी के साथ इस बारे में बातचीत हुई है।

महिला की पैतृक गांव में उपस्थित मौजूद लोग और मायके वालों से भी जानकारी ली गई। महिला आयोग का मानना है कि इस मामले में अभी तक ढिलाई और ढुलमुल रवैया अपनाया गया है। महिला के तीन किशोर बच्चे हैं, ओर महिला को इस स्थिति में पहुंचाने में इन बच्चों की भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

उपरोक्त मामले में हरियाणा राज्य महिला आयोग ने एक सब-कमेटी का गठन किया है। जिसमे आयोग की सदस्या नम्रता गौड़, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जिला पानीपत, श्रीमती पदमा, अध्यक्ष, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी पानीपत, महिला पुलिस थाना, पानीपत, रजनी गुप्ता,जिला महिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी पानीपत, शामिल हैं। यह कमेटी अपनी सिफारिशों के साथ विस्तृत रिपोर्ट आयोग को देगी। जिसके आधार पर आयोग द्वारा अगली कार्रवाई की जाएगी।

---

## कलायत और कौल से भी हटाए ठेके पर लगाए कर्मचारी

**कैथल।** स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन जिला कैथल की जिला संयोजक मंगत की अध्यक्षता में भगत सिंह भवन में हुई बैठक का संचालन एसकेएस के जिला प्रधान जरनैल सिंह ने किया। बैठक का मुख्य मुद्दा सीएचसी कलायत व पीएचसी कौल में गैर कानूनी तरीके से हटाए गए कर्मचारियों के बारे में रहा। यूनियन में पिछले दिनों कैथल में सीएमओ कैथल को सस्पेंड करने का मामला हो या गलत तरीके से मास्टर सतबीर गोयत की बदली का मामला, दोनों कि निंदा की गई। हालांकि कैथल के विधायक को अखबार या मीडिया के माध्यम से जवाब देना पड़ा। जबकि दोनों मामलों से जुड़े वीडियो, ओडियो भी सामने आए।

ऐसे ही अब पूंडरी के विधायक के कारनामे भी सामने आए हैं। विधायक के इशारे पर पीएचसी कौल में ठेका प्रथा के तहत कुछ कर्मचारियों को बिना किसी नोटिस जारी किए बिना हटा दिया है। कमाल तो तब हो गया जब कर्मचारी रात को अपनी ड्यूटी खत्म होने के बाद घर गए और सुबह जब ड्यूटी पर आए तो पता चला कि आपको हटा दिया है और उसकी जगह जो लिस्ट विधायक पूंडरी द्वारा जारी की हुई है।

---

# श्याम सिंह राणा ने इनेलो का दामन थामा

## ओम प्रकाश चौटाला की मौजूदगी में ग्रहण की इनेलो की सदस्यता

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**कृषि** कानून लागू होने पर भारतीय जनता पार्टी को अलविदा बोलने वाले हरियाणा के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव श्याम सिंह राणा ने शनिवार को इंडियन नेशनल लोकदल का दामन थाम लिया। चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला तथा इनेलो विधायक अभय चौटाला की मौजूदगी में इनेलो की सदस्यता ग्रहण की।

हरियाणा की पूर्व मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान संसदीय सचिव रहे श्याम सिंह राणा ने हालही में कृषि कानूनों का विरोध करते हुए भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा ने पिछले चुनाव में रादौर विधानसभा क्षेत्र से राणा का टिकट काट दिया था। जिसके बाद से वह भाजपा की राजनीति में हाशिए पर चल रहे थे।

इनेलो में शामिल होने पर श्याम सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में इस कानून को लागू करते समय भाजपा ने विरोध किया था और आज भाजपा ने जब यह कानून लागू किया है तो कांग्रेस विरोध कर रही है। किसानों के मुद्दे पर दोनो दल बेनकाब हो चुके हैं। पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल ने अपने जीवन में किसानों के हित में कई बड़े आंदोलन किए और प्रधानमंत्री की कुर्सी तक को त्याग दिया। इसीलिए उन्होंने इनेलो में शामिल होने का फैसला किया है।

राणा व उनके साथियों का स्वागत करते हुए इनेलो सुप्रीमों ओम प्रकाश चौटाला व अभय चौटाला ने कहा कि राणा व उनके साथियों को इनेलो में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उनके यहां आने से पार्टी न केवल यमुनानगर इलाके बल्कि समूचे हरियाणा में मजबूत होकर उभरेगी।

### बरौदा में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग शुरू

**इनेलो** नेता अभय चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बरौदा उपचुनाव के ऐलान के साथ ही भाजपा द्वारा न केवल चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है बल्कि मुख्यमंत्री द्वारा खुद सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री चुनाव की घोषणा के बाद सरकारी गाड़ियों में सवार होकर बरौदा गए और वहां कांफ्रेंस की। इनेलो द्वारा चुनाव आयोग को इस बारे में शिकायत भेजी जा रही है।

---

# किसान की मौत के मामले में भाकियू की महापंचायत 29 को

**कुरुक्षेत्र।** नारायणगढ़ में भाजपा की ट्रैक्टर रैली के दौरान किसान की मौत मामले में भाकियू कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए गए धारा 302 के मुकदमे के विरोध में यूनियन 29 अक्तूबर को अंबाला की मोहडा अनाज मंडी में महापंचायत करेगा।

कंबोज धर्मशाला में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाकियू प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह ने कहा कि किसानों पर दर्ज मुकदमें वापस लिए जाने की मांग को लेकर महापंचायत में पहुंचने वाला हर किसान सिर पर कफन बांधकर पहुंचेगा। महापंचायत में सरकार को बता देंगे कि जनता की पॉवर क्या होती है। गुरनाम सिंह ने कहा कि नारायणगढ़ रैली में जिस किसान की मौत हुई है, उसे किसी ने भी टच तक नहीं किया, लेकिन फिर भी पुलिस ने भाकियू कार्यकर्ताओं पर धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुकदमा तो उल्टा रैली के आयोजकों पर दर्ज होना चाहिए था जो एक बुजुर्ग व बीमार किसान को रैली में लेकर आए। जिस किसान को पहले भी तीन बार हार्ट अटैक हो चुका है ऐसे में उसे रैली में नहीं लेकर आना चाहिए था। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि जो अपने कार्यकर्ता की मृत्यु पर भी निजी फायदा उठाना चाहे इससे बुरी सोच और क्या हो सकती है। उन पर पांच जिलों रोहतक, करनाल, पिपली, शाहाबाद व नारायणगढ़ में मामले दर्ज किए गए। पर्चे दर्जकर भाजपा सरकार उन्हें डराना चाहती है, लेकिन भारतीय किसान यूनियन डरने वाली नहीं है। प्रदेशाध्यक्ष ने किसानों से कहा कि इन मुकदमों से डरना नहीं है और 25 अक्टूबर को दशहरा वाले दिन रावण की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला ब्लॉक स्तर पर जलाना है।

---

# नवरात्र की धूम, मंदिरों में कोविड-19 नियमों का पालन



नवरात्र को देखते हुए सजाया गया मंदिर।

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**पहले** नवरात्रे की शनिवार को घर-घर में धूम दिखाई दी। लोगों ने कोरोना के बावजूद जोश के साथ सामान की खरीददारी की तथा घरों में घट की स्थापना कर वृत रखे। लोगों ने मंदिरों में जाकर मां अंबे की मूर्ति के समक्ष मत्था टेका और मनौती मांगी। मंदिरों में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखते हुए लोगों को पूजा के लिए भेजा गया।

शनिवार की पहली पूजा के साथ ही नवरात्रों की शुरुआत हो गई। नवरात्रों को देखते हुए बाजारों में अच्छी खासी रौनक रही, लेकिन खरीदारी कमजोर रही। मंदिरों को भी सजाया था। आज सुबह से ही मंदिरों में लोगों की भीड़ जमा थी, लेकिन पुजारियों द्वारा कोरोना को देखते हुए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा 2याल रखा गया था। मंदिरों के बाहर सैनेटाईजर की भी व्यवस्था की गई थी।

भक्तों को मंदिरों में घंटा बजाने की इजाजत नहीं दी गई थी। इसके अलावा महिलाओं ने घरों में घट स्थापना की तथा मां शैलपुत्री की आराधना की। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिए मंदिरों के बाहर पुलिस की भी व्यवस्था की गई। नवरात्रों के चलते फलों के दाम में बड़ा उछाल देखा गया। 40 रुपये प्रति दर्जन मिलने वाले केले का भाव आज 50 से 60 रुपये तक पहुंचा। इसके अलावा माता को सजाने का सामान व प्रसाद के दाम भी आसमान छूते दिखाई दिए।





---

## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में करनाल रहा प्रथम

**करनाल।** राज्य स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में परचम लहराकर लौटे एसके मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों का करनाल में स्वागत किया। अकादमी के खिलाड़ियों ने टीम ट्राफी पर कब्जा कर करनाल का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन की ओर से खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के वाइस चेयरमैन एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र गौरसी ने शिरकत की। कार्यक्रम के आयोजक एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश कुमार राणा ने नरेंद्र गौरसी का स्वागत किया। अतिथि ने सभी बच्चों को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट, फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया।

---

# विधायक रामकरण के चेयरमैन बनने से शुगर मिलों व गन्ना उत्पादकों को मिलेगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



चेयरमैन बनने पर विधायक रामकरण को बधाई देते जजपा युवा के जिलाध्यक्ष जसविंदर सिंह खैहरा।

**जननायक** जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष जसविंद्र सिंह खैहरा ने शाहाबाद के विधायक रामकरण को शुगर फैड हरियाणा का चेयरमैन बनाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार भी जताया। खैहरा ने कहा कि रामकरण जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं और जमीनी हकीकत को समझते हैं।

ऐसे में हरियाणा के शुगर मिलों को रामकरण काला के नेतृत्व का फायदा मिलेगा। रामकरण के चेयरमैन बनने से शुगर मिल जहां फायदे में चलेंगें, वहीं गन्ना उत्पादकों को भी लाभ होगा। जसविंद्र सिंह खैहरा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा-जजपा सरकार में आमजन को हर सुविधा मिल रही है। किसानों की फसलों को उचित दाम मिल रहे हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की सोच आमजन से मेल खाती है ऐसे में लाजमी ही सरकार का आमजन को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला व दिग्विजय चौटाला हमेशा से ही जमीन से जुड़े रहे हैं, इसलिए वे हमेशा ही आम लोगों के मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। उनकी इसी सोच के कारण ही जमीन से जुड़े लोगों को सरकार में स्थान देने का कार्य किया गया है। कुरुक्षेत्र जिले से शाहाबाद के जजपा विधायक रामकरण को शुगर फैड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। खैहरा ने कहा कि रामकरण की पहुंच शाहाबाद के जन-जन तक है। वे हर वक्त लोगों की समस्याओं का निदान करने का कार्य करते हैं।

---

# 15 साल बाद फिर से लगेंगे डीटीओ के नाके

## नए डीटीओ को 250 दलालों की दुकानें बंद कराने का लक्ष्य

## अब पीपीपी मॉडल पर चलेगी शहरों में पार्किंग

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने करीब 15 साल बाद प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट अथारिटी (आरटीए) के पद समाप्त करते हुए दोबारा डीटीओ की तैनाती को मंजूरी प्रदान कर दी है। चौटाला सरकार में परिवहन विभाग इसी प्रणाली पर काम करता था।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके बिचौलिये न केवल सरकार को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि इससे पब्लिक को भी नुकसान होता है। अब डीटीओ पूरी तरह से स्वतंत्र होंगे। सभी 22 जिलों में डीटीओ के दफ्तर भी अलग होंगे और उन्हें कोई अतिरिक्त काम नहीं दिया जाएगा।

सीएम ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी आईएएस-एचपीएस के अलावा आईपीएस-एचपीएस, फोरेस्ट या अन्य किसी विभाग के अधिकारी भी नियुक्त किए जा सकेंगे। किसी भी क्लास-वन अधिकारी को यह जिम्मा सौंपा जा सकता है।

सीएम ने कहा कि सरकार के पास ऐसे ढाई सौ लोगों की सूची है जो इस समय जिलों में परिवहन विभाग के कामों को लेकर बिचौलिया बनकर दलाली कर रहे हैं। यह सूची नए नियुक्त होने वाले सभी डीटीओ को दे दी जाएगी, ताकि वह अपने कार्यालय में इनका प्रवेश बैन करें।

जरूरत पड़ी तो बिचौलियों की सूची सभी जिला परिवहन अधिकारियों के दफ्तरों के बाहर चस्पा की जाएगी ताकि इनके बारे में आम लोगों को भी पता लग सके।

### डीटीओ करेंगे गलत पार्किंग के चालान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शहरों में वाहनों की पार्किंग को लेकर आ रही समस्या का समाधान करने का जिम्मा भी डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट ऑफिसरों के जिम्मे होगा। शहरी स्थानीय निकायों तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण अभी तक पार्किंग का काम देख रहा था, लेकिन अब जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय इसे संभालेंगे। दोनों ही विभागों से पार्किंग की जगह भी ट्रांसफर होगी। सरकार पीपीपी मॉडल पर पार्किंग स्थल बनाएगी ताकि लोगों को गाड़ियों की पार्किंग में किसी तरह की दिक्कत न आए। शहरों में पार्किंग पेड होगी।

उन्होंने बताया कि गलत पार्किंग के चालान काटने का काम अभी तक पुलिस के पास था लेकिन अब यह काम भी डीटीओ करेंगे। इसी तरह से शहरों में ट्रांसपोर्ट नगरों की देखरेख और नये नगरों की स्थापना भी आगे से डीटीओ ही करेंगे। ट्रांसपोर्टरों के लिए सभी केंद्र एक ही जगह पर होंगे। प्रदेश में कमर्शियल वाहनों की संख्या सवा एक लाख के लगभग है। इन्हें संभालने का काम भी अब डीटीओ को सौंपा है।

सीएम ने कहा कि डीटीओ दफ्तरों में नया स्टॉफ भर्ती होगा। वर्तमान में कुल 627 अधिकारियों व कर्मचारियों का स्टॉफ जिलों में है। नई भर्ती होने तक दूसरे विभागों से प्रतिनियुक्ति पर स्टॉफ लगाया जाएगा ताकि ट्रांसपोर्ट विभाग का काम बाधित न हो।

---

# संक्षिप्त समाचार

## नाटक गो कोरोना गो में लोगों को दिया बचाव का संदेश



**कुरुक्षेत्र।** कोरोना महामारी के चलते ऑनलाईन वर्चुअल कार्यक्रम की श्रृंखला में नुक्कड़ नाटक गो कोरोना गो की आनलाइन प्रस्तुति कराई गई। कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी थियेटर तान्या जीएस चौहान के दिशानिर्देश अनुसार कुरुक्षेत्र के न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों ने विकास शर्मा का लिखा व निर्देशित नाटक मंचित किया। जिसमें कोरोना महामारी के दौरान समाज पर हुए प्रभाव को बखूबी दिखाया। गौरतलब है कि विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव धीरा खण्डेलवाल तथा निदेशक यशेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग प्रदेश को एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित कर विभाग द्वारा न केवल प्रतिष्ठित कलाकारों को सम्मान दिया गया है, अपितु उभरते कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया है। आनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए जाने की कड़ी में नाटक गो कोरोना गो का मंचन किया। साजन कालड़ा, गौरव दीपक जांगड़ा, राजीव कुमार, चंचल शर्मा, विकास शर्मा, नितिन, गोविंदा, संजय तथा चमन आदि कलाकारों के अभिनय से सजे नाटक में मीडिया, पुलिस और चिकित्सकों के समर्पण को बखूबी दिखाया गया। कोरोना से बचाव के लिए भी लोगों को प्रेरित किया। नाटक में एक ओर जहां कलाकारों का अभिनय लाजवाब रहा, वहीं दूसरी ओर नाटक के गीत मनभावन रहे।

## बीएससी होम साइंस में जीवीएम की छात्राएं बनी यूनिवर्सिटी टॉपर



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा घोषित बीएससी होम साइंस के पहले व तीसरे और चौथे सैमेस्टर में टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। कालेज छात्रा अंजलि व मधु तथा डिंपल ने क्रमशः पहले व तीसरे तथा चौथे सैमेस्टर में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस चमत्कृत प्रदर्शन के लिए संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जीवीएम की बीएससी होम साइंस की प्राध्यापिका मोनिका ने परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीएससी होम साइंस के पहले, तीसरे व चौथे सैमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। कालेज की 25 छात्राओं ने तीनों सैमेस्टरों के अंतर्गत विश्वविद्यालय की टॉप-50 सूची में नाम दर्ज कराया है। इस मौके पर बीएससी होम साइंस की प्राध्यापिका मोनिका तथा एकता और लक्ष्मी ने टॉप-50 सूची में नाम दर्ज करवाने वाली सभी छात्राओं को बधाई दी है।

## 31 तक गन्ना किसान कर सकते हैं आवेदन : मनीष वत्स

**असन्ध।** गन्ना तकनीकी उद्देश्य परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में गन्ने की नोटिफाइड सिफारिश की गई किस्मों को प्रोमोशन ऑफ वाईड रॉ विद इंटरक्रोपिंग, सिंगल बड प्लांटेशन, ट्रैश मल्चिंग व रिंग पिट मैथड ऑफ प्लांटेशन विधियों से गन्ने की बिजाई करते हुए प्रदर्शन प्लाट लगाने के लिए असंध क्षेत्र के किसानों को अनुदान राशि दी जानी है। यह जानकारी सहायक गन्ना विकास अधिकारी मनीष कुमार वत्स ने दी। उन्होंने बताया कि इस स्कीम का लाभ लेने के लिए गन्ने की बिजाई के प्रदर्शन प्लाट लगाने के इच्छुक किसान कृषि और किसान कल्याण विभाग की वेब साइट लिंक पर अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक कर सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश उपरोक्त साईट पर उपलब्ध है। मौके पर कृषि विकास अधिकारी डॉ. श्याम सिंह व कृषि निरीक्षक दिनेश कुमार मौजूद थे।

## थाली में उतना ही भोजन लें जितना खा सकें : अंकित गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लायर्स फौरम के हरियाणा स्टेट के जनरल सेक्रेटरी एवं हरियाणा प्रदेश अग्रवाल वैश्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अंकित गुप्ता ने विश्व खाद्य दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें भोजन का आदर करें। अपनी थाली में उतना ही भोजन लेना चाहिए, जितना हम खा सकें और भोजन को व्यर्थ होने से बचाना चाहिए। ऐसा करके हम सभी खाद्य दिवस मनाने की योजना को सार्थक बना सकते हैं। अंकित गुप्ता ने बताया कि दिनचर्या में हम सब्जी के छिलके व बचा हुआ भोजन आदि बाकी कचरे से अलग रखकर पशुओं को दे सकते हैं, जिससे वह व्यर्थ नहीं जाएगा। अंकित गुप्ता ने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, लेकिन यहां भी भूख के कारण लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक आंकड़े के मुताबिक देश में 5 साल से कम उम्र के लाखों बच्चे हर साल कुपोषण का शिकार होकर मर जाते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए हम सभी भारतवासियों की एक नैतिक जिम्मेवारी बन जाती है कि हम अपने अन्न को व्यर्थ न जाने दें। गुप्ता ने कहा कि यदि हम प्रतिदिन की दिनचर्या में अपने भोजन को बचाएंगे और खराब नहीं होने देंगे और जरूरत का ही लेंगे, तो हम सूखे राशन के तौर पर गरीब व जरूरतमंद की मदद भी कर सकते हैं। इसलिए उन्होंने सभी से भोजन को व्यर्थ ना करने की अपील की, ताकि कोई भुखमरी का शिकार कोई ना हो।

## त्योहारों के दौरान विशेष सावधानी बरतें आमजन : उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि स्वयं की सजगता ही कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव का सशक्त माध्यम है। किसी भी रूप से कोरोना संक्रमण का फैलाव न हो पाए, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। आमजन का भी यह दायित्व बनता है कि वे सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन प्रभावी ढंग से करें। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि आमजन ने काफी हद तक स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना से बचाव में अपना योगदान दिया है। कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के लिए जन आंदोलन के रूप में अभी भी सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी है और कोरोना संक्रमण की चेन तोड़कर कर देश को कोरोना मुक्त करने में अपना योगदान देना है। आगामी दो माह में अनेक पर्व आ रहे हैं, ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे त्योहार के अवसर पर निर्धारित नियमों का पालन करें।

## पुलिस उपस्थिति दिवस मनकर लोगों को कराया सुरक्षा का अहसास



**रेवाड़ी।** पुलिस ने शनिवार को पुलिस उपस्थिति दिवस मनाकर लोगों को उनके सुरक्षित होने का अहसास कराने का प्रयास किया। पुलिस कर्मचारियों ने बाजारों में पेट्रोलिंग की और सुबह 9 से दोपहर बाद 3 बजे तक घूमकर लोगों से अनावश्यक घर से बाहर नहीं घूमने का आग्रह किया। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक जोरवाल के निर्देश पर पुलिस कर्मचारियों ने बाजारों में पैदल घूमकर पेट्रोलिंग की। पुलिस ने अभियान को पुलिस उपस्थिति दिवस के रूप बताते हुए कहा कि इस प्रकार से बाजारों में घूमने का उद्देश्य आमजन को यह अहसास कराना है कि पुलिस उनके साथ हैं और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। ऐसा करने से कमजोर वर्ग के बीच सुरक्षा की भावना पैदा होगी तथा कानून व्यवस्था भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस उपस्थिति दिवस के तहत पुलिस के हर समय आमजन के साथ खड़ा होने का संदेश दिया गया है।

# ओलिंपिक पदक का सपना पूरा करेगा स्पोर्ट्स विवि

## राजधानी में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और सुविधाओं से प्रतिभा निखारेंगे युवा: मनीष सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


मुंडका गांव में प्रस्तावित खेल विश्वविद्याल की जमीन के निरीक्षण उपमुख्यमंत्री सिसोदिया।

देश के लिए ओलिंपिक पदक जीतने का सपना पूरा करेगी दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी। युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं और प्रशिक्षण मिलेगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को मुंडका गांव में प्रस्तावित खेल विवि की जमीन के निरीक्षण के दौरान यह बात कही।

साथ ही अधिकारियों संग स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की बारीकियों पर बातचीत की। मनीष सिसोदिया ने कहा है कि दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खेल की दुनिया में देश का नाम रोशन करेगी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चाहते हैं कि युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं एवं प्रशिक्षण प्रदान करें। अगर हमने ऐसा कर दिखाया तो खेल प्रतिभाएं भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अधिक से अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली विधानसभा में उन्होंने पिछले साल ही दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी विधेयक पारित करा लिया है।

कोरोना संकट के कारण काम बाधित हुआ है लेकिन अब इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं क्योंकि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में छात्रों और युवाओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराना उनका लक्ष्य है। कोशिश है कि इस यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षण और सुविधाओं का स्तर इतना उच्चकोटि का हो कि अच्छी से अच्छी खेल प्रतिभाएं भी यहां आकर अपनी प्रतिभा को और निखार सकें।

एक बार यह सपना साकार होते ही आगामी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक गोल्ड मैडल लाने में भारत को दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक पाएगी।

इस विवि का मकसद खेल के साथ ही स्वास्थ्य और व्यायाम इत्यादि के क्षेत्र में स्तरीय प्रशिक्षण, अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देना है। सरकार स्पोर्ट्स के क्षेत्र में पढ़ाई लिखाई के साथ प्रशिक्षण को मल्टी डिसिप्लिनरी बनाना चाहते हैं ताकि स्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स को रोजगार का अवसर मिल सकें।

यह देश के विश्वविद्यालय खेलों को लोकप्रिय बनाते हुए इसके माध्यम से जन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा।

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब, प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता शनिवार को खराब श्रेणी में दर्ज की गई और वातावरण में कुल पीएम 2.5 कणों में से 19 फीसदी पराली जलाने की वजह से आए हैं, जो पहले के मुकाबले बढ़ गए हैं।

प्रदूषण तत्वों में पीएम 2.5 के कुल कणों में से शुक्रवार को 18 फीसदी पराली जलाने के कारण आए, जबकि बुधवार को करीब एक फीसदी और मंगलवार, सोमवार तथा रविवार को करीब तीन फीसदी कण पराली जलाने के कारण वातावरण में आए थे। शहर में 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 286 दर्ज किया गया। शुक्रवार को यह 239, बृहस्पतिवार को 315 दर्ज किया गया जो इस वर्ष 12 फरवरी के बाद से सबसे ज्यादा खराब है, तब एक्यूआई 320 था। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी एवं मौसम पूर्वानुमान तथा अनुसंधान प्रणाली (सफर) के मुताबिक हरियाणा, पंजाब और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित क्षेत्रों में शनिवार को पराली जलाने की 882 घटनाएं हुईं। इसमें बताया गया कि पीएम 2.5 प्रदूषक तत्वों में पराली जलाने की हिस्सेदारी शनिवार को करीब 19 फीसदी रही। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली ने कहा है कि वायु संचार सूचकांक शनिवार को 10,000 वर्गमीटर प्रति सेकेंड रहा।

### ईंट के भट्ठों पर निगरानी रखने का निर्देश

**नई दिल्ली।** एनजीटी ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अवैध ईंट भट्ठों पर नजर रखे। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दिल्ली एनसीआर के आसपास की हवा में सर्दियों और गर्मियों में पीएम10 के प्रसार में करीब पांच से सात प्रतिशत की हिस्सेदारी ईंट भट्ठा उद्योग की है। पीठ में न्यायमूर्ति एस पी वांगडी भी शामिल थे। पीठ ने कहा, उत्तर प्रदेश के संबंधित अधिकारी अवैध ईंट भट्ठों पर नजर रख सकते हैं ताकि एनसीआर में वायु की गुणवत्ता को अच्छी श्रेणी में रखा जा सके।

# बुजुर्गों को घर पर ही मिलेंगी डॉक्टरों की सेवाएं

**योजना नई दिल्ली जिले में**

- आरडब्ल्यूए व अन्य संगठनों के साथ मिलकर 500 रसगुल्ला क्लब बनाने की योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कोविड-19 महामारी के दौरान नई दिल्ली जिले के वरिष्ठ नागरिकों को अब घर पर ही मनोचिकित्सकों, डॉक्टरों, कानूनी विशेषज्ञों की सेवाएं तथा प्रशासनिक मदद मिलेगी।

इस उद्देश्य के लिए प्रशासन एक विशेष केंद्र स्थापित कर रहा है। नोडल अधिकारी, डॉ. नितिन शाक्य ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य नई दिल्ली जिले में करीब 60,000 वरिष्ठ नागरिकों को समग्र सहयोग उपलब्ध कराना है। शाक्य ने कहा कि हसगुल्ला हेल्पलाइन शुरू की जा रही है, जिसके जरिए मेडिकल सहायता, मनोचिकित्सकीयपरामर्श, प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण और शतरंज एवं कैरम जैसे खेलों की सुविधाएं वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

इस पहल के तहत नई दिल्ली जिले में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और अन्य संगठनों के साथ समन्वय कर करीब 500 हसगुल्ला क्लब स्थापित किए जाने की योजना है। इन क्लबों में वरिष्ठ नागरिकों को प्रशासन द्वारा सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। शाक्य ने यह भी बताया कि पहला हसगुल्ला क्लब नारायणा इलाके में स्थापित होगा।

उन्होंने कहा, हम अधिक संख्या में वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क करने के लिए आरडब्ल्यूए के सहयोग से व्हाट्सएप ग्रुप भी बना रहे हैं।

### नए कॉलेज खोलने की बात सिर्फ नया शिगूफा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** अंग्रेजों के बनाए कानून बदलने और नए कॉलेज व विश्वविद्यालय खोलने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर प्रदेश कांग्रेस ने निशाना साधा है।

दिल्ली कांग्रेस पार्टी नेता ने कहा कि नए कॉलेज खोलने की बात करना सीएम का नया शगूफा है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा आम आदमी पार्टी ने अपने वर्ष 2015 के चुनाव घोषणा पत्र में नए खोलने का वायदा किया था लेकिन अब नए कॉलेज खोलने के लिए अंग्रेजों के जमाने पुराने कानून की बाधा बताकर अपने दूसरे कार्यकाल में भी नए कॉलेज यूनिवर्सिटी खोलने की अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते है।

# फूड बाजार व दिव्यांग पार्क समेत 3 परियोजनाएं शुरू

- गाजियाबाद को बनाना है विश्वस्तरीय शहर: वीके सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



मंच पर मौजूद अतिथि

सिक्किम की राजधानी गैंगटॉक की तर्ज पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर में विकसित किए गए व्हीकल फ्री जोन फूड बाजार का लोकार्पण शनिवार की शाम को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने फीता काटकर एक समारोह में किया। इससे पहले सिंह ने इंदिरापुरम में दिव्यांग पार्क तथा राजनगर एक्सटेंशन में नंदी गौशाला का भी लोकार्पण किया।

इन तीनों परियोजनाओं पर 10.89 करोड़ की लागत आई है। इस अवसर पर जनरल वीके सिंह ने आरडीसी में आयोजित समारोह में कहा कि गाजियाबाद को हम विश्व स्तरीय शहर बनाना चाहते हैं। इसमें जीडीए की भूमिका अहम है। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल, विधायक सुनील शर्मा, मेयर आशा शर्मा, नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर, जीडीए सचिव संतोष राय तथा ओएसडी संजय कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### राजनगर एक्सटेंशन में बनेगा नंदपार्क

इस अवसर पर जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने बताया कि फूड बाजार देर रात्रि तक खुलेगा इंदिरापुरम में जो दिव्यांग पार्क बनाया गया है वहां दिव्यांग बच्चों का बिना बाधा के सर्वांगीण विकास हो सकेगा। इसके अलावा राजगर एक्सटेंशन में नंदपार्क गौशाला का निर्माण किया गया है जिसमें 13 गौवंश एक साथ निवास कर सकेंगे। राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने जीडीए अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश की राजधानी दिल्ली के समीप होने के कारण गाजियाबाद शहर का महत्व इन परियोजनाओं के पूरा होने से और बढ़ गया है।

# संजय भाटी समेत 15 पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**बाइक बोट फर्जीवाड़ा**

- 16 आरोपी जेल में बंद, 22 अभी भी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

करोड़ रुपये के बाइक बोट फर्जीवाड़े के मुख्य आरोपी संजय भाटी समेत 15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में दादरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ितों द्वारा अब तक 57 मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों पर शिंकजा कसना शुरू कर दिया है। फिलहाल 16 आरोपी जेल में बंद हैं और 22 फरार चल रहे हैं। फर्जीवाड़े के आरोपियों की गिरफ्तारी व पैसा वापस दिलाने की मांग को लेकर कई निवेशक लगभग 18 माह से दादरी क्षेत्र के कोट गांव स्थित कंपनी के मुख्य कार्यालय पर धरना दे रहे हैं।

ज्ञात हो कि गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड बाइक बोट के नाम से कंपनी बनाकर किराये पर टैक्सी बाइक लगाने के नाम पर उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू, गुजरात, राजस्थान सहित कई अन्य राज्यों में एक लाख से अधिक लोगों से ठगी की है। फर्जीवाड़ा का खुलासा होने पर वर्ष 2019 में राजस्थान के जयपुर निवासी सुनील मीणा ने दादरी कोतवाली में पहला मुकदमा दर्ज कराया था।

इसके बाद एक. एक पीड़ित सामने आते चले गए। गौतमबुद्धनगर पुलिस और मेरठ ईओडब्ल्यू व नोएडा एसटीएफ इस मामले में अब तक कंपनी के मालिक व मुख्य आरोपी संजय भाटी समेत 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि 22 आरोपी अभी भी फरार हैं। आरोपियों पर शिंकजा कसते हुए पुलिस ने 15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# फिल्म सिटी: यमुना प्राधिकरण ने कंपनियों से मांगे प्रस्ताव

- डीपीआर रिपोर्ट तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी की फिल्म जिबिल्टी रिपोर्ट व डीपीआर तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यमुना प्राधिकरण ने इसके लिए विभिन्न कंपनियों से प्रस्ताव मांगे हैं। इस संबंध में शुक्रवार को आरएफपी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दिया गया। इच्छुक कंपनियां अगले 15 दिन तक अपने प्रस्ताव दे सकेंगी।

प्राधिकरण एक माह में कंपनी का चयन कर लेगा। चयनित कंपनी ही बताएगी कि किस फ इनेंशल मॉडल पर फिल्म सिटी का निर्माण किया जाए और इसमें क्या. क्या प्रावधान होंगे। बता दें कि बॉलीवुड और हॉलीवुड की बेहतरीन सुविधाओं का अध्ययन कर डीपीआर में शामिल किया जाएगा। प्रदेश की योगी सरकार यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर.21 में एक हजार एकड़ जमीन पर फिल्म सिटी बनाने जा रही है।

सरकार से मंजूरी मिलने के बाद इस महत्वपूर्ण परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। शासन ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह से आगे की कार्यवाही करने को कहा है। इस संबंध में बृहस्पतिवार को ही शासन का एक पत्र मिला है।

## संक्षिप्त समाचार


कोविड-19 व कानून व्यवस्था की समीक्षा करते पुलिस आयुक्त व अन्य

### कोविड–19 व सुरक्षा को लेकर पुलिस की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** आगामी त्यौहारी मौसम में कानून व्यवस्था और कोविद के बढ़ते मामले के बीच दिल्ली पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव ने अपने अधिनस्थ अधिकारियों संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। पिछले दिनों उल्लेखनीय काम करने पर दक्षिण पश्चिम, बाहरी और दक्षिण पूर्व जिलों के कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो कि दक्षिण-पश्चिम जिले की टीम ने शामली (यूपी) के अंतरराज्यीय हथियार आपूर्तिकर्ता अमीर अहमद को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 5 पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए। केस का खुलासा करने वाले इंस्पेक्टर राजेश मलिक, एसआई गौतम समेत कई कर्मियों के लिए पुरस्कृत किया।

### भगवान कृष्ण के लिए अनूठे वस्त्र बनाएंगे छात्र

**नई दिल्ली।** द्वारका स्थित इस्कॉन मंदिर युवाओं को जोड़ने की नई पहल की है। राधा-कृष्ण की भक्ति के लिए समर्पित कार्तिक महीने को और आकर्षक बनाने के लिए छात्रों के बीच ड्रेस अप कृष्ण प्रतियोगिता आयोजित की है। इससे उनकी रचानात्मकता सामने आएगी और वे भगवान द्वारकाधीश के लिए खूबसूरत वस्त्र बना सकेंगे।प्रतियोगिता दो चरणों में होगी, पहले चरण में वस्त्र का स्केच या शुरुआती ड्राफ्ट जजों के सामने भेजा जाएगा। जजों में पर्ल अकेडमी के अध्यापक एवं इस्कॉन द्वारका के सदस्य शामिल होंगे। दूसरे चरण में पूरी तरह से डिजाइन एवं तैयार किए हुए वस्त्रों का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रतियोगिता में 30 विजेता और 3 सर्वोच्च विजेता चुने जाएंगे। मंदिर के प्रमुख ने कहा यदि आज की गतिविधियों में युवाओं को शामिल नहीं करेंगे, तो भविष्य में आस्था एवं परंपराओं पर भरोसा नहीं करने के लिए उन्हें दोष भी नहीं दे सकते।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित किए जाएंगे पुलिसकर्मी : जिलाधिकारी

**नोएडा।** नोएडा शहर में महिलाओं की सुरक्षाए सम्मान और स्वावलम्बन के लिए बड़ा अभियान शुरू किया गया है। महिलाओं में जागरूकता लाने के लिए डीएम कैंप कार्यालय पर नोएडा विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी और गौतमबुद्ध नगर की नोडल अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत की है।

यह अभियान का प्रथम चरण 25 अक्टूबर तक चलेगा। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि स्कूलों, नगर पालिकाओं और शहरों में रैली। एलईडी प्रचार वैन के माध्यम से लोगों को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं और युवतियों को भी उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि महिला शक्ति अभियान के तहत पुलिस, शिक्षा विभाग, औद्योगिक विभाग सहित सभी विभागों को एक संयुक्त कार्य योजना बनाने को कहा गया है।



जागरुकता वैन को हरी झंडी दिखाती मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी।

# निर्माणाधीन साइट पर दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी नगर के रेलवे रोड स्थित प्रताप विहार कालोनी में निर्माणाधीन साइट पर दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई। हादसा जेसीबी से खुदाई होने के कारण हुआ।

मजदूर करीब एक सप्ताह से साइट पर काम कर रहे थे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर उनके परिजनों को सूचना दे दी है। मृतक की पहचान प्रेम और शिवम के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के बिरौंड़ी गांव के रहने वाले पूर्व प्रधान शिव कुमार द्वारा दादरी नगर के रेलवे रोड प्रताप विहार कालोनी में एक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है।

जेसीबी से दीवार के बराबर दूसरी दीवार की खुदाई कराई जा रही थी। अचानक दीवार गिर गई एजिसकी चपेट में आने से प्रेम व शिवम नाम के दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने दोनों को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया,जहां डॉक्टरों ने प्रेम और शिवम को मृत घोषित कर दिया।

# आठ माह बाद कल से खुलेंगे एनसीआर के स्कूल

- तैयारियां पूरी, अभिभावकों की लिखित अनुमित पर मिलेगा प्रवेश, मास्क लगाकर आना होगा स्कूल


फाइल फोटो

**विभू मिश्रा।** गाजियाबाद

कोरोना काल के बीच मार्च माह से बंद पड़े विद्यालयों में कल यानी सोमवार से शिक्षण कार्य शुरू होगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोरोना गाइडलाइन का पालन कराते हुए शिक्षण कार्य कराया जाएगा। शनिवार को शहर के अधिकांश स्कूलों व कॉलेजों में सैनिटाइजिग अभियान चलाया गया।

कोविड हेल्प डेस्क भी बनाई गई। सरकार से आदेश मिलने के बाद अब कल से शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी पढ़ने के लिए आने लगेंगे, लेकिन इसके लिए अभिभावकों द्वारा लिखित में अनुमति स्कूल प्रबंधन को देनी होगी। इसको लेकर स्कूल प्रबंधन की तरफ से पहले ही अभिभावकों को जानकारी दे दी गई।

शनिवार को सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गईं। प्रत्येक कक्षा में सैनिटाइजर का छिड़काव कराया गया। इसके अलावा कालेज के प्रवेश द्वार पर ही कोविड हेल्प डेस्क बनाई गई। जहां थर्मल स्कैनर व सैनिटाइजर की व्यवस्था कराई गई है। प्रत्येक कक्षा में पचास फीसद छात्रों के बैठने की ही व्यवस्था होगी। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी स्कूलों में शासनादेशों के मुताबिक व्यवस्था की गई है। कैम्पस में एंट्री से पहले गेट पर ही पहले प्रत्येक छात्र की थर्मल स्क्रीनिग होगी।

इसके अलावा प्रत्येक छात्र को अपने साथ मास्क व पानी की बोतल भी लाना अनिवार्य होगा। अभी कक्षा नौ से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं ही शुरू की जा रही हैं। शिक्षक भी मास्क व फेस शिल्ड लगाकर ही शिक्षण कार्य कराएंगें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अभिभावकों से अनुमति पत्र प्राप्त होने के बाद ही छात्र को कक्षा में जाने की अनुमति मिलेगी।

### आईजीआई पर दो विदेशी तस्कर गिरफ्तार, 1.1 करोड़ रु की दवा जब्त

**नई दिल्ली।** सीमाशुल्क अधिकारियों ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन पर 1.13 करोड़ रुपए मूल्य की दवाओं की कथित रूप से तस्करी करने की कोशिश कर रहे दो अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि आरोपियों को बृहस्पतिवार को उस समय पकड़ा गया जब वे काबुल की एक उड़ान में सवार होने जा रहे थे।

उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से दवाओं के आठ बैग जब्त किए गए जिनका मूल्य 1.13 करोड़ रुपए है। ये दवाएं सामान्य इस्तेमाल वाली हैं। अधिकारियों के अनुसार अफगान नागरिकों ने पहले की अपनी यात्राओं में 19 लाख रुपए के कपड़े और दवाओं की तस्करी करने की बात कबूल की है।

# आर्थिक संकट से जूझ रहे एमसीडी के डॉक्टर

- किसी के सामने बच्चों की फीस तो किसी को ईएमआई देने में दिक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कई डॉक्टरों को वेतन न मिलने से उन्हें वित्तीय संकट से जूझना पड़ रहा है। कस्तूरबा अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मारुति सिन्हा ने कहा कि उनके बेटे ने चिकित्सा की पढ़ाई के लिए कॉलेज की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है लेकिन वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए वह उसकी पढ़ाई का खर्च उठा पाएंगी या नहीं इस पर संशय है। उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा संचालित हिंदू राव, कस्तूरबा और राजेन बाबू टीबी अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें वेतन नहीं मिला है और अब वह तनाव तथा वित्तीय परेशानियों से जूझ रहे हैं।

इन तीनों अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टरों ने जंतर मंतर पर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया था जिसमें डॉ सिन्हा ने भी भाग लिया। सिन्हा ने कहा, हम डॉक्टर हड़ताल पर नहीं जाना चाहते। यह अंतिम विकल्प होता है उन्होंने कहा, मैं स्थाई डॉक्टर हूं और हमारी मांग पूरी न होने पर म्युनिसिपल कार्पोरेशन डॉक्टर एसोसिएशन ने सोमवार से अनिश्चितक ालीन हड़ताल पर जाने का आह्वान किया है। रेजिडेंट डॉक्टरों को कम से कम जुलाई का वेतन मिला, लेकिन हमें तीन महीने से कुछ नहीं मिला। सिन्हा एमसीडीए की महासचिव हैं।

स्वामी दयानंद अस्पताल के डॉ के पी रेवानी ने कहा, वेतन के बिना हमारी सारी योजनाएं रुक गई हैं। ईएमआई, कर्ज का भुगतान, कार के ऋण का भुगतान, घर का ऋण, यह सब कैसे चुकाएंगे? एमसीडीए के अध्यक्ष आर आर गौतम ने कहा कि समाज उन्हें भगवान मानता है लेकिन लोगों को समझना चाहिए कि डॉक्टर भी इंसान होते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# बैंडबाजे और डीजे मालिकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

नरेश कुमार। सोहना

**कोरोना** काल में आठ माह के बाद शादियों में बैंड-बाजों, डीजे, ढोल और शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। 25 नवंबर से 10 दिसम्बर के बीच होने वाली शादियों में दुल्हे के आंगन से लेकर दुल्हन के घर सहनाइयां बजाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बैंड-बाजों, डीजे, घोड़ा-बग्गी, ढोल और शहनाइयां बजाने वालों ने मांग बढ़ने पर अपनी कीमतें दो से तीन गुणा बढ़ा दी हैं।

कोरोना काल में पिछले आठ माह से रोजी-रोटी को लेकर परेशान बैंड-बाजे, डीजे, घोड़ा-बग्गी संचालकों, ढोल और शहनाई वादकों के चेहरे मुरझा गए थे। अनलॉक-5 में प्रशासन से सामाजिक दूरी

### 25 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच है शादियों का शुभ मुहूर्त

### बैंड-बाजे, डीजे, घोड़ा-बग्गी संचालकों ने दो गुणा तक बढ़ाए दाम

नियमों का पालन करते हुए शादियों में शहनाई बजाने की अनुमति दे दी गई है। 25 नवंबर से 10 दिसम्बर के बीच शादियों का मुहूर्त निकला है। वैसे ही बैंड-बाजों से लेकर डीजे, घोड़ा-बग्गी मालिकों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।



### दो से तीन गुणा दाम में हो रही बुकिंग

**बैंड-बाजा** मालिकों, डीजे, घोड़ा-बग्गी और शहनाई पार्टियों की बुकिंग करने वाले मालिकों ने मांग बढ़ते देख अपने रेट दो से तीन गुणा तक बढ़ा दिए हैं। जिससे शादियां करने वालों को भारी पड़ रहा है। भारत भूषण का कहना है कि जो बैंड बाजा 20 से 25 हजार रुपये में होता था। वह आज 50 से 60 हजार रुपये मांग रहा है। वैसे ही डीजे की बुकिंग पांच हजार से 25 हजार रुपये तक पहुंच गई है। हलवाइयों ने भी अपनी बुकिंग 25 से 45 हजार रुपये कर दी है।

### 25 नवंबर को सबसे ज्यादा शादियां

**वर्ष** 2020 में होने वाली शादियों में 25 नवंबर को सबसे ज्यादा शादियां हैं। जिसके लिए बैंड-बाजों, डीजे, घोड़ा-बग्गी, शहनाई मालिक और हलवाइयों ने बुकिंग पूरी कर ली है। सोहना और आस पास के गांवों में 25 नवंबर को करीब 200 शादियां होंगी। जबकि इस दिन हर वर्ष अधिक से अधिक 50 शादियां होती रही हैं। ज्योतिषी चमनपुरी ने बताया कि 25 नवंबर को (देव उठनी ग्यास) जिस लड़का-लड़की की शादी का संजोग नहीं बनता है वह इस दिन तय कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि लॉकडाउन काल में जो शादियां रद्द हो गई थीं। उन्हें अभिभावक इस देवी उठनी ग्यास को कर रहे हैं।

### किसने कितने बढ़ाए दाम

| साज-बाज | लॉकडाउन से पहल | लॉकडाउन के बाद |
|---|---|---|
| बैंड-बाजा | 20-25 | 40-45 हजार |
| घोड़ा-बग्गी | 15-20 | 35-40 हजार |
| ढौल | 05-07 | 11-15 हजार |
| डीजे | 05-10 | 20-30 हजार |
| टेंट हाउस | 30-40 | 60-80 हजार |
| हलवाई | 20-25 | 50-55 हजार |
| शहनाई | 08-10 | 20-25 हजार |

# प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों के सीवर पानी के काटे कनेक्शन

### जोन-4 क्षेत्र की सेक्टर 31 मार्केट में दो दुकानों के काटे गए सीवर-पानी कनेक्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को 2 प्रॉपर्टी मालिकों के सीवर-पानी कनेक्शन काटे गए।

शनिवार को जोनल टैक्सेशन ऑफिसर देवेंद्र कुमार के निर्देश पर टैक्स इंस्पेक्टर पंकज सलूजा व उनकी टीम सेक्टर-31 मार्केट पहुंची। यहां पर दुकान नम्बर- 151 व 174 पर क्रमश: 115691 रुपये व 188455 रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। टीम ने दोनों दुकानों के सीवर-पानी कनेक्शन काट दिए। नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह के अनुसार सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जो प्रॉपर्टी मालिक अपना संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स 31 अक्टूबर तक जमा करवाएंगे, उन्हें वर्ष 2010-11 से लेकर वर्ष 2016-17 तक के प्रॉपर्टी टैक्स पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्रॉपर्टी टैक्स में लगने वाले ब्याज में भी सरकार द्वारा एकमुश्त छूट दी गई है।



गुरुग्राम में प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों के पानी के कनेक्शन काटते निगम कर्मी।

उन्होंने बताया कि जिन संपत्ति मालिकों ने विगत तीन वर्षों में अपना प्रॉपर्टी टैक्स 31 जुलाई तक जमा करवाया है, उन्हें नियमित 10 प्रतिशत छूट के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी। ऑटो डेबिट तरीके से भुगतान करने वालों को 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा। नगर निगम की सीमा में गांवों के लाल डोरा क्षेत्र में स्थित रिहायशी संपत्तियों पर उन सपंत्ति मालिकों को 50 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान किया है। चेरीटेबल शिक्षण संस्थान, चेरीटेबल अस्पताल और विशेष बच्चों के लिए चल रहे स्कूल, जो सरकारी स्कूलों और अस्पतालों के समान शुल्क लेते हैं, उन्हें शत-प्रतिशत छूट दी गई है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर की सभी आरडब्ल्यूए के लिए भी इन्सेंटिव योजना की शुरुआत की है। जो आरडब्ल्यूए अपने यहां 80 प्रतिशत से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएगी, उन्हें 5 लाख रुपये की इन्सेंटिव राशि नगर निगम द्वारा दी जाएगी।

निगमायुक्त ने प्रॉपर्टी मालिकों से आह्वान किया कि वे निर्धारित तिथि 31 अक्टूबर से पूर्व अपने प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी करें। सरकार द्वारा दी जा रही ब्याज माफी एवं छूट का लाभ उठाएं और दंड प्रावधानों से भी बचें।

# शर्मिला टैगोर, सैफ अली खान ने खेल अकादमी बनाने को दी दो एकड़ जमीन

### स्थानीय लोगों की मांग पर लिया है यह निर्णय

**गुरुग्राम।** फिल्म अभिनेत्री एवं नवाब मंसूर अली खान पटौदी की बेगम शर्मिला टैगोर (आएशा बेगम) और पटौदी रियासत के वर्तमान नवाब एवं फिल्म अभिनेता सैफ अली खान की ओर से पटौदी में युवाओं के लिए खेल अकादमी बनाने को महल की जमीन में से दो एकड़ जमीन दान दी है।

क्षेत्र के डा. राजू खान के साथ कुछ स्थानीय लोगों ने शर्मिला टैगोर से पटौदी में एक खेल अकादमी, लड़कियों के लिए महिला कालेज खोलने की मांग की थी। क्योंकि क्षेत्र में बच्चों, युवाओं की प्रतिभा निखारने को खेल अकादमी नहीं है। ना तो यहां कोई बड़ा मैदान है और न ही स्टेडियम है। ऐसे में नवाब परिवार इसके लिए आगे आए और अपने क्षेत्र के युवाओं का भविष्य संवारे। इस पर




शर्मिला टैगोर। सैफ अली खान।

कार्यवाही करते हुए शर्मिला टैगोर ने महल की दो एकड़ जमीन पर वेणु आई केयर अस्पताल और पुराना साबरमती स्कूल में खेल अकादमी शुरू करने को हरी झंडी दे दी।

वेणु आई केयर अस्पताल में चेरिटेबल संस्था की टीम के साथ पटौदी महल के प्रबंधन जेपी चौहान और उड़ान प्ले स्कूल के चेयरमैन डॉ. राजू खान, बचपन स्कूल की चेयरपर्सन फरीन खान, देवकी, दिनेश जोशी, श्रीकांत यादव के साथ मिलकर अब इस प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया। राष्ट्रीय स्तर के कोच यहां पर प्रशिक्षण देंगे। साथ ही लैंग्वेज डेवेलपमेंट कंप्यूटर शिक्षा और अन्य कई एक्टिविटी सिखाई जाएंगी।

# ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान का पालन गंभीरता से कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम की अतिरिक्त आयुक्त जसप्रीत कौर ने शनिवार को अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि वे पर्यावरणीय प्रदूषण (नियंत्रण एवं रोकथाम) प्राधिकरण द्वारा लागू किए गए ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान की पालना गंभीरता से सुनिश्चित करवाएं। अगर कोई व्यक्ति प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां करता है, तो उसका चालान करने के अलावा एफआईआर भी दर्ज करवाएं। ये निर्देश उन्होंने शनिवार को निगम कार्यालय में ग्रैप की पालना सुनिश्चित करने को लेकर आयोजित बैठक में दिए।

जसप्रीत कौर ने कहा कि निर्माण गतिविधियों में पर्यावरणीय नियमों की उल्लंघना करने वालों, कचरे में आग जलाने वालों, बिना ढके निर्माण सामग्री रखने एवं ट्रांसपोर्ट करने वालों, सीएंडडी वेस्ट एवं कचरा डालने वालों सहित प्रदूषण बढ़ाने वाली अन्य गतिविधियां करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई करें। इसके



नगर निगम में ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान को लेकर बैठक लेती नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त जसप्रीत कौर।

साथ ही ईपीसीए द्वारा चिह्नित किए गए स्थानों की तुरंत सफाई करवाकर रिपोर्ट भेजें तथा क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखें। जिन अधिकारियों को इनफोर्समेंट की जिम्मेदारी दी गई है, वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गश्त करें तथा विशेष रूप से निर्माण साईटों में पर्यावरणीय नियमों की पालना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि सड़कों की सफाई मैकेनिकल की जा रही है। इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाई से पहले पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि धूल ना उड़े। उन्होंने कहा कि वाटर स्प्रिंकलर के मध्यम से सड़कों तथा पेड़ों पर लगातार पानी का छिड़काव करवाएं।

# जनकपुरी में शिव धनुष तोड़ सीता के हुए राम

### कोरोना महामारी के चलते इस बार मुख्य मंच पर ही डाली वरमाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जैकमपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से तीसरे दिन राम लीला में सीता स्वयंवर और भगवान परशुराम-लक्ष्मण संवाद तक की लीला दिखाई गई। कोरोना महामारी के चलते इस बार कोविड-19 नियम देखते हुए राम लीला की जा रही है। तीसरे दिन की लीला में दलीप भारद्वाज, विकास गुप्ता, गगन गुलाटी, खुशी राम, अमित सैनी की अहम भूमिका रही। तीसरे दिन लीला की शुरुआत ताड़का वध के बाद गुरु विश्वामित्र (अशोक सिरोड़िया) के साथ काफी समय तक राम-लक्ष्मण (करण बख्शी-समीर तंवर) ने ऋषियों के साथ वनों में समय बिताया। गुरु विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को गंगा मइया के दर्शन कराकर उन्हें इसके इतिहास से



धनुष तोड़ने के बाद माला पहनाते राम-सीता।



लक्ष्मण-परशुराम संवाद का दृश्य।

अवगत कराया। मिथिला में राजा जनक ने सीता का स्वयंवर का आयोजन किया। स्वयंवर में कोई भी राजा-राजकुमार धनुष उठाना तो दूर हिला भी नहीं सके। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर शिव धनुष का भंजन कर दिया। सीता जी व राम जी ने एक-दूसरे को माला पहनाई।

### बेहतरीन रहा लक्ष्मण-परशुराम संवाद

**रामलीला** में लक्ष्मण-परशुराम संवाद बेहतरीन रहा। राजा जनक के दरबार में भगवान परशुराम (मास्टर सुरेश सहरावत) पहुंचते हैं। टूटा हुआ धनुष देखकर वे क्रोधित हुए। परशुराम शांत नहीं हुए और वे गुस्से से आग-बबुला होते रहे। फिर लक्ष्मण-परशुराम के बीच दमदार तरीके से संवाद हुआ। फिर शांत होने के बाद भगवान परशुराम श्रीराम को प्रणाम कर चले जाते हैं।

### सोहना में रामलीला शुरू

**सोहना।** शुक्रवार से शहर की हनुमान बगीची में रामलीला शुरू की गई। जिसका आयोजन शहर की 200 वर्ष पुरानी शानदार रामलीला क्लब द्वारा किया जा रहा है। रामलीला मंचन के पहले दिन नारदमोह, विश्व माहिनी और स्वयंवर की लीलाओं का मंचन किया गया। दर्शकों को सैनेटाइजर दिया गया और सामाजिक दूरी का ध्यान रखा गया। पहले दिन दर्शकों की संख्या कम रही। शानदार रामलीला क्लब के सचिव नरेश गोयल ने बताया कि रामलीला मंच को एक दिन पहले सैनेटाइज किया गया। सभी कलाकारों को भी सैनेटाइजर दिया गया। ताकि वह अपने मंच प्रदर्शन के बाद अपने सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सैनेटाइजर का उपयोग करते रहें। शनिवार को रामजन्म भूमि और ताड़का वध का शानदार प्रदर्शन दर्शाया।



सोहना में रामलीला मंच पर प्रदर्शन करते कलाकार।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सेक्टर-37सी-डी सड़क को किया साफ



**गुरुग्राम।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शनिवार को सेक्टर-37सी/डी की सड़क को साफकिया गया। साथ ही क्षेत्र में पौधारोपण करके स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए नागरिकों से आह्वान किया गया। मौके पर पहुंचे निगम पार्षद ब्रह्मप्रकाश यादव ने बताया कि नगर निगम द्वारा 2 अक्टूबर से स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसका समापन 17 अक्टूबर को हुआ है। इसके तहत उनकी टीम ने शनिवार को सेक्टर-37सी/डी सड़क और फुटपाथ की पर्याप्त सफाई की गई है। धूल-मिट्टी को साफ करके क्षेत्र में पौधारोपण भी किया है। क्षेत्र की सफाई करते समय पर्यावरण प्रदूषण ना हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए सफाई से पूर्व पानी का छिड़काव किया। उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इसके तहत प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां न तो स्वयं करें और ना ही दूसरों को करने दें। अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियां करता है, तो उसके बारे में संबंधित विभाग को सूचित करें। विभाग द्वारा उल्लंघनकर्ता पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा और अन्य कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मौके पर कुलदीप हिन्दुस्तानी, सुमित वोहरा, विकास चोपड़ा, दिनेश मराठा, कुलदीप चौहान, जसबीर सिंह, बालकिशन शर्मा, अंशुल कॉल, विकास गुप्ता सहित सेक्टर-37 सी व डी की विभिन्न सोसायटियों के लोग मौजूद रहे।

### डंफर ने सड़क किनारे दो बच्चों को कुचला

**पलवल।** मिट्टी से भरे डंफर ने सड़क किनारे खड़े दो बच्चों को कुचल दिया। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। हसनपुर थाना पुलिस ने मृतक बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कुलदीप के अनुसार गांव कुशक निवासी राजेश ने शिकायत दर्ज कराई है कि 16 अक्टूबर की शाम चार बजे पड़ोसी के साथ बाइक पर आकाश भट्ठे से ईंट लेने के लिए जा रहे थे। गांव में स्थित भट्ठे की तरफ मुड़ने वाले रास्ते पर सड़क किनारे उसकी बुआ के लड़के आशिक और जतिन खड़े हुए थे। जिन्हें देख बाइक रोककर बातचीत करने लगा। उसी दौरान मिट्टी से भरा डंफर आया और आशिक, जतिन और बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मौके पर आशिक और जतिन की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शनिवार को शिकायत के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद के शव परिजनों के हवाले कर दिए।

### धोखाधड़ी कर महिला से गहने ठगे

**पलवल।** कैंप थाना अंतर्गत दो व्यक्ति महिला को गुमराह कर धोखाधड़ी से आभूषणों को उतरवाकर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी हरीचंद के अनुसार न्यू कालोनी निवासी खजान सिंह ने शिकायत दी है कि भांजे की पत्नी ललिता अपनी बेटी के साथ अपने गांव सहराला से 14 अक्टूबर घर पर आ रही थी। ललिता रसूलपुर चौक पर उतरकर पैदल घर आने लगी। रास्ते में दो व्यक्ति बाइक पर मिले और बातों में लगाकर गुमराह कर कानों से सोने की कुंडल, हाथ से एक सोने की अंगूठी व एक चांदी की अंगूठी को उतरावकर रफूचक्कर हो गए। कुछ देर बाद ललिता ने ध्यान दिया और आपबीती घर आकर बताई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ने की फेस्टिवल बोनांजा की घोषणा

**गुरुग्राम।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक गुड़गांव क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक पृथ्वी सिंह संधू ने अपने प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार नवरात्रि पर्व पर शुरू हो रही उत्सव श्रृंखला के लिए एक विशेष ऑफर फेस्टिवल बोनान्जा की घोषणा की है। इसके तहत गृह ऋण, कार ऋण एवम सम्पति ऋण पर प्रोसेसिंग फीस व दस्तावेज शुल्क की पूर्ण छूट प्रदान की जा रही है। यह छूट आगामी 31 दिसम्बर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि गृह ऋण, कार ऋण व एमएसएमई योजना में बैंक की ब्याज दरें न्यूनतम है। बैंक महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए महिलायों को गृह ऋण पर ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की विशेष छूट दे रहा है। उन्होंने आह्वान किया है कि फेस्टिवल बोनान्जा के तहत इन छुटों का न्यूनतम ब्याज दरों का लाभ उठाने के लिए इच्छुक प्रार्थी शाखाओं में संपर्क कर सकते हैं। पृथ्वी सिंह संधू ने बताया कि हमारा बैंक वितीय साक्षरता एवं डिजिटाईजेशन पर पूरा फोकस किये हैं।

### तावडू में दो माह में 108 वाहन जब्त, 17 के चालान

**तावडू।** शहरी थाना प्रभारी सिंघम रोल में नजर आ रहे हैं। सड़कों पर निकल पड़ते हैं और जो बगैर नंबर व कागजातों की बाइक दिखी उसका कर देते हैं तुरंत चालान। 18 अगस्त को उन्होंने यहां का चार्ज संभाला है। तब से 108 वाहनों (बाइक व ऑटो) को जब्त कर चुके हैं व 17 वाहनों का चालान किया है। वहीं इस दौरान शहर में एक भी चेन स्नेचिंग की वारदात नहीं हुई है। वहीं असामाजिक तत्वों में थाना प्रभारी का खौंफभी दिख रहा है। पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी शहर के पटोदी चौक पर मुस्तैदी से खड़े हो गए व जो बगैर नंबर की बाइक आती दिखी तुरंत उसे रोक उसका उसे इम्पाउंड किया। वहीं जिन बाइक चालकों के पूरे दस्तावेज नहीं मिले उनकी बाइक को भी थाने ले गए। उसके बाद विजय चौक, लखपत चौक, बावला मोड़ से लेकर नूंह गोलचक्कर पर थाना प्रभारी ने यही अभियान चलाया। शनिवार को थाना प्रभारी ने 9 बाइकों को जब्त किया व 1 बाइक का चालान किया।

# प्रो कबड्डी टूर्नामेंट के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया उम्दा खेल

### ठाकुर छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि में जेवर में हो रहा है टूर्नामेंट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जेवर** विधानसभा के पहले विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह की याद में प्रो कबड्डी टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। बेहद ही उम्दा खेलते हुए खिलाड़ियों ने देश के चर्चित खेल कबड्डी के प्रति लोकप्रियता जुटाई।

टूर्नामेंट में अतिथियों के रूप में ठाकुर बलबीर सिंह, अजब सिंह, दयाराम शर्मा, ठाकुर महेश सिंह, ठाकुर संजय सिंह, ठाकुर विपिन सिंह, आसवीर चौधरी, गजेंद्र प्रधान, ठाकुर करनेश सिंह, ठाकुर किशोर सिंह, दिल्ली से रोहताश पहलवान, डा. ओमप्रकाश पाराशर, ठाकुर रामबीर सिंह करौली समेत प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे, जिसमें अपर जिलाधिकारी समेत कई लोग शामिल हैं। टूर्नामेंट के आयोजक मनजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि उनके दादा एवं जेवर विधानसभा के पहले विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि पर हर साल यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है। इस साल का टूर्नामेंट दूसरे दिन सुचारू रूप से चला। इस टूर्नामेंट में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी आई टीमों ने भाग लिया।



नोएडा के जेवर में चल रहे प्रो कबड्डी टूर्नामेंट में मौजूद अतिथि।

कोरोना महामारी को देखते हुए यहां दर्शकों को मास्क व सैनिटाइजर वितरित किए गए। कोविड19 के सभी नियमों का पालन किया गया। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल कल खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 20 से अधिक टीमों को प्रवेश नहीं दिया गया। टूर्नामेंट में गजब के मुकाबले देखने को मिले। ग्रेटर नोएडा की टीम ने फरीदाबाद से आई टीम को पटखनी दी। ललित शर्मा उर्फ भोला पंडित व मोहित ठाकुर ने बेहतरीन कमेंट्री की। मनजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि खेल चाहे कोई भी हो, सभी खिलाड़ी उसमें सम्मानजनक तरीके से भाग लें। खेलों में हार-जीत की तरफ ध्यान ना देकर आपसी सद्भाव से खेलें। यही अच्छे खिलाड़ियों भी पहचान है। उन्होंने कहा कि हर साल यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है। इसलिए खिलाड़ी खुद को बेहतर तरीके से तैयार करें। आने वाले वर्ष में भी वे इस टूर्नामेंट में आमंत्रित रहेंगे।

# सरपंच करण पहलवान ने गांव की भलाई के लिए तपस्या की शुरू

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**ग्राम** पंचायत असावटी के सरपंच करण पहलवान अपनी धर्मपत्नी सुनीता देवी के साथ नवरात्रों नौ दिन प्रजापति समाज के मंदिर पर खड़े खड़े ही व्रत रखते हुए मां से गांव की भलाई की कामना करेंगे। यह व्रत वह पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं। व्रत शुरू करने से पहले उन्होंने गांव के मौजिज लोगों के साथ गांव की परिक्रमा की व सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि उनके गांव समाज पर कोई परेशानी न आए और देवी मां गांव पर आशीर्वाद बनाए रखें, सभी की मनोकामना पूरी करें। उन्होंने बताया कि गांव में सुख शांति के साथ भाईचारा कायम रहे तथा विकास की गति यूं ही निरंतर चलती रहे यही उनकी कामना रहती है। इसके लिए वे खुद व्रत तो करते ही हैं, सामान्य दिनों में स्वयं ही सफाई अभियान में शामिल होकर झाड़ू आदि लगाने से भी नहीं हिचकते। उनका मानना है कि गांव के लोगों ने उन्हें जिताया है तो उनकी सेवा करना व सदैव उनकी भलाई के लिए काम करना ही उनका कर्तव्य है। उनके विशेष प्रयासों से श्मशान को मनोरम



पार्क में तब्दील कर दिया है। पार्क और मंदिर के चलते अब वहां सुबह शाम ग्रामीण सैर करने जाते हैं। उन्होंने बताया कि गांव असावटी में गांव से बाहर पंचायत की करीब डेढ़ एकड़ भूमि में श्मशान घाट बना हुआ था, जिसमें कंटीली झाड़ियां उगी हुई थी। न कोई चारदीवारी न कोई सुविधा। अंतिम संस्कार के समय ही लोग वहां जाते थे, उसके बाद तो लोगों को वहां जाने में भी डर लगता था। शाम होने के बाद तो लोग उसके पास से गुजरने में भी डरते थे। सरपंच करण पहलवान ने श्मशान के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और पहले श्मशान घाट से कंटीली झाड़ियों को कटवाकर चारदीवारी करवाई। उसके बाद उसे शवों के अंतिम संस्कार के लिए टीन शेड और आने वाले लोगों के लिए आश्रम बनवाया। फिर बाकी भूमि पर पार्क बनवाया, जिसमें फव्वारे लगवाए गए। अंदर के रास्ते को पक्का करवाकर उसके ऊपर भी प्लास्टिक शेड डलवाया। बीच में एक शिव मंदिर का निर्माण कराया।

# 35 हजार की आबादी वाले शहर में बढ़ रहा वायु प्रदूषण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मिलेमिनय** सिटी गुरुग्राम से 13 किलोमीटर दूर बसे 35 हजार की आबादी वाले सोहना शहर में ग्रैप के नियम की धज्जियां उड़ रही हैं। ग्रेटर गुरुग्राम के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले शहर में कूड़े के ढेरों में 24 घंटे आग धधक रही है। जिससे वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है।

मौसम परिवर्तन से सुबह-शाम होने वाली ठिठरन से जहां सर्द ऋतु ने अपनी आहाट दे दी है। वहीं सर्दी में होने वाला वायु प्रदूषण रोकने के लिए भी ग्रैप के नियमों को अनदेखा किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों को वायु प्रदूषण रोकने के लिए जिम्मेदारियां सौंप दी हैं, लेकिन 35 हजार की आबादी वाले सोहना शहर में अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। शहर के पुराने अलवर मार्ग पर बने नगर परिषद के अस्थाई कूड़ा निस्तारण केन्द्र पर 24 घंटे आग धधकती रहती है। कूड़ा निस्तारण केन्द्र से उठता धुआं वायु मंडल को खराब कर रहा है। शहर के लोगों को जानलेवा बीमारियों परोस रहा है। इस संबंध में वन विभाग के क्षेत्रीय रेंज



अधिकारी विक्रम सिंह से जानकारी प्राप्त करनी चाही तो उन्होंने मोबाइल फोन रिसीव नहीं किया। नगर परिषद के अभियन्ता विशाल ठाकरान ने बैठक में व्यस्त होने के कारण सोमवार को जानकारी देने की बात कहते हुए फोन को काट दिया। दोनों ही विभागों के अधिकारी लोगों के स्वास्थ्य के खिलवाड़ कर रहे हैं।

### पत्राचार से लड़ाई

**शहर** के वार्ड-13 में पुराना अलवर मार्ग के साथ लगती वन विभाग की सेक्शन 4-6 की जमीन पर नगर परिषद ने अस्थाई कूड़ा निस्तारण केन्द्र स्थापित कर रखा है। जिसको लेकर वन विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों में पिछले करीब दो वर्ष से पत्र लिखकर एक-दूसरे के बीच में युद्ध चला हुआ है। दोनों विभाग के बीच चल रही पत्राचार की लड़ाई से शहरवासियों को कोई लाभ नहीं हो रहा है।

### सांस लेना हो रहा मुश्किल

**अस्थाई** कूड़ा निस्तारण से लगते शहर के वार्ड-13 की निवासी सीमा डागर ने बताया कि कूड़े में 24 घंटे लगी आग से वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। वार्ड निवासियों को सुबह-शाम तो सांसें लेना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासी भजनलाल का कहना है कि वार्ड में टीवी, दमा और नाक में नजला जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। वार्ड में 60 फीसदी आबादी मजदूर और कमेरे वर्ग की है। ये लोग अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान नहीं दे पाते हैं।

### समय-समय पर चेताया जा रहा है

**वार्ड** पार्षद अनिल कुमार ने बताया कि जब-जब परिषद सदन की बैठक होती है। वह उस बैठक में अपने वार्ड में बने अस्थाई कूड़ेदान को यहां से उठाए जाने की मांग लिखित व मौखिक रूप से दी जाती रही है, लेकिन उनकी मांग को प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खुद के हुनर को पहचानकर अपना लक्ष्य निर्धारित करें : सीपी



**फरीदाबाद।** सेक्टर-21 फरीदाबाद स्थित श्रीराम मॉडल स्कूल की अध्यक्षा डॉ. अमृता ज्योति व विभागाध्यक्ष अशोक शर्मा ने स्कूल की कक्षा ग्याहरवीं के छात्र छात्राओं की एक संगोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा कहा गया कि हमें दूसरों जैसा बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए इसकी बजाय हर व्यक्ति में कोई ना कोई खास खूबी होती है, उसको पहचान कर उसी के मुताबिक अपना करियर तय करना चाहिए। उसी से हम जीवन में कामयाब होते हैं तथा खुश रहते हैं। हमें उसी काम या नौकरी को करना चाहिए जिसको करने में हमें खुशी मिले और हमारी आजीविका भी चलती रहे। हमें किसी काम को छोटा या बड़ा नहीं समझना चाहिए, इसी में हमारे जीवन की सार्थकता है। इसके अतिरिक्त हमें अपनी समस्याओं का समाधान खुद खोजना चाहिए। कंप्यूटर के इस युग में इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त सूचना और ज्ञान में फर्क समझना चाहिए। हर सूचना ज्ञान नहीं होती। कुछ सूचनाओं के प्रसार से लोग अपना मतलब हल करने का स्वार्थ भी रखते हैं।

### एसपीओ पर लगा दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित पुलिस चौकी में तैनात एसपीओ पर एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया है। पुलिस ने एनआईटी महिला थाने में एसपीओ के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जिस पर पुलिस ने एसपीओ को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक एक एसपीओ एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया है। महिला ने आपने आरोप में कहा है कि करीब एक सप्ताह पहले ही महिला से एसपीओ की दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। शुक्रवार रात एसपीओ उसके घर पहुंचा। उसने नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ बलात्कार कर दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला का 16 वर्ष का बेटा है। वह यहां पति और बेटे के साथ रहती है। पुलिस को यह भी पता चला है कि शुक्रवार रात बेटा और पति भी महिला के घर पर ही मौजूद थे। ऐसे में दुष्कर्म का आरोप संदिग्ध लग रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में गहनता से जांच की जरूरत है। फिलहाल एसपीओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### बैंक बंद, कर्मी पॉजिटिव

**फरीदाबाद।** नीलम चौक स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा शनिवार को बंद रही। जिससे यहां आए लोगों को परेशानियां उठाकर वापस लौटना पड़ा। सुत्रों की माने तो बैंक में तैनात एक कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव हो गया। जिस पर बैंक को बंद कर दिया। जानकारी के मुताबिक बैंक सुबह 10 बजे खुल गया था लेकिन जैसे ही कर्मचारी की रिपोर्ट पाजिटिव आई, उसी समय सभी लोगों को बाहर निकाल कर बैंक को बंद कर दिया गया। जिससे बैंक में अपने काम से आए उपभोक्ताओं को परेशानी भी हुई। लेकिन उन्हें यह नहीं बताया गया कि अब यह सोमवार को बैंक खुलेगा या नहीं।

### मिराकल सोसायटी को भेंट किया टीवी

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल ने नवरात्रि के शुभारंभ मौके पर मिराकल चेरिटेबल सोसायटी को 40 इंची एलईडी टीवी भेंट किया। यह टीवी रोटेरियन प्रेम अमर व इनरविहल क्लब की संस्थापक अध्यक्षा अनीता अमर द्वारा उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि मिराकल चेरिटेबल सोसायटी बेसहारा व अनाथ बच्चों की देखरेख का कार्य करती है, जहां काफी बच्चे आश्रय पाये हुए हैं। इन्हीं के मनोरंजन के लिए रोटरी क्लब ने एलईडी भेंट किया। इस मौके पर बच्चों में चॉकलेट वितरित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक गवर्नर रोटेरियन तजिन्दर भारद्वाज ने की। इस मौके पर रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल के प्रधान रोटेरियन जगदीश सहदेव ने बताया कि उनका क्लब समाज उत्थान के लिए समय-समय पर अनेक कार्य करता रहता है, इसी कड़ी में उपरोक्त संस्था को एलईडी टीवी भेंट किया ताकि यहां रह रहे बच्चों को बड़ी स्क्रिन पर टीवी देखने का आनंद प्राप्त हो सके। सहदेव ने प्रेम अमर व अनीता अमर का उक्त टीवी उपलब्ध कराने पर विशेष आभार व्यक्त किया।

### शहर को जल्द ही दूसरा प्लाज्मा बैंक मिलेगा : विकास

**फरीदाबाद।** कोरोना मरीजों की मदद करने के लिए उपायुक्त यशपाल की पहल पर ईएसआई मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद में स्थापित प्लाज्मा बैंक के अलावा संत भगत सिंह चैरिटेबल ब्लड बैंक फरीदाबाद में भी प्लाज्मा बैंक शुरू किया जाना प्रस्तावित है इस सम्बंध में रेडक्रॉस भवन फरीदाबाद में बैठक का आयोजन रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विभिन्न कार्य पर चर्चा हुई जिसे प्लाज्मा बैंक को सुचारू रूप से चलाया जा सके। लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। जिसके लिए मुख्य रूप से प्लाज्मा कोऑर्डिनेटर के रूप के रूप में बिजेंद्र सोरौत व विमल खंडेलवाल को जिम्मेदारी प्रदान की गई, इनका विशेष रूप से यह कार्य रहेगा कि समाज की सभी सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों को प्लाज्मा के प्रति जागरूक कर डोनेशन करवाने का कार्य रहेगा। प्लाज्मा कार्य में पारदर्शिता रहे इसके लिए एक कोर कमेटी का गठन करके व्हाट्सएपग्रुप भी बनाया गया है ।

# सरकारी स्कूल: प्रोत्साहन राशि के अभाव में कम रही बच्चों की संख्या

### 15 से 30 प्रतिशत स्कूली छात्रों को छात्रवृत्ति से रहना पड़ रहा वंचित

**कविता।** फरीदाबाद

**मोदी** सरकार का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापवाही से फीका पड़ रहा है, क्योंकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या छात्रवृत्ति के अभाव में कम होने लगी है। इस बात का खुलासा आरटीआई एक्टीविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बहल ने किया है। उन्होंने इस संदर्भ में आरटीआई लगाई थी। जिससे मालूम हुआ कि स्कूली बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है।



जिले के करीब 15 से 30 प्रतिशत स्कूली छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित रहना पड़ रहा है। इसका खुलासा अजय बहल द्वारा 28 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी व मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लगाई गई आरटीआई से हुआ। आरटीआई में बड़ी बात यह सामने आई कि छात्रवृत्ति के अभाव में स्कूलों में लड़कियों की संख्या कम हो रही है। उन्होंने बताया कि आरटीआई में जिले के सभी छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति की जानकारी मांगी थी। अब जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय द्वारा आंशिक रूप से जानकारी उपलब्ध करवाई गई है जिसके अनुसार बहुत से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल सका है। इसका मूल कारण बैंक खाते का आधार से मेल न हो पाना बताया गया है। यह महत्वपूर्ण विषय है कि सरकार की नीति अनुसार बिना आधार संख्या के बच्चों को न तो किसी स्कूल में दाखिला दिया जाता है और न ही किसी भी नागरिक का बैंक खाता खोला जाता है, तो फिर आधार से खाता लिंक क्यों नहीं हुआ? जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अभी तक इस बारे में कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अपने कार्य में अनियमितता बरतने व अपीलकर्ता को समय पूर्वक सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध न करवाने के लिए पहले भी अनेकों बार राज्य सूचना आयोग द्वारा दंडित किया जा चुका है।

#### छात्र हो रहे कम

अजय बहल ने बताया कि सरकारी स्कूलों में गरीब तबके के छात्र पढ़ते है तो छात्रवृत्ति के माध्यम से पढ़ाई कर पाते है। लड़कियों के लिए छात्रवृति में पैसा अधिक आता है। स्कूलों में लड़कियों की संख्या अधिक होती थी। लेकिन अब विद्यार्थियों के खातों में पैसे न आने के कारण अभिभावक स्कूल भेज नहीं रहे है। जिससे जिले के स्कूलों में छात्रों की संख्या कम हो रही है। वहीं यूनिफार्म और अन्य खर्च के पैसे भी खातों में आधार लिंक न होने की वजह से नहीं डाले जा रहे हैं।

### लूट की कोशिश में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** चौकी दयालबाग की टीम ने लूट की कोशिश करने वाले दो आरपियों मनोज कुमार व इश्तेयाक खान को दिनांक 15 अक्टूबर की रात को भरत विहार, दयालबाग से गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि 15 अक्टूबर की रात को चौकी दयालबाग की पीसीआर गस्त में थी जो गुप्त सुत्रों से पता चला की दो लोग रोड पर डंडा और रॉड से आती-जाती गाडियों को रुकवा कर लूटने की कोशिश कर रहे है। जिस सूचना पर पुलिस टीम भरत विहार शमशान घाट दयालबाग पर पहुंची वहां देखा कि दोनों आरोपी रोड़ पर जा रही गाड़ियों को रुकवाकर उन्हें लूटने की फिराक में थे कि उससे पहले ही उन्हें वहां से गिरफ्तार कर लिया गया।

# केक काटकर गणमान्य लोगों ने मनाया फरीदाबाद का 72वां स्थापना दिवस

### एनआईटी शहर, जोकि 30 हजार लोगों के लिए बसाया गया था और पांच हजार मकानों का किया गया था निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एनआईटी** फरीदाबाद का 72वां स्थापना दिवस शनिवार को बन्नुवाल वेलफेयर एसोसिएशन व फ्रंटियर ह्यूमिनिटी ग्रुप की ओर से 1-जे पार्क में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बडखल विधानसभा अध्यक्ष तेजवंत सिंह बिट्टू ने की। इस मौके पर तेजवंत सिंह बिट्टू ने कहा कि उनके पिता कल्याण सिंह व अन्य विभाजन की त्रासदी को झेलते हुए पाकिस्तान के फ्रंटियर स्थित बन्नू, कोहाट, मर्दान, पेशावर, दौड़, डेरेवाल, डेरा इस्माइल खान, मुल्तान व डेरा गाजिखान आदि जिलों से उजडकर आए शरणार्थियों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू से दिल्ली के आसपास ही बसने का अनुरोध किया था, जबकि सरकार उन्हें राजस्थान के अलवर, भरतपुर जैसे जिलों में भेजने की इच्छुक थी। इसके विरोध में शरणार्थियों ने सत्याग्रह शुरू कर दिया। इसमें मुख्य रूप से सरकार कल्याण सिंह, कन्हैया लाल खट्टक, श्रीचंद खत्री, सुखराम सलार, अमीचंद दुआ, खामोश सरहदी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

उन्होंने बताया कि एनआईटी शहर जोकि 30 हजार लोगों के लिए बसाया गया था व पांच हजार मकानों का निर्माण किया गया था। इसके लिए सरकार ने पांच करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, लेकिन हमारे मेहनतकश लोगों ने इसे आधे बजट में ही पूरा कर दिया। 17 अक्टूबर 1949 को सुबह 11 बजे तत्कालीन तालीमी संघ की संयुक्त सचिव आशा रानी के नेतृत्व में एनएच पांच स्थित आईटीआई के पास पहला फावड़ा चलाकर एनआईटी की नींव रखी। एनआईटी का नक्शा जर्मन आर्किटेक्ट निस्सन ने तैयार किया था व इसको आकार देने के लिए बनाए गए विकास बोर्ड देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद व योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एलसी जैन जैसे गणमान्य लोग शमिल थे। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि एनआईटी की स्थापना में अहम किरदार निभाने वाले व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विश्वसनीय खान अब्दुल गफ्फार खान के नाम से ही बीके अस्पताल का नाम रखा गया था जबकि वर्तमान सरकार ने इसका नाम बदलकर सिविल अस्पताल कर दिया। एनआईटी शहर में अब खान अब्दुल गफ्फार खान का न तो नाम बचा है और नहीं कोई निशानी है। ऐसे में मंच जल्द ही इसके विरोध में जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग करेंगे कि अस्पताल का नाम पुन: खान अब्दुल गफ्फार खान के नाम पर रखा जाए।

उन्होंने आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया व मंच की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में दिनेश भाटिया, राकेश भाटिया, सरदार उजागर सिंह रतड़ा, संजय भाटिया 1डी, सरदार सतपाल सिंह, संजय अरोड़ा, सुशील भाटिया, विनोद पंडित, भूपेंदर सिंह, कैलाश गुगलानी, अशोक, सुरेंद्रलाल चुघ, चुन्नीलाल चावला, लोकनाथ अदलक्खा, गुरबक्श मदान तथा संजीव ग्रोवर आदि गणमान्य जन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कोरोना: 159 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 22,507

### कोरोना पॉजिटिव 148 मरीजों ने कोरोना को मात दी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल सैम्पल | 225707 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 202911 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 289 |
| अब तक पॉजिटिव | 22507 |
| अब तक कुल ठीक | 21388 |
| अब तक मौते | 238 |
| गंभीर भर्ती है | 28 |

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को कोरोना के 159 मामले सामने आए। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 22,507 पर पहुंच गया। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि कोरोना पॉजिटिव 148 मरीजों ने कोरोना को मात दे दी। जिससे जिले में रिकवरी रेट 95 प्रतिशत पर पहुंच गया।

**यहां से पॉजिटिव**

159 पॉजिटिव में सेक्टर-41, 25, 21, 64, 85, 86, 65, 75, 56, नेकपुर, अहीरवाड़ा, एनएच-एक, सेहतपुर, चार्मवुड, भूड कालोनी, अरावली टॉवर ओमेक्स हिल्स-एक, खेड़ीकलां, चावला कालोनी, नंगला इंक्लेव, शिव कालोनी, मवाई, बल्लभगढ़, इंदिरा इंक्लेव, राजीव कालोनी, मेवला महाराजपुर, प्रतापगढ़, कृष्णा कालोनी, पाली, तिलपत, ब्रावैली टॉवर हिल-दो, संजय इंक्लेव, से 1-1 मरीज है। सुरदास कालोनी, बसेलवा कालोनी, सेक्टर-82, एसजीएम नगर, जीवन नगर, शिवदुर्गा बिहार से 2-2 मरीज है। सेक्टर-8, 29, 78, एनएच-4 से 3-3 मरीज है। सेक्टर-7 से 4, ग्रीन फिल्ड कालोनी में 6, जवाहर कालोनी से 5 और अन्य एरियों से 70 मरीज शामिल है।

### अपहरणकर्ताओं को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा अपराधियों की धरपकड़ करने के आदेशों व पुलिस उपायुक्त सेंट्रल के दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना पल्ला की पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की सहायता से 11 वर्षीय बच्चे का अपहरण करने वाले 2 आरोपियों अमन व सिद्धार्थ उर्फ़ सोनू को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त मुकेश मल्होत्रा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अमन एसी ठीक करने का कार्य करता था तथा आरोपी सोनू कुतों को ट्रेनिंग देने का कार्य करता था। दोनों आरोपी बचपन से दोस्त थे। लॉकडाउन में काम ठप होने की वजह से दोनों आरोपियों ने शॉर्टकट से पैसे कमाने के चक्कर में बच्चे को अगवाह करके फिरौती मांगने का प्लान बनाया।

# अग्रसेन जयंती पर वैश्य समाज ने की महाआरती



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वैश्य** समाज सेक्टर-28, 29, 30, 31 ने अग्रसेन महाराज की जयंती पर 101 थालियों से महाआरती व पूजन कर अग्रसेन का स्मरण किया। सेक्टर 28 के व्यस्तम चौराहे पर अग्रसेन के विशाल चित्र के समक्ष समाज के संयोजक डीके माहेश्वरी की अध्यक्षता में सैकेड़ों वैश्य अग्रवाल जनों ने अग्रसेन जयंती मनाई।


इस अवसर पर समाज के सह संयोजक बीआर सिंगला ने अग्रसेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अग्रसेन के सिद्धांत एवं आदर्श आज भी प्रसांगिक हैं। समानता, समाजवाद, अहिंसा एवं समाज सेवा की वैश्य समाज के लोगों में कूट-कूट कर भरी हुई भावना अग्रसेन के ही दिए हुए संस्कार हैं।

महाआरती के बाद सेक्टर-28 में ही खोले गए समाज के नए कार्यालय के शुभारंभ पर यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईडी महाजन, बीआर सिंगला, विष्णु गुप्ता, बलराज गुप्ता, टीपी माहेश्वरी, रविकान्त सिंघल, पीडी गर्ग, पवन गोयल, अरुण मित्तल, डीके गोयल, विनेश अग्रवाल, हरीश बंसल, डीके जैन, अमित जैन, कपिल गर्ग, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, पीएल गुप्ता, नरेश अग्रवाल, नानक चन्द अग्रवाल, प्रवीन सिंगला, ललित खण्डेलवाल आदि उपस्थित हुए।

# नीट में शहर के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

### सरकारी स्कूल के तीन छात्रों ने भी मारी बाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नीट** में जहां मनन और अंशित, वंशिका का शानदार प्रदर्शन रहा। वहीं सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र भी इस परीक्षा में पास हुए हैं। जिसमें राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 के 3 विद्यार्थियों ने मेडिकल में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा में पहली बार में ही सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेंद्र सौरोत व समस्त अध्यापकों ने कुमारी हिमाक्षी, कुशल, शिवानी को इस सफलता के लिए बधाई दी हैं।

**इन्होंने किया बेहतर प्रदर्शन**

नीट के परिणाम में सेक्टर-16 में रहने वाले मनन सिघल ने अखिल भारतीय स्तर पर 292वां स्थान प्राप्त किया है। नीट की परीक्षा पहली बार में ही उत्तीर्ण करने पर परिवार में खुशी की लहर है। मनन अपने परिवार में पहले डाक्टर होंगे। उनके परिवार में अधिकतर लोग व्यापार एवं नौकरी करते हैं। उन्होंने 12वीं में 96.8 फीसद अंक प्राप्त किए। मनन ने बताया कि वह दिल्ली के मेडिकल कालेज में दाखिला लेना चाहते हैं और एमबीबीएस के बाद हृदय रोग में एमडी करेंगे। मनन के पिता अमित सिघल का ओल्ड फरीदाबाद बाजार में साड़ियों का शोरूम है। वह अपने बेटे की उपलब्धि से बहुत खुश हैं। उन्होंने मनन की सफलता का श्रेय एमवीएन स्कूल सेक्टर-17 प्रधानाचार्या आगल्य वेंकटेश को दिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्या ने नीट की पढ़ाई के लिए बहुत सहयोग किया है। शनिवार और रविवार को ही मनन कोचिग के लिए जाते थे। अधिकतर तैयारी स्कूल के मार्गदर्शन से हुई है। भाई ने की काफी मदद डाक्टर बनने के बाद देश में रहकर ही स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्वस्थ समाज की स्थापना की दिशा में काम करूंगा।

यह कहना है नीट के परिणाम में अखिल भारतीय स्तर पर 367वां स्थान प्राप्त करने वाले अंशित बुद्धिराजा का। फिलहाल वह भोपाल से एमडी कर रहे हैं। अंशित दिल्ली से ही एमबीबीएस की पढ़ाई करना चाहते हैं। उनके पिता पवन बुद्धिराजा व्यापारी हैं और मां मंजू बुद्धिराजा गृहिणी हैं। अंशित ने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों के अलावा प्रधानाचार्या आगल्य वेंकटेश को भी दिया है। उन्होंने स्कूल में नीट की तैयारी के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराया था और वह छात्रों को सदैव प्रोत्साहित करती थीं। वहीं ददसिया गांव में रहने वाली वंशिका त्यागी ने भी नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है और वह डाक्टर बनकर पिता दुष्यंत त्यागी और मां संगीता त्यागी के सपनों को पूरा करेंगी। वंशिका ने बताया कि वह दूसरी बार में नीट की परीक्षा पास कर पाई हैं और अब एक अच्छे कालेज में दाखिला लेकर डाक्टरी की पढ़ाई करेंगी। उनके पिता शिक्षण संस्थान में पत्रकारिता के छात्रों को फोटाग्राफी का प्रशिक्षण देते हैं, जबकि मां संगीता स्वास्थ्य विभाग में बतौर आशा कार्यकर्ता काम कर रही हैं।

# शहरभर के मंदिरों में पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के बीच पहले दिन सोशल डिस्टेंसिंग के साथ भक्तों ने मां की आराधना की। कहते है आराधना करने वाले भक्तों को कुछ न कुछ जरूर मिलता है। मां अपने भक्तों को नौ दिनों में वह सबकुछ दे देती है। जिसकी भक्तों को चाह होती है। प्रथम दिन मां अपने भक्तों की मन की इच्छा को पूरी करती है, तो द्वितीय दिन भक्तों को सही गलत में फर्क का महत्व को समझने की क्षमता प्रदान करती है। पहले नवरात्रे के दिन शहरभर के अधिकांश मंदिरों में ज्वाला जी से लाई गई पवित्र ज्योति से जोत जलाई गई। जिसमें तिकोना पार्क स्थित श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर, काली मंदिर, बांके बिहारी मंदिर और इत्यादी कई अन्य मंदिर शामिल है। लोगों ने घरों में और मंदिरों में कलश की स्थापला के साथ शैलपुत्री का पूजन किया। जिसमें उन्होंने कोरोना महामारी से मुक्ति की प्रार्थना मां से की।

#### आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

एनएच-पांच स्थित सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराज जी ने बताया कि नवरात्रों के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मचारिणी माता रूद्राक्ष की माला व पुष्प धारण करके ब्रह्मचार्य का पालन करती है। वह अपने भक्तों को बुद्धि इत्यादि का आर्शीवाद देती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए दूध से अभिषेक करने के अलावा मां को फलों का भोग लगाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और श्रेष्ठ संस्कारों की उत्पत्ति होती है। ब्रह्मचारिणी मां को अनार की बली चढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जो ब्रह्मचारी विद्यार्थी ब्रह्मचारिणी मां का पूजन करते है, उनको श्रेष्ठ ज्ञान की प्राप्ति होती हैं।

### वैष्णोदेवी मंदिर में भव्य पूजा

सिद्धपीठ वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्रों के पहले माता शैलपुत्री की धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में प्रातकालीन पूजा अर्चना के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया तथा मां की ज्योत प्रवज्जलित की गई। इस अवसर पर शहर के प्रमुख उद्योगपति आरके बत्तरा, प्रदीप झांब, जेके सचदेवा, प्रताप भाटिया एवं पूर्व एसीपी दर्शनलाल मलिक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने कोविड-19 के अंतर्गत मंदिर में सभी प्रबंध किए गए हैं। सभी श्रद्धालुओं को मास्क के बिना मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा और इसके साथ साथ सेनीटाईजर की विशेष व्यवस्था मंदिर में की गई है। मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान सोशल डिस्टेंस का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर में फकीरचंद कथूरिया, प्रीतम भाटिया, नेतराम गांधी, राहुल, धीरज, एसके भाटिया, रमेश सहगल तथा अनिल भाटिया ने पूजा अर्चना में हिस्सा लिया।

### ज्वाला जी की जोत



**एनएच-पांच** स्थित श्रीबांके बिहारी मंदिर में महंत ललित गिरि गोस्वामी व उनके साथ बेटा पीयुष गोस्वामी, रितेश गोस्वामी, रवि हीरा हिमाचल से ज्योत रूपी मां ज्वाला देवी को लाए। शनिवार को उन्होंने मंदिर प्रांगण में मां को स्थापित किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी विनोद शास्त्री ने पूरे विधि विधान से मंत्रो उचारण, पूजा अर्चना द्वारा खेत्री स्थापना तथा रामायण का अखंड पाठ भी आरंभ करवाया गया। मुख्य यजमान महंत ललित गिरि गोस्वामी व उनकी धर्मपत्नी महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी द्वारा पूजा अर्चना स्थापना की गई। पूजा में सरपरस्त एनएल गोसाईं, अशोक अरोडा, पंडित मनीष दुबे, हर्षित गोसाईं, प्रवेश, सतीश, रमा, प्रीती, चारु गोसाईं इत्यादी भक्त मौजूद थे। महंत ललित गिरि गोस्वामी जी ने बताया कि 9 दिनों तक महिला मंडल द्वारा हर रोज 4.30 बजे शाम को भजन कीर्तन किया जायेगा।

### आश्रम में घट स्थापना



शारदीय नवरात्र में माता का पूजन सभी गुणों को प्रदान करने वाला है। सभी लोगों को इन नवरात्र में माता के नाम का गुणानुवाद अवश्य ही करना चाहिए। यह बात सिद्धदाता आश्रम के जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कही। वह आश्रम में घटस्थापना के बाद भक्तों को प्रवचन कह रहे थे। यहां पर नौ दिन रहकर भक्त मां के नाम का गुणानुवाद करेंगे। आचार्यश्री ने कहा कि साल में चार बार माता के नवरात्र आते हैं। इनमें से एक चैत्र और दूसरा शारदीय नवरात्र प्रमुख रूप से सभी द्वारा मनाए जाते हैं। इन नवरात्र में माता के नाम का गुणानुवाद करने वाले सभी सुखों से परिपूर्ण रहते हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों किए गए अनुष्ठान का विशेष महत्व है। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने कहा कि मां आदि शक्ति हैं, वह परमेश्वर की भी शक्ति हैं और जीव की भी शक्ति हैं। इसलिए मां की कृपाओं को पाने के लिए उनके मंत्रों का अनुष्ठान करना ही चाहिए। इससे पहले उन्होंने आश्रम के सत्संग भवन में नवरात्र अनुष्ठान के लिए घट स्थापना की। यहां पर नौ दिन तक भक्त रहकर मंत्रजाप करेंगे। हालांकि इन भक्तों को सोशल डिस्टेंसिंग, सेनिटाइजेशन के साथ कोविड निगेटिव प्रमाणपत्र के बाद ही यहां पर अनुमति दी गई है।

# सही दिशा में उठाया गया कदम

## यह अच्छी बात है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो व रिवर्स दरों को अपरिवर्तित रखा है अन्यथा वर्तमान परिदृश्य में किसी भी प्रकार की कटौती निष्फल व्यय साबित होती।

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं।



पिछले द्विमाह मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के पुनरीक्षण में 6 अगस्त को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा घोषणा की गई थी, कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नीति रेपो दर को चार प्रतिशत पर बनाए रखा है। इसने रिजर्व रेपो दर अथवा ब्याज दर जिसके तहत बैंक अपना अतिरिक्त धन आर्रबीआई में रखते हैं उसे 3.35 प्रतिशत पर रखा है। उसने तब तक मौद्रिक नीति के समायोजनकारी रुख को जारी रखा है जब तक वृद्धि का पुनरुत्थान एवं कोविड-19 के प्रभाव को क्षीण करना आवश्यक है, साथ में सुनिश्चित भी किया है कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के दायरे में ही रहे।

अगले द्विमाही पुनरीक्षण में (जो कि 1 अक्टूबर को होना निर्धारित था, जिसे 9 अक्टूबर तक टाल दिया गया था, जिसका कारण था एमपीसी में तीन अतिरिक्त सदस्यों का नियुक्ति में विलंब होना), यह उम्मीद थी कि इस बार कोई बदलाव नहीं होगा। चीजें उम्मीद के मुताबिक हुई हैं जबकि आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दरों पर यथास्थिति को बनाए रखा है। इसके चार प्रमुख कारण है कि क्यों नीतिगत दरों को नीचे की ओर जाने के लिए आगे कार्रवाई करना आवश्यक था, जैया कि उद्योग के कुछ तबकों द्वारा मांग की गई थी। जब से, दिसंबर 2018 में पदासीन गवर्नर ने पद संभाला है, आरबीआई ने 2.5 प्रतिशत की रेपो दर में संचयी कटौती तकसीम की है। इसमें से, 2019 के दौरान, 1.35 प्रतिशत की कुल कटौती पांच किस्तों में की गई थी, अंतिम कटौती उस नीतिगत पुनरीक्षण के अंतर्गत की गई थी जो 4 अक्टूबर 2019 को घोषित किया गया था। इसने दर को वर्ष के प्रारम्भ में 6.5 प्रतिशत से बंद होने तक 5.15 प्रतिशत पर ला दिया। शीर्ष बैंक ने तरलता को बढ़ावा देकर खुला बाजार परिचालन (ओएमओ) जैसे नीतिगत औजारों का प्रयोग करके अर्थव्यवस्था को बल देने का प्रयास किया।

उपरोक्त नीतिगत कदम वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि में गिरावट की पृष्ठभूमि में किए गए थे जिसकी शुरुआत वित्त वर्ष 2018-19 की तीसरी तिमाही में हुई थी और 2019-20 के संपूर्ण वित्त वर्ष के दौरान जारी रही, जिसके पीछे इरादा न केवल गिरावट को रोकना बल्कि उनका पुनरुत्थान करना भी था। फिर भी, वृद्धि के 2019-20 की अंतिम तिमाही के दौरान तीन प्रतिशत से थोड़ा अधिक डूब जाने के साथ घोषणा जारी रही और वह 4.2 प्रतिशत पर जाकर रुकी। लेकिन यह दास को नीति दर में कटौती जारी रखने से नहीं रोक सकी। 27 मार्च को, उन्होंने नीति दर 0.75 प्रतिशत घटा दी। इसके बाद 22 मई को 0.4 प्रतिशत की कटौती की गई, इस तरह महामारी के



पश्चात 1.15 प्रतिशत की कुल कटौती की गई। दस ने 27 मार्च तथा 17 अप्रैल को नकद आरक्षित अनुपात-सीआरआर, लक्षित दीर्घकालीन रेपो परिचालन की नीलामी, सीमांत स्थायी सुविधा- एमएसएफ के अधीन सामायोजन में बढ़ोतरी जैसे उपायों की घोषणा की, जिसका उद्देश्य कुल तरलता को 5,00,000 करोड़ के स्तर पर प्रविष्ट करना था। इन उपायों के बावजूद, वर्तमान वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान आर्थिक वृद्धि ऋण 24 प्रतिशत तक गिर गई थी।

30 सितम्बर को समाप्त होने वाली दूसरी तिमाही के दौरान, यद्यपि स्थिति उतनी बुरी नहीं थी, वृद्धि फिर भी 2019 की तिमाही की तुलना में कम थी (संपूर्ण वर्तमान वर्ष के दौरान, दास ने 9.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान प्रस्तुत किया था, वह भी पिछली तिमाही के दौरान सकारात्मक वृद्धि पर लगाया गया था)। ये रुझान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि न तो नीतिगत दर में कटौती, न ही प्रणाली में तरलता झोंकना कारगर हो रहा है। दूसरे, दस के मुताबिक, कोविड-पूर्व चरण के दौरान नीतिगत दर 1.35 प्रतिशत घटाने से, बैंकों के द्वारा केवल 0.6 प्रतिशत कर्ज देने की दरों में कटौती के द्वारा हस्तांतरित किया गया था। यदि संचारण तब 50 प्रतिशत भी नहीं था, तो फिर नीतिगत दरों में कटौती पर जोर देते रहने की क्या जरूरत है। क्या हमें यह समझना है कि बैंक अंतर को जेब में रख रहे हैं? सच यह है, हम एक मजबूत सह संबंध देखने का प्रयास कर रहे हें जो या तो विद्यमान ही नहीं है अथवा यदि कोई होगा भी तो बहुत निर्बल है। बैंक वह ब्याज दर तय करता है जिसे वह उधार लेने वाले से वसूलता है जो कि जमा पर उसके द्वारा चुकाई जाने वाली ब्याज दर पर आधारित होता है, साथ में उसकी मध्यस्थता की लागत को जोड़ा जाता है। यह गैर निष्पादन परिसपंत्तियों अथवा ऋणों में कारक बनना होता है जिन्हें वसूला जा सकता है।

जबकि नीतिगत दर को ऋण देने की दर निर्धारित करने के लिए बाहरी बेंचमार्क के तौर पर पेश किया जाता है, वह नीतिगत दर में बदलाव का सटीक अनुसरण नहीं करता। एक निश्चित सहसंबंध केवल तभी संभव होगा यदि केवल आरबीआई उसके वित्तपोषण का एकमात्र स्रोत हो, लेकिन यह सैद्धांतिक बात है। तीसरे, आरबीआई द्वारा आगे की ओर कर्ज देने के लिए स्रोत व बैंकों को खोले जाने के बावजूद जैसा कि वित्त वर्ष 2019-20 में तथा चालू वर्ष के दौरान बड़े पैमाने पर किया गया था, बैंकों ने कर्ज देना बंद नहीं किया है। 2019-20 के दौरान, बैंक क्रेडिट 6.1 प्रतिशत से बढ़ा था, जो कि 2018-19 के दौरान दर्ज की गई 13.4 प्रतिशत की वृद्धि के आधे से भी कम है। रुझान चालू वर्ष में बढ़ गया है। कुल मिलाकर बैंकिंग प्रणाली से गैर खाद्य क्रेडिट टेकआफ अप्रैल-जुलाई 2020 के दौरान 1,40,000 करोड़ से घटकर 90 लाख करोड़ हो गया है। 17 अप्रैल को रिवर्स रेपो दर में वर्तमान 3.75 प्रतिशत से कटौती की घोषणा करते समय, दास ने तर्क दिया था कि यह बैंकों को स्वयं के पास अतिशय धन रखने के बजाए बिजनेसों को कर्ज देने के लिए प्रेरित करेगा और तब वे भारी भरकम 6,90,000 करोड़ आरबीआई के साथ रखे हुए थे। तब से यह दर 3.35 प्रतिशत और कम कर दी गई है यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक शीर्ष बैंक के पास धन न रखें, इसके बजाए कर्ज दें। फिर भी, अतिरिक्त धन जो उनके पास रखा है वह 80,000 करोड़ पार कर गया है। कोरोनावायरस द्वारा पैदा किए गए व्यवधान एवं परिणामत: क्रेडिट में संकुचन के अलावा, अनुशस्ति एवं निस्तारण के लिए मांग भी बैंकों द्वारा जोखिम टालने एवं कर्ज के प्रति संकीण दृष्टिकोण अपनाने के कारण प्रभावित हुई है।

चौथे, तीन महीने तक लाकडाउन एवं उसके पश्चात भी जारी रहने, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर रुक रुक कर लाकडाउन लागू किए जाने, के कारण पूर्व की तुलना में मांग में जबर्दस्त गिरावट आई है। लाखों की संख्या में बिजनेसों के बंद हो जाने के अतिरिक्त अथवा वेतन व मजदूरी में कटौती होने के कारण, वे लोग कोविड के प्रभाव से बच गए और जिनके पास अतिरिक्त धन था, वे भी सामाजिक दूरी की बाध्यता के कारण खर्च नहीं कर पाए और रेस्टोरेंटों, सिनेमा हालों, मल्टीप्लेक्सों, पर्यटन गंतव्यों जैसे सेवा क्षेत्रों में लंबे समय तक बंदी की स्थिति बनी रही।

महामारी के द्वारा पैदा की गई अक्षमता की गंभीरता को आंकलन इस तथ्य से किया जा सकता है कि वर्तमान समय में, जनता के पास नकदी ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच गई है जो कि 26,00,000 करोड़ अथवा जीडीपी की 15 प्रतिशत है, अगर वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 10 प्रतिशत संकुचन मान लिया जाए, तो यह नवंबर 2026 में नोटबंदी केसमय 17,00,000 करोड़ से ऊपर थी।

एक प्रमुख कारक जिसका मांग पर व्यापक असर पड़ा उसका घोटालों से लेना देना है। इनमें शामिल है बैंकों व गैर बैंकिंग फाइनेंस कम्पनियों से पैसे का गबन किया जाना, अथवा बिल्डरों द्वारा सीधे जनता से पैसा लिया जाना आदि। सैकड़ों व हजारों करोड़ के ये घोटाले चुनिंदा लोगों की निजी संपत्ति में जुड़ जाते हैं, जो कि या तो विदेशों में जमा की जाती है या भारत के भीतर बेनामी संपत्ति के तौर पर। यदि यह धन उन लाखों लोगों के पास रहता जिनका ये असलियत में है, तो इससे क्रयशक्ति में काफी बढ़ोतरी होती, बैंकों व वित्तीय संस्थाओं का एनपीए कम होता और कर्ज देने की उनकी क्षमता और बढ़ जाती।

एमपीसी की अगस्त में हुई बैठक में छायी निराशा के विपरीत, इस बार आरबीआई ने आत्मविश्वास पैदा किया है क्योंकि गवर्नर भारतीय अर्थव्यवस्था को निर्णयात्मक चरण में प्रवेश करते देख रहे हैं, और विविध क्षेत्रों में संकुचन घटकर सहजता आ रही है। क्यू-1 का गहन संकुचन हमारे पीछे छूट चुका है और भारत में चमकीली रेखा नजर आने लगी है। वो खुदरा मुद्रास्फीति को तीसरी तिमाही के बाद से कम होता देख रहे हैं, जो कि श्रेष्ठ कृषि संबंधी दूरदृष्टि तथा तेल की कीमतें सीमा में रहने से प्रेरित है। गवर्नर ने बाजार के सहभागियों को तरलता तक पहुंच एवं सरल वित्तीयन शर्तों को लेकर आश्वस्त करने के लिए उपाय करने का वादा भी किया है- अगले सप्ताह 20,000 करोड़ की ओएमओ नीलामी और मार्च 2021 तक 1,00,000 करोड़ की उपलब्धता, इस दिशा में उठाए गए कुछ कदम हैं।

ये सब समान श्रेणी में उपायों की संख्या में जुड़ जाते हैं। जिस तरह वे उपाय विफल साबित हुए, वैसे ही संभव नहीं है कि ये बढ़ोतरियां कुछ बेहतर कर पाएंगी। यह अच्छी बात है कि आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दरों यथा रेपो दर व रिवर्स रेपो दर को अपरिवर्तित रखा है, अथवा वर्तमान परिदृश्य में, जब अर्थव्यवस्था संरचनात्मक बाधाओं से परिपूर्ण है, आगे कोई और कटौती निष्फल साबित हुई होती। अर्थव्यवस्था में विद्यमान संरचनातमम बाधाओं को संबोधित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इनमें बिजनेस भावना को ऊंचा उठाने तथा निवेश को बढ़ावा देने, एनपीए से युद्धस्तर पर निबटने, बैंकों को सक्रिय ढंग से परियोजनाओं के लिए कर्ज देने हेतु प्रेरित करने तथा घोटालों के साथ सख्ती से निबटने व उन्हें रोकने जैसे नीतिगत सुधार शामिल होते हैं। इनके बगैर, अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने पर जोर देने से कोई लाभ नहीं होता।

# मजबूत करें स्थानीय निकाय

## यूएलबी को जल सप्लाई, कचरा प्रबंधन, जल निकासी, सीवेज, शहरी परिवहन व ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। ऐसा न होने का एक कारण उनकी अक्षमता है।

**एम. रामचंद्रन**
(लेखक, शहरी विकास मंत्रालय के पूर्व सचिव हैं)



स्थानीय निकायों को ज्यादा सक्रिंय भूमिका देने के लिए नगरपालिका व नगर निगम कर्मचारियों के वर्तमान ढांचे में व्यापक परिवर्तन करने होंगे। केन्द्र व राज्य सरकारों के बाद शहरी स्थानीय निकाय-यूएलबी या पंचायत जनता के सबसे निकट होती है। 1992 में संविधान के 74वें संशोधन ने नगरपालिकाओं की महत्वपूर्ण स्थिति स्वीकार की थी। हालांकि, चेन्नै नगर निगम 1688 से तथा कोलकाता और मुंबई के नगर निगम 1726 से कार्यरत हैं।

स्थानीय सरकार राज्य सूची का विषय है और 1992 के संशोधन द्वारा नगरपालिकाओं को संवैधानिक दर्जा मिलने के बावजूद नगर निकाय संस्थानों की शक्तियों, कामकाज तथा जिम्मेदारियों पर संबंधित राज्य विधायिकाओं का अधिकार बनाए रखा गया है। इस प्रकार यूएलबी की वैधता सुनिश्चित रखते हुए यह संशोधन नगरपालिका व्यवस्था में कोई ढांचागत परिवर्तन नहीं करता है। राज्यों ने स्थानीय सरकारों को मजबूत कर प्रशासन बेहतर बनाने तथा उसे जनता के निकट ले जाने के प्रयास थोड़ा अलग तरीके से किए हैं। संविधान की बारहवीं अनुसूची में यूएलबी के निर्धारित 18 कामों को विभिन्न राज्य सरकारों ने अलग-अलग तरीके से संबोधित किया है। कुछ ने ये सारे काम उनको दिए हैं, जबकि कुछ ने यह काम केवल आंशिक रूप से किया है। ऐसा कदम उठाने के बावजूद यूएलबी को पैसे, कामकाज व कार्यकारियों को पूरी शक्ति देने के मामले में काफी भ्रम की स्थिति है। केन्द्र सरकार ने शहरी क्षेत्रों की केन्द्रीय योजनाओं को सुधार एजेंडे में शामिल कर सारे काम शहरी संस्थानों को दिए हैं और उनको प्रभावी बनाने का प्रयास किया है।

यूएलबी को जल सप्लाई, कचरा प्रबंधन, जल निकासी, सीवेज, शहरी परिवहन व ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। ऐसा न होने का एक कारण उनकी अक्षमता है। संविधान संशोधन यूएलबी का राजस्व आधार परिभाषित नहीं करता है तथा राज्य वित्त आयोग-एसएफसी की व्यवस्था प्रभावी परिवर्तन करने में अक्षम रही है। इसके उलट ब्राजील की नगरपालिकाओं को व्यापक स्वायत्तता प्राप्त है और वे टैक्स लगाने में सक्षम हैं। इसके लिए संविधान में संघ, राज्यों व नगर निकायों को पैसा हस्तांतरित करने की स्पष्ट व्यवस्था है। ऐसे में संविधान में केन्द्र व राज्य सूचियों के साथ स्थानीय निकाय सूची भी शामिल हो सकती है। ज्यादा सक्रिय व जवाबदेह भूमिका निभाने के लिए नगरपालिका कर्मियों के



वर्तमान ढांचे में भी व्यापक परिवर्तन जरूरी होंगे। भविष्य में नगरपालिकाओं को निर्धारित कामों के लिए तैयार करने हेतु नगर प्रशासन को हर क्षेत्र में सक्षम पेशेवरों की जरूरत है।

कर्नाटक के नगर निगमों में मोटेतौर से नगर कमिश्नर नीचे चीफ एकाउंट्स आफिसर, चीफ इंजीनियर, रेवेन्यू आफिसर, चीफ डेवलपमेंट आफिसर व चीफ हेल्थ आफिसर जैसे पांच पद हैं। ठोस कचरा प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था जरूरी है। सार्वजनिक-निजी साझेदारी, पर्यावरण प्रबंधन, शहरी आवागमन व संसाधन सृजन के लिए भी पेशेवरों की जरूरत है। कर्मचारियों के मानकों की समीक्षा की जरूरत है। ढांचागत संरचना से सेवा प्रदाता व्यवस्थाओं में परिवर्तन स्वीकार किया जाना चाहिए। क्या हमारे स्थानीय निकाय पानी सप्लाई जैसी व्यवस्थाओं को निरंतर बनाए रखने, उस पर आने वालाखर्च वसूल करने, नागरिकों की शिकायतें दूर करने व अन्य समस्याओं के समाधान की स्थिति में हैं। क्या वे नागरिकों को चौबीसों घंटे व सातों दिन मानकों के अनुसार सेवा दे सकते हैं।

तेरहवें वित्त आयोग ने कहा था कि राज्य सरकारों को सभी आवश्यक सेवायें धीरे-धीरे स्थानीय निकायों को सौंपनी चाहिए तथा चौदहवें वित्त आयोग ने मूलभूत सेवाओं के मानक निर्धारित किए थे। जनता की सेवा के मामले में अनेक वैश्विक उदाहरण हैं। लंदन में 2019 में एक सार्वजनिक बयान के माध्यम से एक निजी जल सप्लाई कंपनी ने स्वीकार किया था कि वह पानी लीकेज रोकने का लक्ष्य प्राप्त करने में विफल रही है और इसके लिए जुर्माना अदा करेगी। इस जुर्माने की राशि उपभोक्ताओं के बिलों से घटाई जाएगी। स्थानीय निकाय सरकारों को जनता के निकट ले जाने के लिए हमें उनको प्रभावी व कारगर बनाना होगा। संविधान संशोधन ने स्थानीय निकाय परिषदों के स्तर पर वार्ड समितियां बनाने का प्राविधान किया है। प्रत्येक राज्य विधायिका को इसका प्राविधान कर उनको कारगर बनाना होगा। केन्द्र ने राज्यों को एक माडल नगर राज बिल का प्रारूप दिया है जिसमें उनके काम, अधिकारों तथा कर्तव्यों का वर्णन है। वार्ड समितियां वार्डों का बजट बनाने, निगरानी तथा विभिन्न विकास कार्यों के बीच समन्वय का काम कर सकती हैं। इससे प्रमुख सेवाओं तक सभी नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित होगी तथा इस व्यवस्था में क्षेत्रीय लोगों को सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया जा सकता है। अब राज्यों का काम है कि वे इनके गठन तथा इनको प्रभावी बनाने के लिए समुचित विधायन करें। हाल ही में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा कर्नाटक के स्थानीय निकायों के आडिट से स्पष्ट हुआ है कि बैंगलुरू को छोड़ कर किसी नगर निगम में वार्ड समितियों का गठन नहीं हुआ था। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन या पोलिंग स्टेशनों के समूह पर क्षेत्र सभाओं का गठन भी राज्य विधायनों से किया जा सकता है। प्रत्येक राज्य सरकार से उम्मीद की गई थी कि राष्ट्रीय शहरी मिशन के सुधार एजेंडे के अंतर्गत वह सामुदायिक सहभागिता कानून बनाएगा। लेकिन आंध्र प्रदेश जैसे कुछ ही राज्यों ने इस दिशा में कदम उठाए।

वार्ड समितियां व क्षेत्रसभायें नागरिकों के बारे में डेटा व सूचनायें एकत्र करने तथा सेवाओं पर लगातार निगरानी रखने का काम कर सकती हैं। यह स्थानीय स्वशासन को प्रभावी बनाने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वर्तमान कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के संदर्भ में एक ऐसी स्थिति की कल्पना करें जब क्षेत्र सभायें स्थानीय निकाय प्रशासन को जरूरतमंद लोगों के बारे में जानकारी उपलब्ध करा सकतीं। इनमें अकेले, दिव्यांग, लगातार चिकित्सकों की निगरानी की जरूरत वाले लोग, प्रवासी तथा कामगार शामिल होते जिनको सहायता की आवश्यकता होती। इसके आधार पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई की सुनियोजित व्यवस्था बनाई जा सकती थी। इससे स्थानीय निकाय के स्तर पर उपयुक्त सूचनाओं के आधार पर निर्णय लेने में सहायता मिलती। इसका एक सक्रिय उदाहरण हाल ही में गुरुग्राम में देखने को मिला था। यहां शहर प्रशासन ने शहर के विभिन्न भागों में बेकार पड़ी सिटी बसों का प्रयोग राशन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए किया था। स्थानीय प्रशासन के दृष्टिकोण से स्थानीय सरकारों को 'वोकल' बनाया जा सकता है। इससे लोगों को प्रशासनिक प्रक्रिया में सहभागिता का अनुभव होगा। राज्यों को स्थानीय स्तर पर संस्थाओं के लिए विधायन का काम करना चाहिए। समय आ गया है कि राज्य सरकारें स्थानीय निकाय संस्थानों की प्रभावी भूमिका स्वीकार करें। इसके लिए संसाधन प्रबंधन, कर्मियों को पेशेवर बनाने, स्थानीय जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा हर स्तर पर क्षमता सुधारने के लिए कुछ परिवर्तन करने होंगे। स्वच्छ भारत मिशन ने सिद्ध किया है कि स्थानीय नेतृत्व का सहयोग कितना महत्वपूर्ण हो सकता है। औपचारिक व्यवस्थायें बनाने से अटल शहरी पुनर्जीवन मिशन जैसी योजनाओं के लक्ष्यों का बेहतर क्रियान्वयन संभव हो सकता है। इससे सभी घरों को पानी सप्लाई व सीवेज निस्तारण की मूलभूत सुविधायें मिल सकेंगी।


## भैंस पर सूझबूझ

खाकी महकमा अपने अजीबोगरीब कारनामों के लिए हमेशा चर्चा में रहता है। कभी पुलिस अपराधी को डराने के लिए मुंह से ही गोली चलने की ठाएं ठाएं आवाज निकालती है तो कभी शराब पीकर आपस में ही सड़कों पर उलझ जाती है। अब एक बार फिर इत्र की राजधानी कहे जाने वाले जिले में पुलिस ने एक ऐसा काम किया है जिसे सुनकर हतप्रभ होना स्वाभाविक है। दरअसल एक व्यक्ति की भैंस चोरी हो गई। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे तीन दिन पहले एक अन्य व्यक्ति की भी भैंस चोरी हो चुकी थी। उसने भी शिकायत दर्ज करा रखी थी। जैसे तैसे पुलिस ने एक भैंस बरामद कर ली। इसकी जानकारी मिलने के बाद दोनों शिकायतकर्ता थाने पहुंच गए। दोनों ने भैंस के ऊपर अपना दावा ठोक दिया। ऐसे में पुलिस फैसला करने में असमर्थ हो गई क्योंकि एक भैंस पर दो लोग अपना दावा ठोक रहे थे। तभी पुलिस ने एक ऐसा निर्णय लिया जिसने सभी को चौंका दिया। पुलिस ने भैंस को दोनों दावेदारों के बीच में छोड़ दिया। पुलिस का कहना था कि यदि भैंस अपनी मालिक को पहचान कर उनके पास चली जाती है तो समझो भैंस उसी आदमी की है और हुआ भी यही। भैंस अपने असली मालिक को पहचानते हुए उसके पीछे चल दी। अब पुलिस के इस सूझबूझ भरे निर्णय की प्रशंसा हो रही है। भैंस का दूसरा दावेदार भी इस फैसले से सहमत है।




## फिर जगी आस

शनिवार से शारदीय नवरात्र शुरू होने के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा बलवती होती जा रही है। संगठन के भी लोग यह मान रहे हैं कि अगर अब सरकार में एडजस्ट नहीं हो पाए तो फिर मौका कब मिलेगा यह तो राम जाने क्योंकि आज से ठीक एक साल बाद यूपी सरकार विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएगी। इसलिए जो भी जोर आजमाइश करनी है वह अभी ही करनी होगी वरना समय नहीं मिलेगा। संगठन में ऐसे कई चेहरे हैं जो हर बार उम्मीद लगाते हैं कि शायद इस बार नाम के आगे माननीय लगने की नौबत आए लेकिन बहार आकर चली जाती है और गुलशन में फूल नही खिलते हैं। इस बार भी अगर मौसम मेहरबान न हुआ तो शायद फिर कभी मौका नहीं मिल पाएगा। इसी उम्मीद में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने राम नाम जपना शुरू कर दिया है।




## खेल पर पहरा

अपने मैनेजमेंट गुरु अपनी विद्वता के जरिये संस्थान के बड़े से बड़े धुरंधरों को मात देने में लगे हैं। अब खबर है कि संस्थान में हर साल एडमिशन में होने वाले खेल की खबर पर उन्होंने पहरा लगा दिया है। संस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है। संस्थान में तो वैसे हर बार एडमिशन की प्रक्रिया सवालों के घेरे में रहती है। अपने आपको पाक साफ बताने वाले गुरुजी पिछले कई साल से जिम्मेदारी संभालते संभालते इस खेल के माहिर हो गए हैं। ऐसे में प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए मुखिया जी ने पहली बार साइंस के साथ आर्ट्स का कॉम्बिनेशन कर दिया है। काम साइंस करेगा, नजर आर्ट्स रखेगा। अंदर से यह भी खबर है कि नेक्स्ट शेसन से यह जिम्मेदारी किसी और को ट्रांसफर हो सकती है।

## गुप्त प्रसाद

लोगों को ऊपर मार्ग से यातायात की सेवा देने वाले लाला जी प्रसाद से वंचित चल रहे हैं। ऊपर मार्ग बनाने वाले विभाग के लाला जी पूरी तरह से मुखिया तो हैं लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर वाला उनसे नाराज चल रहा है। शायद यही कारण है कि उन्हें प्रसाद नहीं मिल रहा है। वह भी केशव का। देखा जाए तो लालाजी ऊपर मार्ग अर्थात सेतु के मुखिया हैं फिर भी उनके पास काम कुछ नहीं है सिर्फ बैठक करते हैं और हस्ताक्षर। मलाई कोई और काट रहा है। काटे भी क्यों न। आखिर उस पर केशव की गुप्त रूप से दया दृष्टि है। यही कारण है कि लाला जी से काफी छोटे पद पर मौजूद व्यक्ति गुप्त रूप से आशीर्वाद लेकर पूरा आनंद ले रहा है। इस स्थिति से अकेले लालाजी ही परेशान नहीं है बल्कि ऊपर मार्ग बनाने के लिए बैठाए गए दर्जनों अधिकारी प्रभावित हो रहे हैं लेकिन बोल कोई नहीं रहा है। सब मौन धारण किए बैठे हैं। प्रश्न यह बनता है कौन पहल करे। केशव के प्रसाद को गुप्त रूप से मात्र एक व्यक्ति के पास जाने से रोके।



## चलो यह भी आजमाएं

कभी साइकिल पर सवार रही भाजपा की महिला नेता को सफलता के रास्ते की तलाश है। करीब दो साल के सारे जतन फेल होने के बाद अब इस महिला नेता ने सफलता के रास्ते की तलाश में नया जतन शुरू किया है। भगवा पोशाक में भाजपा की यह महिला नेता पिछले दिनों गोशाला पहुंची और बडे प्यार से गोवंश को अपने हाथों से खिलाया। उन्हें उम्मीद है कि गोवंश के प्रति लगाव रखने वाले मुख्यमंत्री को उनका यह तरीका पसंद आएगा और शायद उनके लिए भाजपा में कामयाबी का रास्ता खुल सके। महिला नेता ने अपना फोटो सहयोगियों की मदद से वायरल कराया। वैसे यह महिला नेता जब साइकिल पर सवार थी तो सफलता की डगर पर चलने के लिये खूब कुलाचें भरीं थी और कुछ हद तक सफल भी रहीं। उन्हें चुनाव से साल भर पहले ही विधानसभा का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया लेकिन चाचा-भतीजे के दंगल में उनका दांव खाली चला गया। उल्टा चुनाव तैयारियों पर खर्च किया गया लाखों रुपया पानी में चला गया।

# महिलाओं को बनना होगा सशक्त

- राज्यपाल ने किया सेफ सिटी परियोजना का शुभारंभ, 100 पिंक पेट्रोल स्कूटी व 10 चार पहिया महिला पुलिस वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया








**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से सेफ सिटी परियोजना का शुभारम्भ करते हुए 100 पिंक पेट्रोल स्कूटी एवं 10 चार पहिया महिला पुलिस वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया। निर्भया फण्ड से अनुदानित सेफसिटी परियोजना के लिए चयनित देश के 8 महानगरों में लखनऊ भी सम्मिलित हैं।

राज्यपाल ने नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए महिला पुलिस कर्मी का दस्ता पूरे शहर में भ्रमण करेगा, इससे सुरक्षा की भावना एवं गौरव का बोध होता है। सेफसिटी परियोजना 180 दिन चलने वाला अभियान है जिसके तहत पुलिस सहित सभी विभाग केन्द्रीकृत होकर महिला हितों के लिये कार्य करेंगे। राज्यपाल ने केन्द्र एवं राज्य सरकार का महिलाओं के लिए चलायी जा रही योजनाओं के लिए अभिनन्दन करते हुए कहा कि हमें देखना होगा कि इन योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिले। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज का दायित्व बढ़ जाता है। महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं होगा तो वे अपना महत्व खो देंगी। महिलाएं जब तक सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहेंगी तब तक उनका उत्पीड़न होता रहेगा। महिलाओं को सशक्त बनना होगा। राज्यपाल ने कहा कि समाज में अपराधी एवं विकृत प्रवृत्ति के भी लोग हैं जिन्हें अपराध करने में संतोष मिलता है। छात्राओं को स्कूल जाते समय परेशान किया जाता है। ऐसे लोगों के कारण महिलाएं परिवार में भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करती। उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे लोगों को चिन्हित कर अपराध करने से पूर्व ही रोके। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारियां ही नहीं होती हैं। महिलाओं को अपने क्षेत्र के थानों एवं स्थानीय अधिकारियों का भी पता नहीं होता है। जब महिलाएं एवं बेटियां पुलिस और थाने से डरेंगी तो सुरक्षा की भावना कैसे विकसित होगी। पुलिस एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं, विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं तथा स्वयं सेवी महिला सगठनों से मिलकर महिलाओं के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं एवं उनके अधिकारों की जानकारी देनी चाहिए, तब सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे। महिला कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने कहा कि संविधान में महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिला है। समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव जागृत करें। हमें बेटा और बेटी का अंतर मिटाना होगा। हमें अपने बेटों को बेटी का सम्मान करने की शिक्षा देना होगी। पुलिस महानिदेशक एचसी अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विशाल प्रदेश है। पुलिस के साथ-साथ लोगों को भी जागरूक कर भयमुक्त वातावरण बनाने का प्रयास किया जायेगा। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिला अपराध के दुराचारियों की पहचान उजागर करना, थानों में महिला डेस्क स्थापित करना, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक स्थलों में जन जागरूकता बढ़ायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पिंक पेट्रोल वाहनों को प्रदेश के अन्य जनपदों में भी लागू किया जायेगा। अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश नीरा रावत ने सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में प्रारम्भ की गयी पिंक पेट्रोल योजना के प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें केन्द्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत तथा राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत व्यय वहन किया जायेगा। लखनऊ में 100 दो पहिया तथा 10 चार पहिया महिला वाहन संचालित किये जायेंगे जो रेडिया संचार तथा 112 सुविधा से जुड़े हैं। इन वाहनों को फर्स्ट एड किट, फ्लैशर लाइट तथा सुविधाओं से युक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में महिला अपराध से महिला पुलिस निपटेगी, जिससे महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी।

## महिला हेल्प डेस्क व आगन्तुक कक्ष में नियुक्त पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएः डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों के प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष के संबंध में डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने शनिवार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस संबंध में डीजीपी ने समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त लखनऊ ,गौतमबुद्धनगर, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद को परिपत्र जारी किया है। अपने निर्देशों में डीजेपी ने कहा है कि थानों पर आने वाले आगन्तुक, शिकायतकर्ता, पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को सुनने हेतु एक आधुनिक केन्द्रीयकृत महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष की स्थापना की जाए। आगन्तुक, शिकायतकर्ता, पीड़ित महिलाओं को रिसेप्शन से ही उससे सम्बन्धित सभी जानकारियां प्राप्त कर उनका निस्तारण किया जाए। महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष में नियुक्त कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए। महिला हेल्प डेस्क पर 2 व्यवहार कुशल एवं मृदुभाषी महिला आरक्षियों की नियुक्ति की जाए। महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष में नियुक्त होने वाले कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाए। मेट्रोपोलिटन सेन्टर तथा बड़ो शहरों में तैनात महिला रिसेप्शन कर्मी एवं टूरिज्म पुलिस कर्मियों को अंग्रेजी भाषा का भी प्रशिक्षण दिया जाए। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मेरठ में स्थापित लैंग्वेज लैब से प्रशिक्षण कराया जाए। रिसेप्शन पूर्णतः कम्प्यूटराईज्ड तथा प्रशिक्षित महिला आरक्षियों द्वारा संचालित किया जाए। थाने पर आने वाले हर आगन्तुक, शिकायतकर्ता, पीड़ित महिलाओं को सर्वप्रथम रिसेप्शन पर नियुक्त कर्मियों द्वारा अटैन्ड किया जाए। शिकायतकर्ता के विवरण को कम्प्यूटर में फीड करते हुये उन्हें प्रार्थना पत्र की प्राप्ति रसीद दी जाए।

## ओडीओपी कार्यक्रम के तहत 15000 करोड़ का ऋण दिया गयाः सहगल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के एसीएस एमएसएमई डा नवनीत सहगल ने बताया कि एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत मार्जिनमनी स्कीम से कारीगरों, इकाइयों को 20 लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। पिछले तीन वर्षों से लेकर अब तक लगभग 3000 कारीगरों, इकाइयों को योजना के तहत 15000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया जिससे 15000 लोगों को रोजगार मिला। उन्होंने बताया कि कौशल विकास और टूलकिट वितरण योजना के तहत ओडीओपी कारीगरों को 10 दिनों तक मुफ्त प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले कारीगरों को फ्री में आधुनिक टूलकिट भी दिये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अब तक 41000 से अधिक ओडीओपी कारीगरों को प्रशिक्षित कराते हुए लगभग 40000 कारीगरों को टूलकिट उपलब्ध कराया गया है। सहगल ने बताया कि ओडीओपी कार्यक्रम के तहत संचालित सामान्य सुविधा केंद्र योजना के तहत प्रत्येक जिले में सीएफसी की स्थापना कराई जा रही है। सीएफसी के माध्यम से ओडीओपी कारीगरों, इकाइयों को डिजाइनए कच्चे माल, पैकेजिंग, सहित व्यापार से जुड़ी तमाम प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत परियोजना लागत का 90 प्रतिशत की वित्तीय सहायता अनुदान देने का प्राविधान हैं। अब तक 13 जनपदों में सीएफसी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हा गई।

इनके अलावा 34 जनपदों में सीएफसी को इन-प्रिंसिपल अप्रूवल प्रदान किया गया है। साथ ही 48 अन्य सीएफसी की स्थापना के लिए सैद्धांतिक सहमति प्रदान की जा चुकी है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि बाजार विकास सहायता योजना स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मेलों एवं प्रदर्शनियों में ओडीओपी कारीगरों, इकाइयों की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आवास, यात्रा और स्टाल शुल्क प्रतिपूर्ति भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर आने के लिए ओडीओपी कारीगरों, इकाइयों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है। विभाग ने 450 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों को चिह्नित किया गया है। जिसमें ओडीओपी कारीगर, इकाइयां हिस्सा ले सकती हैं।

## विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापक चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा 30 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गयी हैं। स्टार प्रचारकों में प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव एवं प्रभारी उप्र प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, सांसद पीएल पुनिया, पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी, सांसद राजबब्बर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव शुक्ल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व एमएलसी विवेक बंसल, कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता दीपक सिंह, विधायक सोहेल अन्सारी, अल्संख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन नदीम जावेद, पूर्व सांसद राजा राम पाल, पूर्व सांसद राशिद अल्वी, पूर्व सांसद चौ. बिजेन्द्र सिंह, हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद बीएल खाबरी, पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक अजय राय, पूर्व विधायक गजराज सिंह शामिल हैं।

## सपा की उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी घोषित, डॉ. सचान बने प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड की 39 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने डॉ. सत्य नारायण सचान को सपा उत्तराखंड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही तीन उपाध्यक्ष, एक प्रमुख महासचिव, 2 महासचिव, एक कोषाध्यक्ष तथा 20 सचिव बनाये हैं। समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड की घोषित कार्यकारिणी में सुरेश परिहार एडवोकेट, अवतार सिंह, आभा बड़थ्वाल उपाध्यक्ष, सुएब अहमद सिद्दीकी प्रमुख महासचिव, डॉ राकेश कुमार पाठक एवं डा राजेन्द्र पारासर महासचिव, एसके राय कोषाध्यक्ष तथा मुख्य प्रवक्ता सुभाष पंवार होंगे। उत्तराखण्ड समाजवादी पार्टी कार्यकारिणी में अब्दुल कवि, हेमा वोहरा , रमेश गौड, चन्द्र मोहन मुंडुप्पी, अतुल शर्मा, जगदीश पोखरियाल, अतुल यादव, इं विपिन चन्द्र पाण्डेय, धर्मानन्द नैनवाल, प्रदीप सिंह पंवार गुर्जर, शेख अहमद जमा, भगत सिंह रावत, गुलफाम अहमद, सुभाष सैनी, मशकूर अहमद कुरैशी, अब्दुल गफ्फार, अरविन्द यादव, हरेराम शास्त्री, शहरून उर्फ टोनी पठान तथा थामस मैसी सचिव बनाये गये हैं।

## एमएसएमई के लिए मंडल स्तर पर उद्यमिता संवर्धन केन्द्रों की होगी स्थापना

**लखनऊ।** प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि प्रदेश में एमएसएमई के विकास तथा संवर्धन के लिए मण्डल स्तर पर उद्यमिता संवर्धन केन्द्रों की स्थापना कराई जा रही है। प्रदेश के 18 मण्डलों के 36 जनपदों में उद्यमिता संवर्धन केन्द्रों की स्थापना की संस्तुति एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने के लिए पत्र भेजा गया है। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास तथा संवर्धन जनपद स्तर पर अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की स्थापना को अधिक सुगम बनाने, उनके उत्तरोत्तर विकास, व्यापार में विकास, सेवाओं में बढ़ोत्तरी आदि संरचनात्मक गतिविधियों को ऊर्जावार बनाने तथा सामूहिक परिवर्तन लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में भारत सरकार के अधीन मण्डल स्तर पर कम से कम दो उद्यमिता संवर्धन केन्द्रों की स्थापना जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र में कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

## वसूली की लिस्ट वायरल करने पर आईपीएस अमिताभ ठाकुर से स्पष्टीकरण तलब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने वरिष्ठ आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर द्वारा थाना कोतवाली मुगलसराय, चन्दौली की कथित वसूली लिस्ट वायरल करने के संबंध में उनका स्पष्टीकरण मांगा है। शासन ने कहा है कि अमिताभ द्वारा सोशल मीडिया नीति का उल्लंघन करते हुए तथ्यों को सार्वजनिक करना अनुचित आचरण की श्रेणी में आता है और अवैधानिक कार्यों में लिप्त व्यक्तियों की सूची सार्वजनिक होने से उनके द्वारा अपना बचाव करने व साक्ष्यों से छेड़छाड़ का अवसर मिलता है। अमिताभ ने लिस्ट ट्वीट करते हुए कहा था कि इस हैण्डरिटेन लिस्ट से टोटल प्रति माह की वसूली 35.64 लाख के अलावा 15 व्यक्तियों से अवैध खनन से 12,500 रुपये प्रति वाहन तथा पडवा कट्टा का काम करने वाले कबाड़ी से 4,000 रुपये प्रति वाहन होता है। इसमें गांजा दुकान का 25 लाख भी शामिल है। उन्होंने इन तथ्यों की गहन जांच की मांग की थी। सतर्कता अधिष्ठान की जांच में अवैध वसूली तथा विभिन्न अवैध गतिविधियां करने की पुष्टि हुई है। अमिताभ की पत्नी एक्टिविस्ट डॉ. नूतन ठाकुर ने शनिवार को इस कारण बताओ नोटिस को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि जहां शासन को अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, वहीं वे भ्रष्टाचार सामने लाने वाले को ही प्रताड़ित कर रहे हैं।

## योगी सरकार श्रमिकों के लिए कई योजनाओं को उतारेगी जमीन पर

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार श्रमिकों की कई योजनाओं को राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर 1 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जमीन पर उतारेगी। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ भारत सरकार के श्रम मंत्री व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने दी। श्री भराला ने कहा कि प्रदेश के कारखानों एवं वाणिज्यिक दुकानों में काम करने वाले श्रमिकों को आधार कार्ड की तर्ज पर यूनीफाइड नम्बर दिया जायेगा। श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम भी जनपदों में आयोजित किये जायेंगे, जिसकी शुरूआत गौतम बुद्ध नगर से की जायेगी। सेवायोजकों को आनलाइन पंजीयन करने के लिए सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिया गया है कि पंजीयन का लाभ सेवायोजक अधिक से अधिक उठायें। इसके लिए उन्हें प्रेरित भी किया जाए। श्री भराला ने बताया कि श्रम कल्याण परिषद की 3 नई योजनाओं को बोर्ड द्वारा पारित कर दिया गया है। इसमें महादेवी वर्मा श्रमिक पुस्तक क्रय योजना, स्व. चेतन चौहान खेल सहायता योजना तथा स्वामी विवेकानन्द धार्मिक एवं पर्यटन यात्रा योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत कारखानों में कार्यरत श्रमिक की पुत्रियों को स्नातक एवं परास्नातक की पढ़ाई के लिए किताब कापियों के क्रय हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा।

## जनता हित में भाजपा सरकार को अब गद्दी छोड़ देनी चाहिएः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि हर मोर्चे पर विफल भाजपा सरकार को अब प्रदेश और जनता के हित में गद्दी छोड़ देनी चाहिए। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के रहते बहन बेटियों की सुरक्षा नहीं हो सकती है। सत्ताधीशों का दिल भले न पिघले, पोस्टमार्टम के बाद बाराबंकी की बेटी का शरीर देखकर डाक्टरों के भी होश उड़ गए।

उन्होंने कहा कि जब हालात इतने हृदयविदारक हों तब मुख्यमंत्री का नवरात्र के शक्ति पर्व से नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए विशेष अभियान चलाने की बात करने का औचित्य क्या है। रोमियो स्क्वाड तो जन्म से ही विवादित रहा, 1090 और यूपी डायल 100 जैसी व्यवस्थाओं को भी भाजपा सरकार ने इसलिए निष्प्रभावी बना दिया क्योंकि उनकी शुरूआत समाजवादी सरकार ने की थी। अब प्रत्येक जनपद में 100 रोल माडल चुने जाने की भी घोषणा है। अब तक जो मुख्यमंत्री और उनकी सरकार कानून व्यवस्था का एक कलपुर्जा नहीं दुरूस्त कर पाई वह आगे किसी को क्या सुरक्षा देगी। हर मोर्चे पर विफल भाजपा सरकार को अब प्रदेश और जनता के हित में गद्दी छोड़ देनी चाहिए।

## उप चुनाव में निषाद पार्टी बीजेपी को देगी पूर्ण समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**यूपी** की सात विधान सभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव को देखते हुए निषाद पार्टी बीजेपी के सभी प्रत्याशी का समर्थन करेगी। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद और बीजेपी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला के साथ सयुंक्त रूप से मीडिया से बात करते हुए यह घोषणा की है।

संजय निषाद ने कहा कि भाजपा के साथ निषाद पार्टी ने 2019 के चुनाव में गठबंधन करके बेहतर प्रदर्शन किया था। प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में भी निषाद पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक भाजपा के साथ हैं और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी निश्चित दिख रही हार से बौखलाकर भाजपा व निषाद पार्टी के गठबंधन को लेकर भ्रम फैला रहा है। निषाद पार्टी कल भी एनडीए का हिस्सा थी, आज भी एनडीए के साथ है और कल भी पूरी मजबूती के साथ एनडीए के साथ रहेगी। निषाद ने कहा कि विगत सात दशकों से विपक्ष ने कमजोर वर्गों को गुमराह करने का काम किया जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व की केन्द्र सरकार ने कमजोर वर्गों की मजबूती के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनके हित में काम किया। उन्होंने कहा कि शोषित, वंचित व गरीबों के कल्याण में किये जा रहे मोदी सरकार व योगी सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर निषाद पार्टी बीजेपी के साथ है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 व 35 को समाप्त कर अखण्ड भारत के संकल्प को पूर्ण करने का काम किया है। इसके साथ ही राजनैतिक साहस के साथ लिए गए निर्णयों व जनकल्याणकारी योजनाओं से विकसित भारत बनाने के संकल्प में निषाद पार्टी भी पूरी मजबूती के साथ मोदी सरकार व योगी सरकार के साथ है और एनडीए का अटूट हिस्सा है।

## नवम्बर माह से विशेष अभियान चलाकर टीकाकरण कराएगी योगी सरकार

- कोरोना काल में टीकाकरण से वंचित रह गए सवा तीन लाख बच्चे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कोरोना संक्रमण का असर टीकाकरण पर भी पड़ा है। लॉकडाउन के दौरान जहां सभी व्यवस्थाएं बाधित होने के कारण सरकारी अस्पतालों में टीकारण नहीं हो पाया, वहीं बाद में इसके शुरू होने के बावजूद बड़ी संख्या में बच्चे और गभर्वती महिलाएं इससे वंचित रह गए। अब ऐसे छूटे सवा तीन लाख बच्चों और चार लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं का नवम्बर माह से विशेष अभियान चलाकर टीकाकरण कराया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद के मुताबिक प्रदेश में मार्च महीने से जब से कोरोना प्रारम्भ हुआ, तब से बहुत बच्चे टीकाकरण से छूट गए। इनकी जानकारी जुटाने के लिए 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चले दस्तक अभियान में आशा वर्कर और आंगनवाड़ी कार्यकात्रियां घर-घर पहुंची। इस दौरान संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने के साथ टीकाकरण से वंचित रह जाने वाले बच्चों की खोजबीन करते हुए उनका ब्योरा जुटाया गया। इसमें सामने आया कि इस वर्ष पैदा हुए करीब सवा तीन लाख बच्चे टीकाकरण से छूट गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश नवजातों को लेकर इतना बड़ा सघन कार्यक्रम चलाने वाला देश का अकेला राज्य है। अब नवम्बर माह से इन बच्चों के टीकाकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह टीकाकरण सामान्य टीकाकरण से अलग चलेगा और इसके लिए सप्ताह का कोई दिन निर्धारित किया जाएगा। इसी तरह अभियान में ऐसी लगभग सवा चार लाख गर्भवती महिलाओं का पला चला जो टिटनेस और डिप्थीरिया के टीके से वंचित रह गईं। इन्हें भी आगामी 09 नवम्बर से चलने वाले अभियान में शामिल किया जाएगा। स्वास्थ्य महकमे के मुताबिक नवम्बर से तीन महीनों का प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस तरह नवम्बर से लेकर जनवरी तक सभी बच्चों का टीकाकरण कर लिया जाएगा। इस दौरान सामान्य टीकाकरण से लेकर जरूरत के मुताबिक बूस्टर डोज दी जाएगी।

# बिहार चुनावः महागठबंधन का संकल्पपत्र जारी

भाषा। पटना

**बिहार** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी महागठबंधन ने शनिवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। इसमें युवाओं को रोजगार देने, पलायन रोकने, शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने, उद्योगों को बढ़ावा देने सहित विभिन्न वादे किए गए हैं। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला, शक्ति सिंह गोहिल व वाम दलों के प्रमुख नेताओं ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में महागठबंधन का संकल्प पत्र बदलाव के संकल्प को जारी किया।

इस अवसर पर तेजस्वी यादव ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण विषय बेरोजगारी है। हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में युवाओं को 10 लाख रोजगार देने पर मुहर लगेगी।

## ● पलायन रोकने व उद्योगों को बढ़ावा देने का वादा

महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार ने कहा कि लाखों लोगों का रोजगार छिन गया है और कारोबारियों का व्यवसाय ठप पड़ गया है, ऐसे में हमने यह संकल्प किया है।

तेजस्वी ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है और नीतीश कुमार पिछले 15 वर्षों से राज्य में शासन कर रहे हैं लेकिन इसे विशेष दर्जा नहीं दिया गया। कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने कहा कि यह चुनाव नई दिशा बनाम दुर्दशा, नया रास्ता बनाम हिन्दू-मुसलमान, नई तरूणाई बनाम फेल तजुर्बे तथा खुद्दारी बनाम नफरत के बीच का है। उन्होंने नीतीश कुमार पर बिहार की जनता को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा के तीन गठबंधन हैं जिनमें से एक जदयू के साथ, दूसरा लोजपा के साथ और तीसरा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के साथ है। सुरजेवाला ने हाल में बने तीन कृषि कानूनों को किसान विरोधी करार देते हुए आरोप लगााया कि भाजपा हरित क्रांति को विफल बनाना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी तब पहले विधानसभा सत्र में तीनों कानून को खत्म करने के लिए कदम उठाया जाएगा। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि पिछली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी चीनी मिल को लेकर कुछ वादे किए थे लेकिन वे पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा कि लीची, गन्ना सहित अन्य उत्पादों के लिए कोई प्रसंस्करण इकाई नहीं है। हमारा ध्यान इन सभी पर रहेगा। तेजस्वी ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोग कुर्सी पाने की होड़ में लगे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सृजन घोटाले सहित कई घोटाले इसी शासनकाल में हुए हैं। राजद नेता ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के साथ ही कानून व्यवस्था स्थिति गंभीर है।

## यह चुनाव नई दशा बनाम दुर्दशा, खुद्दारी बनाम नफरत के बीच हो रहा हैः कांग्रेस

**पटना।** कांग्रेस ने बिहार में नीतीश कुमार नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि यह चुनाव नई दशा बनाम दुर्दशा और खुद्दारी और तरक्की बनाम बंटवारा और नफरत के बीच है।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, यह चुनाव नई दशा बनाम दुर्दशा का चुनाव है, यह चुनाव नया रास्ता और नया आसमान बनाम हिन्दू-मुसलमान का चुनाव है। यह चुनाव नए तेज़ एवं तरूणाई बनाम फ़ेल तजुर्बे की दुहाई तथा खुद्दारी और तरक्की बनाम बंटवारा और नफरत का चुनाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने बिहार की जनता से धोखा किया है। विपक्षी महागठबंधन के नेताओं ने शनिवार को यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में संकल्प पत्र बदलाव के संकल्प को जारी किया। भाजपा पर निशाना साधते हुए सुजरेवाला ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी तीन गठबंधनों में चुनाव लड़ रही है, एक गठबंधन जदयू और भाजपा का है जो नज़र आता है जबकि एक गठबंधन भाजपा और लोजपा का है जो लोग समझते हैं।



मैसूर में दशहरा-नवरात्र उत्सव के उद्घाटन के दौरान कोरोना योद्धाओं के लिए एक सत्कार कार्यक्रम में मौजूद कर्नाटक मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा

# मप्र उपचुनावः भिण्ड जिले में क्यूआर कोड लगी गोलियां जारी करने की योजना शुरू

भाषा। भोपाल

**मध्य प्रदेश** में विधानसभा की 28 सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों के मद्देनजर बंदूक के इस्तेमाल और हिंसा रोकने के लिए भिण्ड जिले में पुलिस ने एक नई पहल की है। इसके तहत कारतूसों पर क्यूआर कोड की मुहर लगाई जा रही है ताकि गोली चलाने वाले की पहचान जल्द और आसानी से हो सके।

मध्य प्रदेश में तीन नवंबर को 28 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के तहत भिण्ड जिले में दो सीटों तथा ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में 16 सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। चंबल के बीहड़ कभी मलखान सिंह और पान सिंह तोमर जैसे बागियों का अड्डा रहे थे जिन्होंने बंदूक के दम पर इलाके में आतंक का राज कायम किया था। बैंडिट क्वीन फूलन देवी ने भी सांसद बनने से पहले चंबल के बीहड़ों में ही राज किया था। जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा, पिछले पांच साल में भिण्ड में 150 हत्याएं हुई हैं। इनमें से अधिकांश अवैध हथियारों के इस्तेमाल से हुई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनावों जिले में हिंसा और धांधली करने की कोशिशें हुई थीं जिन्हें नाकाम कर दिया गया था।

उन्होंने कहा, इसलिए उपचुनावों से पहले पुलिस ने जिले में 22 हजार से अधिक हथियार लाइसेंसधारियों को क्यूआर कोड वाली गोलियां लेने के लिए कहा है। इस सप्ताह से इसकी शुरुआत हो गई है। एक कारतूस पर क्यूआर कोड चिह्नित करने के लिए सिर्फ एक पैसा खर्च होता है। इसमें बंदूक के लायसेंसधारी का विवरण होता है जिससे पुलिस लगभग तुरंत उसका पता लगा सकती है। एक सवाल के उत्तर में सिंह ने कहा कि कारतूसों पर कोड लगाने का काम न केवल उपचुनावों को देखते हुए किया जा रहा है लेकिन यह बंदूक संस्कृति को काबू में रखने में आगे भी सहायक होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान लायसेंसी हथियार पुलिस द्वारा जमा करा लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव के दौरान अगर किसी ने देशी हथियार से भी क्यूआर कोड वाली गोली दागी तो हम गोली चलाने वाले तक पहुंच सकते हैं क्योंकि क्यूआर कोड चिह्नित खाली गोली हमें पूरी जानकारी देगी। सिंह से पूछा गया कि इस पहल से भिण्ड जिले में, जहां अपराधी देश के विभिन्न स्थानों से हथियार और गोलियां प्राप्त करते हैं, क्या असर होगा तो उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में प्रचलित बंदूक संस्कृति को कम करना है। उन्होंने कहा, इसमें यदि मैं एक भी जीवन को बचाने में सफल होता हूं तो मुझे खुशी होगी। सिंह ने बताया कि वह पिछले दो साल से इस योजना पर काम कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि भिण्ड में झूठे मामले दर्ज करने का भी चलन है। उन्होंने कहा, कोई व्यक्ति गोली का शिकार होता है तो उसकी शिकायत में वह निर्दोष लोगों का नाम लेता है।

# गुजरात में दस लाख रुपए की रिश्वत मांगते दो सरकारी कर्मचारी हिरासत में

**व्यारा।** गुजरात के तापी में जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के दो कर्मचारियों को यहां स्थित एक न्यास स्कूल के खिलाफ कार्वाई नहीं करने के लिए कथित रूप से दस लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी भरत पटेल ने न्यास संचालित स्कूल को जारी एक नोटिस के एवज में कोई कार्वाई नहीं करने के लिए दस लाख रुपए बतौर रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक की ओर से दर्ज शिकायत पर कार्वाई करते हुए ब्यूरो के अधिकारियों ने एक जाल बिछाया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में बतौर क्लर्क तैनात रविंद्र पटेल को रिश्वत की राशि देनी थी।

अधिकारी ने बताया कि पटेल को संदेह हुआ और उसने रिश्वत लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि शिकायत के अनुसार, डीईपीओ ने हाल ही में स्कूल में औचक निरीक्षण किया और नोटिस जारी कर निरीक्षण के दौरान उठाए गए मसलों को निपटाने के लिए कहा था। हालांकि, मामले का समाधान हो गया और अधिकारी की तरफ से स्कूल को एक और नोटिस जारी किया गया। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने जब डीपीईओ से मामले को निपटाने के लिए मुलाकात की तो उसने इसके लिए दस लाख रुपए दूसरे आरोपी के माध्यम से देने के लिए कहा। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

# पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

भाषा। जम्मू

**जम्मू** कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अग्रिम चौकियों और गांवों पर पाकिस्तान रेंजर्स ने रातभर बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंसार-मनयारी क्षेत्र में शुक्रवार की रात लगभग नौ बजकर 15 मिनट पर गोलीबारी शुरू हुई और यह रातभर चली, जिस वजह से स्थानीय लोगों को भूमिगत बंकरों में शरण लेनी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि आईबी की सुरक्षा में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जवाबी कार्वाई की। भारत की ओर किसी के हताहत होने के बारे में कोई सूचना नहीं है।

हालांकि उन्होंने बताया कि हज्जाम की एक दुकान को कुछ नुकसान पहुंचा है। दोनों पक्षों के बीच सीमा पार गोलीबारी सुबह लगभग पांच बजकर 55 मिनट पर बंद हुई।अधिकारियों ने बताया कि मनयारी गांव का रहने वाला 48 वर्षीय एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हुआ है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष छह अक्टूबर तक नियंत्रण रेखा (एलओसी) और आईबी के पास पाकिस्तान 3,589 बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर चुका है जबकि 2019 में यह संख्या 3,168 थी।

## जम्मू कश्मीर के पुंछ में सेना ने नष्ट किए मोर्टार के पांच गोले

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास विभिन्न गांवों में पाकिस्तान की ओर से दागे गए 120 मिलीमीटर मोर्टार के पांच गोलों को सेना ने शनिवार को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह गोले बलनोई सेक्टर के विभिन्न गांवों में आवासीय क्षेत्रों के पास पाए गए थे। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद मोर्टार के गोलों को बम निरोधक दस्ते ने जंगल में ले जाकर उनमें नियंत्रित विस्फोट कर उन्हें नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि कभी-कभार गोले फटते नहीं हैं और स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद सेना के विशेषज्ञ इन्हें दूर ले जाकर निष्क्रिय या नष्ट कर देते हैं।

## पुलवामा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पंपोर में जफरॉन कॉलोनी निवासी हारिस शरीफ राठेर लश्कर के आतंकवादियों को शरण, रसद और अन्य सहायता प्रदान के अलावा जिले के पम्पोर, खरयू और काकापुरा इलाकों में हथियारों और गोला-बारूद पहुंचाने में सक्रिय आतंकवादियों की मदद करने में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपुरा के पंपोर क्षेत्र से राठेर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।



जबलपुर में खेरमाई मंदिर में नवरात्र उत्सव के पहले दिन 'कलश स्थापन' कार्यक्रम में प्रार्थना करते भक्त

# नीतीश ने राजद पर साधा निशाना, कहा मौका मिलने पर अपना हित साधा

भाषा। नबीनगर

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए उस पर वोटों के लिए समाज को बांटने तथा मौका मिलने पर जनता के बदले सिर्फ अपना हित साधने का आरोप लगाया।

नीतीश कुमार ने औरंगाबाद के नबीनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग वोटों के चक्कर में समाज को बांटने में लगे रहते हैं तथा उन्हें न तो काम का कोई अनुभव है और न ही उन्होंने कभी कोई काम किया है। उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा, पति-पत्नी ने 15 साल राज किया था, लेकिन उस दौरान क्या किया? राजद प्रमुख पर परोक्ष प्रहार करते हुए कुमार ने कहा, अभी तो अंदर (जेल) ही हैं, और जो काम किया है, उसके कारण ही अंदर हैं, अभी और लोग अंदर जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि उन लोगों ने



सिर्फ अपने लिए काम किया जबकि हमारा उद्देश्य जनता की सेवा करना है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को जनादेश देने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, अब बिहार पिछड़ा नहीं रहेगा बल्कि सक्षम, आत्मनिर्भर बनेगा और आगे बढ़ेगा। उन्होंने राज्य को तरक्की और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए लोगों से फिर मौका देने की अपील की।

कुमार ने कहा कि राज्य के साथ केंद्र सरकार ने भी कई योजनाओं के तहत मदद की है और हर वर्ग को लाभ पहुंचाया गया और सम्मान दिलवाया है। उन्होंने इस संदर्भ में आर्थिक आधार पर आरक्षण देने के कदम का भी जिक्र किया। कुमार ने कहा कि पुरुष और महिलाएं मिल कर काम करेंगी तो विकास दोगुनी गति से होगा। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ही महिलाएं पंचायती राज में आ पाती थीं, हमने आरक्षण दिया और अब काफी संख्या में महिलाएं आगे आ रही हैं। कुमार ने कहा कि अस्पतालों की स्थिति में सुधार करते हुए हमने इलाज का बेहतर प्रबंध किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास जैसे हर क्षेत्र में काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने अपराध को नियंत्रित किया है, समाज सुधार का काम किया और महिलाओं के कहने पर शराबबंदी की। उन्होंने कहा कि जो युवा कंप्यूटर पर काम करना नहीं जानते थे, उनके लिए कुशल युवा कार्यक्रम की शुरूआत की और इसमें 10 लाख युवाओं ने प्रशिक्षण लिया। कुमार ने कहा, हमारा निश्चय है कि हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचे। कहीं सूखा नहीं पड़ने देंगे। कृषि रोडमैप के माध्यम से काम कर ही रहे हैं, इसके साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य के लिए भी व्यवस्था करेंगे।

# असम में मदरसों और संस्कृत केंद्रों को बंद करने की अधिसूचना नवंबर में जारी की जाएगीः सरमा

**गुवाहाटी।** असम के शिक्षा मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कहा कि राज्य में सरकार द्वारा संचालित सभी मदरसों और संस्कृत केन्द्रों को बंद करने की अधिसूचना नवंबर में जारी की जाएगी। सरमा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मदरसा शिक्षा बोर्ड को भंग कर सरकार द्वारा संचालित सभी मदरसों को हाई स्कूलों में तब्दील कर दिया जाएगा। नियमित छात्रों की तरह सभी स्कूलों में दाखिले दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, अंतिम वर्ष के छात्रों को पास होने के बाद स्कूल छोड़ने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि इन स्कूलों में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों को नियमित छात्रों की तरह पढ़ाई करनी होगी। मंत्री ने कहा कि संस्कृत केन्द्रों को कुमार भास्करवर्मा संस्कृत विश्वविद्यालय के सुपुर्द कर शिक्षण तथा अध्ययन केन्द्रों में तब्दील किया जाएगा, जहां भारतीय संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्रवाद की शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा, यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि छात्रों को असम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सेबा) के तहत नियमित शिक्षा मिल सके। मंत्री से जब पूछा गया कि क्या यह फैसला अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लिया गया है, तो उन्होंने कहा, यह चुनावी मुद्दा कैसे हो सकता है। हम केवल सरकार द्वारा संचालित मदरसों को बंद कर रहे हैं न कि निजी मदरसों को। सरमा ने कहा कि असम में सरकार द्वारा संचालित 610 मदरसे हैं, जिन पर सरकार के सालाना 260 करोड़ रुपए खर्च होते हैं।

# सामाजिक कार्यकर्ता अपनी अभिव्यक्ति को लेकर हिरासत मेंः शशि थरूर

**पुणे।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं वरवर राव, सुधा भारद्वाज और आनंद तेलतुम्बडे समेत बड़ी संख्या में लोग अपनी अभिव्यक्ति को लेकर हिरासत में हैं, हालांकि उनमें से किसी पर भी किसी को मारने या बंदूक रखने का आरोप नहीं है।

तिरुवनंतपुरम के सांसद और कई पुस्तकों के लेखक थरूर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी लिटरेरी फेस्टिवल में कहा कि कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में लोगों को केवल उनके बयानों के लिए हिरासत में रखा गया है। उन्होंने कहा, जब मैं स्कूल में था, तब सीखा था कि कलम तलवार की तुलना में ज्यादा ताकतवर होती है। आज, मैंने हमारे देश, उसकी राजनीति और उसके विमर्श को देखा है। अब मैं इससे सहमत नहीं हूं। कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि अभिव्यक्ति और विचार संभवत: अपनी ताकत खो चुके है। कुछ समय के लिए सत्ता और अधिकार शब्दों को कुचल सकते हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि अपनी अभिव्यक्ति के लिए बड़ी संख्या में लोग हिरासत में हैं। वर्तमान में वरवर राव, वर्नोन गोंजाल्विस, सुधा भारद्वाज और आनंद तेलतुम्बडे जैसे लोग अपने बयानों के लिए हिरासत में हैं। उन्होंने कहा, इनमें से किसी पर पत्थर फेंकने, किसी को मारने या बंदूक रखने या ऐसा कुछ भी करने का आरोप नहीं है। यह केवल शब्दों को लेकर है। यदि सरकार के अधिकार के लिए कलम को मिटा दिया जाता है, तो कलम को तलवार के बराबर कैसे खड़ा किया जाएगा। एक जनवरी, 2018 को पुणे के निकट कोरेगांव भीमा में भीड़ को हिंसा के लिए उकसाने में कथित संलिप्पता और माओवादियों से कथित संपर्क के लिए राव, गोंजाल्विस, भारद्वाज, तेलतुम्बडे और कुछ अन्य कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

## राहुल गांधी दो दिन के लिए वायनाड के दौरे पर आएंगे

**वायनाड।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी कोविड-19 हालात का जायजा लेने के लिए 19 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को यह जानकारी दी। केरल कांग्रेस के नेता तथा सुल्तान बथेरी से विधायक आई सी बालाकृष्णन ने कहा कि गांधी 19 अक्टूबर को विशेष विमान के जरिए कोझीकोड़ पहुंचकर मलप्पुरम कलेक्ट्रेट में कोरोना वायरस से उत्पन्न हालात की समीक्षा करेंगे। बालाकृष्णन ने पीटीआई-भाषा को बताया, बैठक के बाद वह वायनाड के लिए रवाना हो जाएंगे। वह वायनाड कलेक्ट्रेट और दिशा कमेटी में कोविड-19 समीक्षा बैठक में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता 21 अक्टूबर को मनंतवाड़ी के एक सरकारी अस्पताल का दौरा करेंगे और उसके बाद कन्नूर हवाई अड्डे से नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे। कांग्रेस ने कोविड-19 हालात के चलते राहुल के लिए कोई जनसभा आयोजित नहीं की है।

# लोकपाल को 2019-20 में 1,427 शिकायतें मिलीं

भाषा। नई दिल्ली

**लोकपाल** को 2019-20 में कुल।,427 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 613 राज्य सरकार के अधिकारियों से संबंधित थीं और चार शिकायतें केंद्रीय मंत्रियों तथा संसद सदस्यों के खिलाफ थीं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लोकपाल को मिलीं 245 शिकायतें केंद्र सरकार के अधिकारियों के विरुद्ध, 200 सार्वजनिक उपक्रमों, वैधानिक इकाइयों, न्यायिक संस्थाओं तथा केंद्र स्तर की स्वायत्त संस्थाओं के खिलाफ, वहीं 135 शिकायतें निजी क्षेत्र के लोगों और संगठनों के विरुद्ध थीं। लोकपाल के आंकड़ों के अनुसार, छह शिकायतें राज्य सरकारों के मंत्रियों और विधानसभा सदस्यों के खिलाफ थीं। इसमें कहा गया कि कुल शिकायतों में से 220 अनुरोधा टिप्पणियां सुझाव थे। लोकपाल के अनुसार कुल शिकायतों में से।,347 का निस्तारण किया गया।।,152 शिकायतें लोकपाल के अधिकार क्षेत्र से बाहर की थीं। आंकड़ों के मुताबिक कुल 78 शिकायतों को निर्दिष्ट प्रारूप में दाखिल करने की सलाह दी गई। लोकपाल सार्वजनिक पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में जांच करने वाली शीर्ष संस्था है। केंद्र सरकार ने इस साल मार्च में लोकपाल में शिकायत दाखिल करने का एक प्रारूप अधिसूचित किया था। इसके अधिसूचित किए जाने से पहले लोकपाल को किसी भी प्रारूप में मिली सभी शिकायतों की छानबीन की जाती थी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पिछले साल 23 मार्च को न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष को लोकपाल के प्रमुख के रूप में शपथ दिलाई थी। लोकपाल के आठ सदस्यों को न्यायमूर्ति घोष ने 27 मार्च को पद की शपथ दिलाई थी।

## ● चार शिकायतें केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों के खिलाफ थीं



चेन्नई में पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के सह संयोजक और तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण

# परिवारों के सेवक बन गए हैं विपक्षी दल: नड्डा

भाषा। देहरादून

**भारतीय** जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर परिवारों के सेवक बनने का आरोप लगाया और कहा कि सिर्फ उनकी पार्टी है जिसके लिए संगठन पहले आता है।

नड्डा नई दिल्ली से डिजिटल रूप से यहां भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय भवन के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, किसी भी राजनीतिक दल को चुन लीजिए। दल परिवार के लिए पर्यायवाची बन गए हैं। फिर चाहे वह कांग्रेस हो या क्षेत्रीय दल, वे छोटे परिवारों तक सीमित हैं। अगर एक भाई-बहन को बचा रही है, तो दूसरी मां और बेटे को। कोई बेटे को बचा रहा है तो कहीं चाचा-भतीजों से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद, भाजपा एक मात्र दल है जिसके लिए संगठन अपने आप में परिवार है।



उन्होंने कहा कि जब किसी दल का संचालन एक नेता के घर से होता है तब संगठन व्यक्तियों का सेवक बन जाता है और देश में अधिकतर राजनीतिक दलों के साथ यही हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय साझेदारी और विचारधारा के लिए खड़े होने के मूल्य पैदा कर एक पार्टी कार्यकर्ता के विकास में बड़ा और अनौपचारिक योगदान करते हैं।

प्रमुख स्थल पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्टी दफ्तर के निर्माण की योजना के लिए नड्डा ने पार्टी के नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इसे डिजिटल मंचों का अधिकतम इस्तेमाल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए अच्छे कामों को लोगों तक पहुंचाने के लिए वाहक के तौर पर काम करना चाहिए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर व्हाट्सऐप समूह बनाने और हर 15 दिन पर इसमें सामग्री साझा करने को कहा। नड्डा ने कहा, उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री ने हाल में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना शुरू की। यह किसानों को स्वतंत्रता देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। हमें डिजिटल मंचों का इस्तेमाल कर लोगों को ऐसी चीजों के बारे में जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने हाल में संयुक्त राष्ट्र महासभा में मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता का मुद्दा उठाया था। ऐसी वीडियो क्लिप पार्टी कार्यकर्ताओं को शिक्षित करने के लिए व्हाट्सऐप समूहों पर साझा की जा सकती हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि किसी बच्चे की मातृभाषा को प्राथमिक स्तर पर शिक्षा का माध्यम बनाने वाली नई शिक्षा नीति के विशिष्ट बिंदुओं पर प्रकाश डाले जाने की जरूरत है।

## पश्चिम बंगाल में 37 लाख रुपये के सोने के बिस्कुट जब्त, एक गिरफ्तार

भाषा। कल्याणी (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने के छह बिस्कुट बरामद किए है। अर्द्धसैनिक बल के एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल की 112 वीं बटालियन के कमांडेंट अरूण दहिया ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हाकिमपुर सीमा चौकी पर साइकिल से जा रहे एक स्थानीय व्यक्ति को शुक्रवार को पकड़ा गया और उसके पास से सोने के बिस्कुट बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि बरामद सोने के बिस्कुट की कीमत करीब 37 लाख रुपए है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति ने किसी को देने के लिए उसे यह बिस्कुट दिए थे, जिनका कुल वजन 720 ग्राम है। आरोपी ने बताया कि इसके लिए उसे 300 रुपए दिए जाने का वादा किया गया था। कमांडेंट ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को तेनतुलिया में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों के हवाले कर दिया गया।



चेन्नई में शनिवार को दुर्गा पूजा उत्सव से पहले देवी दुर्गा की मूर्ति को अंतिम रूप देता कारीगर

## भाजपा ने कांग्रेस को बिहार चुनाव के अपने घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 का उल्लेख करने की चुनौती दी

भाषा। नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** में अनुच्छेद 370 बहाल करने की कांग्रेस द्वारा हिमायत करने के एक दिन बाद भाजपा ने शनिवार को उसे बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में इसका उल्लेख करने की चुनौती दी। साथ ही, भगवा पार्टी ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी अलगाववादियों की भाषा बोल रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कांग्रेस पर बिहार चुनाव से पहले वोट की खातिर समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों ने जम्मू कश्मीर में केंद्र के कदम का समर्थन किया है। बिहार विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान 28 अक्टूबर को, दूसरे चरण का तीन नवंबर को और तीसरे चरण का मतदान सात नवंबर को होना है। मतगणना 10 नवंबर को होगी। जावड़ेकर ने संवाददाताओं से कहा, लोगों ने देखा है कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख में कितनी प्रगति हुई है। फिर भी कांग्रेस वहां कुछ अलगाववादियों के सुर में बोल रही है। कांग्रेस एक संकीर्ण सोच वाली पार्टी हो गई है और यही कारण है कि वह देश में जन भावनाओं के खिलाफ खड़ी है।

उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष



राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि चाहे कोई भी मुद्दा हो, कांग्रेस पाकिस्तान और चीन की सराहना करती है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल किए जाने के लिए वहां के मुख्य राजनीतिक दलों के गठबंधन बनाने का समर्थन करते हुए शुक्रवार को ट्विटर पर कहा था कि केंद्र सरकार को अनुच्छेद 370 के विशेष प्रावधान हटाने संबंधी फैसलों को निरस्त कर देना चाहिए।

वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के इस रुख को लेकर शुक्रवार रात ट्वीट किया, चूंकि कांग्रेस के पास सुशासन के एजेंडे पर बात करने को कुछ नहीं है, वे बिहार चुनाव से पहले भारत को बांटो के गंदे हथकंडे पर वापस आ गए हैं। राहुल गांधी पाकिस्तान की प्रशंसा करते हैं और चिदंबरम कहते हैं कि कांग्रेस अनुच्छेद-370 की वापसी चाहती है।

## गर्भवती महिला को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हैदराबाद मेट्रो रेल ने चलाई विशेष ट्रेन

भाषा। हैदराबाद

**हैदराबाद** मेट्रो रेल ने शहर में भारी बारिश के दौरान एक गर्भवती महिला को उसके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष रूप से ट्रेन चलाई। मेट्रो रेल के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि महिला 14 अक्टूबर की रात को विक्टोरिया मेमोरियल स्टेशन पहुंची और उसने मेट्रो रेल कर्मियों को बताया कि उसे मियापुर जाना है और उसके पास वहां तक जाने के लिए कोई अन्य साधन उपलब्ध नहीं है। महिला की स्थिति को समझते हुए अधिकारियों ने विशेष रूप से उसके लिए ट्रेन चलाने का फैसला किया। एचएमआरएल के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी ने पीटीआई भाषा से कहा, हम नियमानुसार रात नौ बजे सेवाएं बंद कर रहे थे.. महिला रात करीब 10 बजे स्टेशन आई और उसने हमसे उसे मियापुर ले जाने का अनुरोध किया, क्योंकि उसके पास वहां जाने के लिए अन्य कोई वैकल्पिक साधन नहीं था। उन्होंने कहा, हमारे कर्मियों ने एक विशेष ट्रेन का प्रबंध किया और उसे सुरक्षित उसके गंतव्य तक पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि शहर और पड़ोसी इलाकों में 13 और 14 अक्टूबर को मूसलाधार बारिश हुई थी, जिससे सार्वजनिक परिवहन समेत जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था।

## उत्तराखंड में एक नवम्बर से स्कूल फिर से खुलेंगे

भाषा। देहरादून

● कोविड-19 के बढ़ते मामलों को लेकर अभिभावक चिंतित

**उत्तराखंड** में सात महीनों से अधिक के अंतराल के बाद दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए स्कूल एक नवम्बर को फिर से खुलने के लिए तैयार हैं। हालांकि ज्यादातर अभिभावक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि राज्य में अभी भी कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। स्कूल प्रबंधनों का कहना है कि वे कोविड-19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए कक्षाओं को फिर से शुरू करने के लिए वह तैयार हैं। इस प्रोटोकॉल में सामाजिक दूरी के लिए कक्षाओं में प्रतिदिन 50 प्रतिशत उपस्थिति को सीमित करना शामिल हैं।

हालांकि, एहतियाती कदम उठाए जाने के बावजूद कोई छात्र संक्रमित हो जाता है, तो वे इसकी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं हैं। दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डी एस मान ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किया जाए, हालांकि मैं यह कहना चाहूंगा कि यदि



कोई छात्र इस वायरस से संक्रमित हो जाता है तो स्कूलों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। नेहरू कॉलोनी की रहने वाली आशा रावत ने कहा, बच्चों ने ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल होने में सत्र का आधा समय बिता दिया है। शेष सत्र के लिए भी उन्हें इस तरह से अपनी पढ़ाई जारी रखने देने में कोई हर्ज नहीं है।

उन्होंने कहा, मेरी बेटी बारहवीं कक्षा में पढ़ती है और साइकिल पर स्कूल जाती थी। यह बेहतर है कि वह घर से बाहर निकलने और (कोविड-19 से संक्रमित होने का) जोखिम उठाने के बजाय घर पर रहकर ही पढ़ाई करती रहे। कुछ अभिभावकों का मानना है कि बच्चों को जरूरी होने पर केवल प्रायोगिक कक्षाओं के लिए ही बुलाया जाना चाहिए और कोरोना वायरस का टीका आने तक नियमित कक्षाओं के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए।

उत्तराखंड सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा के लिए स्कूल अधिकारियों द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाए जाएंगे जिनमें स्कूल बसों को कीटाणु मुक्त करना, केवल 50 प्रतिशत क्षमता के साथ चलाना, परिसरों का नियमित रूप से सैनिटाइजेशन, कक्षाओं में कुल क्षमता की केवल 50 प्रतिशत उपस्थिति आदि शामिल हैं। यह पूछे जाने पर कि सावधानियों के बावजूद भी यदि कोई संक्रमित हो जाता है, कौशिक ने कहा, किसी को भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। हाल में इस वायरस से संक्रमित हुए मंत्री ने कहा, मैं कोविड-19 से संक्रमित पाया गया था। क्या मैंने किसी को दोषी ठहराया है?

## पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष की सेहत में सुधार

**कोलकाता।** कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष की सेहत में शनिवार को सुधार दर्ज किया गया और उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों के मुताबिक उनका ऑक्सीजन संतृप्तता स्तर व अन्य स्वास्थ्य मानक स्थिर हैं। चिकित्सकों ने कहा कि मेदिनीपुर के सांसद को सुबह बुखार नहीं था और दोपहर में उन्होंने सामान्य भोजन किया। उन्होंने कहा कि घोष के फेफड़ों में कुछ गड़बड़ी मिलने पर चिकित्सकों ने उनकी छाती का सीटी स्कैन किया। एक चिकित्सक ने कहा कि आज दोपहर में घोष की छाती का सीटी स्कैन किया गया क्योंकि डॉक्टरों को उनके फेफड़ों में कुछ गड़बड़ी मिली थी। उनकी सेहत में कुल मिलाकर सुधार है और उन्हें अब बुखार नहीं है। उन्होंने कहा, उनका ऑक्सीजन संतृप्तता स्तर सामान्य है और अन्य सभी स्वास्थ्य मानक स्थिर हैं। वह सामान्य भोजन ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन की रिपोर्ट आने के बाद आगे के उपचार के बारे में फैसला किया जाएगा।

## गिरफ्तार सिख व्यक्ति की पत्नी बंगाल के डीजीपी से मिली

भाषा। कोलकाता

● पति को शीघ्र पंजाब ले जाने की उन्हें उम्मीद

**भाजपा** के राज्य सचिवालय मार्च के दौरान आठ अक्टूबर को यहां गिरफ्तार किए गए एक निजी सुरक्षा अधिकारी की पत्नी करमजीत कौर ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक से मुलाकात के बाद शनिवार को खुशी जाहिर की। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि वह जल्द ही अपने पति को वापस पंजाब ले जा सकेंगी। उल्लेखनीय है कि बलविंदर सिंह नाम के इस सिख व्यक्ति की पुलिस के साथ जोर आजमाइश के दौरान पगड़ी गिर गई थी। कौर ने सिंह की रिहाई के लिए राज्य सचिवालय नबन्ना के बाहर शनिवार से अपने बेटे के साथ धरने पर बैठने की धमकी दी थी। हालांकि, अब उन्होंने सकारात्मक घटनाक्रमों को लेकर मीडिया और पश्चिम बंगाल प्रशासन का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आज मैं डीजीपी से मिली। मुझे उम्मीद है कि बलविंदर जल्द ही जेल से बाहर होंगे। मैं उनकी रिहाई के बाद उन्हें शीघ्र पंजाब ले जाना चाहती हूं। सिंह गिरफ्तारी के बाद से हावड़ा पुलिस की हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्हें जल्द ही अदालत में पेश किए जाने की संभावना है और वह जमानत मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। पुलिस ने दावा किया कि सिंह पर भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि गिरफ्तारी के वक्त उनके पास एक बंदूक थी, जिसका लाइसेंस सिर्फ जम्मू कश्मीर में वैध है। सिंह की पत्नी और बेटे हर्षवीर मंगलवार को कोलकाता पहुंचे थे। वे राज्यपाल जगदीप धनखड़ से राजवन में मिले और इस मुद्दे में हस्तपक्षेप का अनुरोध किया। पुलिस के साथ जोर आजमाइश के बीच सिंह की पगड़ी गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। कई सिख संगठनों और क्रिकेटर हरभजन सिंह ने सिख व्यक्ति की पगड़ी कथित तौर पर छुए जाने की घटना की निंदा की थी।

## बलविंदर सिंह को रिहा करे बंगाल सरकार: धनखड़

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शनिवार को राज्य सरकार से कहा कि निजी सुरक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह को तत्काल रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मानवाधिकार उल्लंघन का मामला है। पिछले सप्ताह सिंह को गिरफ्तार करने के दौरान उनकी पगड़ी गिर गई थी। धनखड़ ने कहा कि पूर्व सैनिकों के एक दल ने उनसे मुलाकात कर मांग रखी कि पूर्व सैनिक सिंह के विरुद्ध मामला वापस लिया जाए। राज्यपाल ने ट्वीट किया, पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुझसे मुलाकात कर बलविंदर सिंह के विरुद्ध दर्ज मामला वापस लेने और तत्काल रिहाई की मांग की है। पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी से आग्रह है कि बलविंदर सिंह को रिहा करें और मामला वापस लें।

## पेज 1 का शेष

### राहत: कोरोना...

अब केवल 10.70 फीसदी रह गया है। मंत्रालय ने कहा ' केंद्र सरकार के नेतृत्व में लक्षित रणनीति के परिणामस्वरूप स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या काफी ज्यादा है तथा मौतों की संख्या में तेज गिरावट आई है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मंत्रालय ने बताया कि देश में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज कोविड-19 से ठीक हो रहे हैं और इलाज करा रहे मरीजों की संख्या तेजी से कम हो रही है।' देश में अब तक 65,24,595 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। मंत्रालय की ओर से जारी आकंड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कुल 70,816 मरीज स्वस्थ हुए हैं और इसी अवधि में संक्रमण के 62,212 नए मामले सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर स्वस्थ होने की दर बढ़कर 87.78 फीसदी हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि देश में चिकित्सकीय ढांचों में बढ़ोतरी, बचाव नियमों, डॉक्टरों, नर्सों और अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मियों के समर्पित कार्यों से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है और मृत्यु दर में कमी आई है। मंत्रालय ने कहा, 'भारत एक मात्र ऐसा देश है, जहां स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है और यह वैसे देशों की सूची में शामिल हैं, जहां कोविड-19 से मृत्यु दर कम है। मौजूदा समय में मृत्यु दर 1.52 फीसदी है।' मंत्रालय ने बताया कि स्वस्थ हुए नए लोगों में से 78 फीसदी महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से हैं। मंत्रालय ने बताया कि महाराष्ट्र में अब भी बड़ी संख्या में कोविड-19 के मामले सामने आ रहे हैं। यहां 11,000 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके बाद कर्नाटक और केरल में 7,000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में 837 लोगों की मौत हुई है और इनमें से 82 फीसदी मौतें 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों-महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और केरल में हुई हैं। महाराष्ट में सबसे ज्यादा 306 लोगों की मौत हुई।

### भारत में...

को भारत में तुलनात्मक रूप से बड़ी आबादी के बीच इसका परीक्षण करने की अनुमति नहीं दी गई थी। डॉ. रेड्डीज और रूसी डायरेक्ट इनवेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है, 'यह एक बहु-केंद्र और नियंत्रित अध्ययन होगा, जिसमें सुरक्षा और प्रतिरक्षात्मक अध्ययन शामिल होगा।' चूंकि रूस में एक टीका के रूप में पंजीकृत होने से पहले स्पुतनिक-वी का परीक्षण बहुत कम लोगों पर किया गया था, इसलिए डीसीजीआई ने डॉ रेड्डी के भारत में बड़ी आबादी के बीच परीक्षण के प्रारंभिक प्रस्ताव पर सवाल उठाए। स्पुतनिक वी वर्तमान में 40,000 लोगों पर परीक्षण के बाद पंजीकरण चरण तीन परीक्षण से गुजर रहा है। स्पुतनिक-वी वैक्सीन की मार्केटिंग करने वाली रसियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड और डॉ रेड्डी लेबोरेटरीज लिमिटेड ने पिछले महीने भारत में इस वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल और वितरण को लेकर समझौते का ऐलान किया था। साझेदारी के हिस्से के रूप में भारत को स्पुतनिक की 10 लाख खुराक मिलेगी। भारत में कुछ ही दिन पहले इस वैक्सीन के ट्रायल को मंजूरी नहीं दी गई थी। रूस छोटे पैमाने पर परीक्षणों के बाद टीकों को मंजूरी दे रहा था जो स्पुतनिक वी की सुरक्षा पर चिंता का कारण है। यही कारण है कि डॉ रेड्डी को भारत में तुलनात्मक रूप से बड़ी आबादी के बीच इसका परीक्षण करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

### चुनाव प्रक्रिया...

खिलाफ कोई ढिलाई नहीं बरतते हुए मास्क लगाना चाहिए, नियमित रूप से हाथों को धोना चाहिए और साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। बैठक में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य), प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारी और विभिन्न अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। पीएमओ ने एक बयान में कहा कि भारत में तीन टीके विकसित होने के उन्नत चरणों में है, जिनमें से दो टीके दूसरे चरण में और एक टीका तीसरे चरण में है। बयान में कहा गया है कि भारतीय वैज्ञानिक और अनुसंधान टीम पड़ोसी देशों जैसे अफगानिस्तान, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव, मॉरीशस, नेपाल और श्रीलंका में सहयोग और अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं। अपने देशों में क्लीनिकल परीक्षणों के लिए बांग्लादेश, म्यामां, कतर और भूटान से और अनुरोध मिले हैं। वैश्विक समुदाय की मदद करने के लिए प्रधानमंत्री ने निर्देश दिये कि हमें अपने पड़ोस में अपने प्रयासों को सीमित नहीं करना चाहिए बल्कि टीका, दवाइयां उपलब्ध कराने और टीका वितरण के वास्ते आईटी मंचों के लिए पूरी दुनिया तक पहुंच बनानी चाहिए। कोविड-19 टीके के प्रबंधन पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह ने राज्य सरकारों और सभी संबंधित हितधारकों से परामर्श कर टीके के भंडारण, वितरण और प्रबंधन का एक विस्तृत खाका तैयार किया और प्रस्तुत किया है। मोदी ने निर्देश दिये कि देश के भौगोलिक फैलाव और विविधता को ध्यान में रखते हुए, टीके की पहुंच तेजी से सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वितरण और प्रबंधन में हर कदम ठोस तरीके से उठाया जाना चाहिए। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने निर्देश दिये है कि हमें देश में चुनाव और आपदा प्रबंधन के सफल आयोजन के अनुभव का उपयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी तरीके से टीका वितरण और प्रबंधन व्यवस्थाओं को लागू किया जाना चाहिए। पीएमओ ने बयान में कहा कि इसमें राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों/जिला-स्तरीय पदाधिकारियों, नागरिक समाज संगठनों, स्वयंसेवियों, नागरिकों और विशेषज्ञों की भागीदारी होनी चाहिए। पूरी प्रक्रिया में एक मजबूत आईटी आधार होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि आईसीएमआर और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा भारत में सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19 वायरस) के जीनोम पर दो अखिल भारतीय अध्ययनों से पता चलता है कि वायरस आनुवंशिक रूप से स्थिर है, इसमें कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है।

### बांग्लादेश, पाकिस्तान...

की एडिशनल प्रोफेसर एवं न्यूट्रीशन रिसचर श्वेता खंडेलवाल ने कहा कि देश में पोषण के लिए कई कार्यक्रम और नीतियां हैं लेकिन जमीनी हकीकत काफी निराशाजनक है। उन्होंने महामारी के कारण अभाव की समस्या को कम करने के लिए कई उपाय सुझाए हैं। उन्होंने कहा कि पौष्टिक, सुरक्षित और सस्त आहार सभी तक पहुंचाना होगा। मातृ और बाल पोषण में सुधार लाने के लिए निवेश करना, बच्चे का वजन कम होने पर शुरुआती समय में पता लगाने और उपचार के साथ ही कमजोर बच्चों के लिए पौष्टिक और सुरक्षित भोजन की व्यवस्था महत्वपूर्ण कारक हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति शोध संस्थान, नई दिल्ली में वरिष्ठ शोधकर्ता पूर्णिमा मेनन ने कहा कि भारत की रैंकिंग में समग्र परिवर्तन के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों के प्रदर्शन में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औसत उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से बहुत अधिक प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि भारत में पैदा होने वाला हर पांचवां बच्चा उत्तर प्रदेश में है। इसलिए यदि उच्च आबादी वाले राज्य में कुपोषण का स्तर अधिक है तो यह भारत के औसत में बहुत योगदान देगा। मेनन ने कहा कि यदि हम भारत में बदलाव चाहते हैं, तो हमें उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश और बिहार की स्थिति में भी बदलाव लाना होगा।

### पहले चरण...

को देखते हुए आयकर विभाग के उड़न दस्ते सक्रिय हैं और उन्होंने राज्य में 16,81,29,023 रुपये की बेनामी रकम और लगभग 90 लाख नेपाली करेंसी नोट बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बिना लाइसेंस के 1139 हथियार जब्त करने के साथ 19000 हथियार जमा भी कराए हैं। यही नहीं, 2100 से अधिक हथियारों के लाइसेंस रद्द किए हैं। पुलिस द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि या बुरे बर्ताव वाले 2,56,447 लोगों को नोटिस दिया गया है। इसका मतलब है कि यदि कुछ भी गलत होता है, तो वे सलाखों के पीछे होंगे। चुनाव आयोग ने 91 विधानसभा सीटों को अति संवेदनषील श्रेणी में रखा है। कुल 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण में 16 जिलों की 71 सीटों पर 28 अक्टूबर को मतदान होगा। इस चरण में 1,066 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 319 आपराधिक रिकॉर्ड वाले हैं।

### बस-जीप...

जिसमें बस और जीप दोनों पलट गईं। उन्होंने बताया कि बस पलटने से कई सवारियां उसके नीचे दब गईं, वहीं पिकअप में भी सवार लोगों को चोटें आई हैं। इस हादसे में बस चालक सहित नौ लोगो की मौत गई। मृतकों में बस का चालक पीलीभीत निबासी शकील (28), गयादीन (45), कलावती (40), मोहन बदादुर (45), दीपा विश्वास (50), श्याम (12) शामिल हैं। बाकी तीन मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बस में 40 यात्री और जीप में 10 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 32 लोग घायल हुए हैं जिनमें से कई की हालत चिंताजनक है। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दो लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ज्यादातर यात्री पीलीभीत तथा आसपास के लोग थे। लखनऊ में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पीलीभीत की दुर्घटना पर गहरा शोक व्यवक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायल लोगों का समुचित उपचार कराने का भी निर्देश दिया है।

### कंगना रनौत...

रिजवान ने कहाकि ऐसा कुछ नहीं है जिससे लगे कि वह सांप्रदायिक नफरत फैला रही हैं। मैं मुस्लिम हूं और पिछले 10 साल से कंगना के साथ जुड़ा हूं। उन्होंने कहाकि मैं उनके ट्वीट पर बोलने के लिए अधिकृत नहीं हूं। एक बार जब मुझे पूरी ऑर्डर कॉपी मिल जाएगी तो मैं इसके बारे में बोल सकूंगा। उन्होंने कहाकि सांप्रदायिक घृणा के लिए मेरे क्लाइंट के ट्वीट्स जिम्मेदार नहीं हैं। इसके लिए यह साबित करना होगा कि वे ट्वीट्स सांप्रदायिक घृणा के लिए जिम्मेदार है। मुल्ला के खिलाफ उनका ट्वीट इस्लाम समुदाय के खिलाफ नहीं बल्कि धार्मिक प्रमुख के खिलाफ है। यह पैगंबर मुहम्मद या मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। कंगना किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं।

### मिशन शक्ति...

हुए कहा कि यह अभियान शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र तक चलेगा। नारी शक्ति की प्रतीक है, जिसकी अवहेलना करने वाला कोई भी राष्ट्र विकास नहीं कर सकता। महिलाओं व बेटियों पर अत्याचार सहन नहीं किया जाएगा। सूबे के सभी थानों व तहसीलों में महिला हेल्प डेस्क बनाकर महिला अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पहले चरण में जन जागरूकता लानी है, जिसमें समाज का सहयोग आवश्यक है। दूसरे चरण में शोहदों को चिह्नित किया जाएगा। तीसरे चरण में शोहदों की फोटो चौराहों पर लगाकर उनका सामाजिक बहिष्कार होगा। इस योजना के संचालन में 24 विभागों को शामिल किया गया है। साथ ही सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। महिला अपराध से जुड़े लोगों को सजा दिलाने की पैरवी सरकार मजबूती से करेगी। योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। योगी ने कहा कि भाजपा का विकास विपक्ष को पसंद नहीं आ रहा है। ऐसे भी लोग हैं, जो प्रदेश का माहौल खराब करने के लिए दंगा कराने की साजिश कर रहे हैं। सत्ता में रहते हुए विकास के बजाय जिन्होंने समाज को जाति व धर्म में बांटने का कार्य किया, अब उनका एजेंडा दंगा-फसाद व अच्छे कार्यों की आलोचना करना हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता पाकिस्तान का गुणगान कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण रोकने में पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी की सराहना कर रही है लेकिन कांग्रेसी नेता ऐसे देश का गुणगान कर रहे हैं, जहां कोरोना को लेकर भारी तबाही हो रही है। आजादी के बाद सत्ता पर काबिज हुई कांग्रेस देश का विकास नहीं कर सकी। आज अपनी खिसियाहट मिटाने के लिए पाक का गुणगान व सैनिकों की शहादत पर राजनीति कर रही है। कार्यक्रम स्थल पर मिशन शक्ति से जुड़े सभी विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का लोकार्पण करते हुए सभी स्टालों का अवलोकन भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के आगमन पर उनके स्वागत में स्थानीय लोक कलाकारों ने भजन एवं देवी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति दी।

# मप्र के उपचुनावों को लेकर कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

भाषा। भोपाल



**कांग्रेस ने** मध्यप्रदेश में विधानसभा की 28 सीटों के लिए तीन नवंबर को होने जा रहे उपुचनाव के लिए अपना घोषणा पत्र शनिवार को यहां जारी किया। इसमें कांग्रेस ने सत्ता में आने पर कोरोना वायरस से मरने वालों के परिवारों को मदद करने का वादा किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कांग्रेस का वचन पत्र जारी करते हुए किसान फसल ऋण माफी योजना, गायों की कल्याणकारी योजना और ग्वालियर–चंबल क्षेत्र के विकास पर विशेष जोर देने का वादा भी किया है। नवंबर 2018 में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने प्रदेश में 15 साल बाद भाजपा से सत्ता हासिल की थी लेकिन मार्च में कांग्रेस के 22 विधायकों के त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस की सरकार अल्पमत में आकर गिर गई थी। राज्य की सत्ता में वापस आने के लिए कांग्रेस को सभी 28 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करना होगा जबकि सत्तारूढ़ भाजपा को 230 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत के आंकड़े 116 को हासिल करने के लिए केवल नौ सीटों की जरूरत है। फिलहाल भाजपा के पास 107 विधायक हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कोविड–19 के पीड़ति परिवारों को मदद देने का वादा किया है। उसके अनुसार किसी महिला को पति की मृत्यु के मामले में पेंशन दी जाएगी और चल रहे कोरोना संकट के दौरान गरीबों को भोजन और स्वास्थ्य सेवाएं देने का वादा किया गया है। वचन पत्र में यह भी कहा गया है कि कोरोना संक्रमण से परिवार के कमाऊ मुखिया के निधन होने पर रोजगार और स्व रोजगार के अवसर भी दिए जाएगें। घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की गोधन न्याय योजना के समान मध्यप्रदेश में गोधन सेवा योजना शुरु करने का वादा भी किया गया है। कांग्रेस ने इस योजना में गो सेवकों को भी शामिल करने की बात कही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में दो लाख रुपए तक की किसान ऋण माफी योजना को फिर से शुरु करने का वादा किया गया है। यह माना जाता है कि नवंबर 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के सत्ता में आने के प्रमुख कारणों में यह योजना भी थी। कांग्रेस ने ग्वालियर–चंबल क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए ग्वालियर में निवेशकों का शिखर सम्मेलन कराने का भी वादा किया है। उपचुनाव में 28 सीटों में से 16 सीटें ग्वालियर चंबल इलाके की हैं। कांग्रेस ने ग्वालियर–चंबल क्षेत्र के लिए चंबल महोत्सव प्रतिवर्ष कराने के साथ ही ग्वालियर में मेट्रो रेल नेटवर्क के लिए प्रारंभिक कार्वाई शुरु करने का वादा भी किया है। मध्यप्रदेश विधानसभा के तीन विधायकों के निधन और 25 अन्य कांग्रेस विधायकों के त्यागपत्र देने के कारण ये उपचुनाव हो रहे हैं।

## कांग्रेस का वचन पत्र जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला : भाजपा



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्यप्रदेश उपचुनाव के लिए शनिवार को जारी किए गए कांग्रेस के घोषणा पत्र को जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला करार देते हुए कहा कि कमलनाथ सरकार ने अपने 15 माह के कार्यकाल में विधानसभा के आमचुनाव के समय जारी किए गए अपने वचन पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं किया और अब पार्टी विधानसभा की 28 सीटों के उपचुनाव के लिए एक और पूरक वचन पत्र ले आई है।

प्रदेश भाजपा कार्यलय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में कहा, कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने अपने 15 महीनों के कार्यकाल में चुनाव के समय जारी किए गए अपने वचन पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं किया। अब विधानसभा की 28 सीटों के उपचुनाव देखते हुए कमलनाथ एक और पूरक वचनपत्र ले आए हैं, ताकि एक बार फिर से जनता की आंखों में धूल झोंकी जा सके। लेकिन प्रदेश की जनता संवेदनशील है और उसने कमलनाथ सरकार की 15 महीनों की कारगुजारियों को देखा है। इसलिए वह किसी भी तरह कांग्रेस और कमलनाथ के झांसे में आने वाली नहीं है। शर्मा ने कहा कि नया वचन पत्र जारी करते समय कमलनाथ ने चार मिनट में पांच बार भाजपा और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को कोसा जिससे पता चलता है कि वह हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा से किस कदर भयभीत हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्व में किसानों को दिए गए कर्ज माफी के प्रमाणपत्र फर्जी होने का दावा करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 2018 में जारी किए गए कांग्रेस के वचनपत्र की सबसे अहम बात किसानों की कर्जमाफी थी। लेकिन कांग्रेस का कर्जमाफी का दावा सफेद झूठ है। जिस 6000 करोड़ की कर्जमाफी की बात कमलनाथ करते हैं, वास्तव में कांग्रेस की सरकार ने उस 6000 करोड़ से बैंकों का एनपीए चुकाया है, कर्जमाफी नहीं की। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का किसान कमलनाथ से यह पूछ रहा है कि उनके साथ ऐसा कपट, ए गद्दारी कांग्रेस की सरकार ने क्यों की? कोराना संकट से निपटने की तैयारियों में फरवरी और मार्च माह में कांग्रेस सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए भाजपा ने कहा मुख्यमंत्री रहते कमलनाथ आइफा अवार्ड की तैयारियों में लगे रहे, लेकिन कोरोना संकट से निपटने पर कोई ध्यान नहीं दिया।

## शौर्य चक्र से सम्मानित बलविंदर सिंह संधू का अंतिम संस्कार किया गया

भाषा। अमृतसर

**शौर्य चक्र** से सम्मानित बलविंदर सिंह संधू के अंतिम संस्कार में शनिवार को बड़ी तादाद में लोग शरीक हुए। पंजाब के तरन तारन जिले में दो अज्ञात हमलावरों ने एक दिन पहले उनकी गोली मार कर हत्या कर दी थी। हालांकि, इससे पहले उनके परिवार ने हमलावरों की गिरफ्तारी होने तक पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा मामले में शीघ्र कार्वाई का आश्वासन मिलने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदला।

प्रशासन ने उन्हें परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के अनुरोध के बारे में भी उन्हें आश्वस्त किया। अंतिम संस्कार में खेमकरण विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुखपाल सिंह भुल्लर भी शरीक हुए। पुलिस विभाग ने परिवार की सुरक्षा के लिए तीन बंदूकधारी मुहैया किए हैं। पंजाब में आतंकवाद से लड़ने वाले संधू (62) की शुक्रवार को जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कुछ महीने पहले ही सरकार ने उनकी सुरक्षा वापस ले ली थी। संधू जब भीखीविंड में अपने घर से लगे दफ्तर में थे, तब मोटरसाइकिल पर सवार हमलावर उन्हें चार गोलियां मार कर फरार हो गए। शुरूआत में, संधू की पत्नी जगदीश कौर संधू ने पत्रकारों से कहा था, जब तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक परिवार उनका अंतिम संस्कार नहीं करेगा। उन्होंने अपने परिवार के लिए सुरक्षा भी मांगी थी। संधू की पत्नी ने कहा, परिवार के सभी सदस्य...मैं, मेरे दिवंगत पति और उनके भाई रंजीत सिंह संधू तथा उनकी पत्नी बलराज कौर संधू शौर्य चक्र से सम्मानित हैं। केन्द्र ने आतंकवाद से लड़ने के लिए हमें यह सम्मान दिया था।

## केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल बढ़ा कर 22 अगस्त, 2021 तक किया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल बढ़ा कर 22 अगस्त 2021 तक कर दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में शनिवार को यह बताया गया है। भल्ला 1984 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के असम–मेघालय कैडर के अधिकारी हैं। उन्हें अगस्त 2019 में गृह सचिव नियुक्त किया गया था। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनका कार्यकाल, उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख 30 नवंबर 2020 से आगे बढ़ाते हुए 22 अगस्त 2021 तक करने की मंजूरी दी थी।

## झांसा देकर पैसे ऐंठने वाली महिला गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस ने विभिन्न बैंकों से ऋण दिलाने का झांसा देकर लोगों से पैसे ऐंठने के आरोप में 45 वर्षीय एक महिला को शनिवार को गिरफ्तार किया। घामपुर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि रेखा रायकवार को बैंकों से दस लाख रुपए तक ऋण दिलाने के लिए विभिन्न व्यक्तियों को धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि महिला ऋण दिलाने के नाम पर लोगों से पांच हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक फीस के तौर पर धनराशि लेती थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जेठानंद सोमानी की शिकायत पर कार्वाई करते हुए महिला को गिरफ्तार किया। सोमानी ने आरोप लगाया कि महिला ने ऋण तो दिलाया नहीं और वह उसके दिए रुपए वापस करने के लिए बहाने बना रही थी।

## नर्मदा नदी में डूबने से चार युवकों की मौत

**हरदा, (मप्र)।** मध्यप्रदेश में हरदा जिले के टिमरनी विकास खंड के अंतर्गत लछोरा में नर्मदा नदी में नहाते समय चार युवकों की डूबने से मौत हो गई। मध्यप्रदेश होमगार्ड के कमांडेट भूपेन्द्र ठाकुर ने बताया कि शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर नहाते समय नर्मदा नदी की तेज धारा में चार युवक बह गए। चारों युवक 22 से 30 साल की आयु के थे तथा वे जिले के सिराली तहसील के बाबादिया गांव के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को घटना के बाद राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के दल ने मोटरबोट और गोताखोरों के मदद से तलाशी अभियान शुरु किया। सभी शव घटनास्थल से अलग अलग दूरी पर बरामद किए गए हैं। ठाकुर ने बताया कि मृतकों की पहचान रोहित सिंह (30), राहुल सिंह (30) सुरेंद्र सिंह (22) और महेन्द्र सिंह (22) के तौर पर हुई है।

## चोरी के शक में महिला की पीट कर हत्या, चार गिरफ्तार

**कैनिंग।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में भीड़ ने चोरी के शक में 41 वर्षीय एक महिला को पीट–पीट कर मार डाला और उसके पति को घायल कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना काशीपुर पुलिस थानांतर्गत चिनपुकुर गांव में शुक्रवार को हुई थी और इस संबंध में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

SBFC

SBFC FINANCE PVT.LTD.
(Erstwhile Small Business Fincredit India Pvt. Ltd.)
Unit No. 103, First Floor C & B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai -400059 |Telephone: +91 22 - 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

एसबीएफसी फाइनेंस प्रा. लि. की शाखा लक्ष्मी नगर, दिल्ली के स्थानांतरण के बारे में जनता को सूचित/अधिसूचित किया जाता है। 15.01.2021 से प्रभावी।
**यहां से:–** G–59, पहली मंजिल, मैन विकास मार्ग,लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092
**के लिए:–** प्रॉपर्टी नंबर 1/10 और 1/12 , पहली मंजिल, ललिता पार्क, नजदीक लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली - 110092

**अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें – एसबीएफसी फाइनेंस प्रा.लि.**
**Toll Free : 1800 – 102- 8012**

**PUBLIC NOTICE**

**Lokesh Construction Private Limited**
**CIN: U70101DL1992PTC186666**

**Notice: Cessation of an Employee**

**Subject:** Mr. Rajinder Singh, no longer associated with the Companies mentioned below

Dear All,

This is to inform you that Mr. Rajinder Singh is no longer associated with Me or any of the following companies namely, Lokesh Constructions Private Limited, Karma Lifestyle Private Limited, Anki Wine Private Limited and Elxiir Benidictine LLP with effect from September 12, 2020,

He is not authorised to represent the aforesaid companies and me in any matter whatsoever. Any person dealing with him shall do so at his own risk and responsibility

Sd/-
Ms. Anki Bhutia
Director

"मैं व्यक्तिगत कारणों से उ॰प्र॰ रेरा में पंजीकृत परियोजना **SAVY HOMZ (SAMAJWADI AWAS YOJNA)** (संख्या **UPRERAPRAJ13263**) को सरेंडर / कॅंसीलेशन / निरस्तीकरण कर रहा हूँ। किसी व्यक्ति / संस्था आदि द्वारा इस परियोजना में यदि कोई बुकिंग करायी गयी हैं तो कृपया अपना क्लेम / दावा प्रस्तुत करें। उक्त क्लेम / दावा को विवरण सहित **15 दिनों** के अन्दर यूपी रेरा की ई–मेल आईडी **CONTACTUPRERA@UP-RERA.IN** पर भेजा जाये तथा क्लेम / दावा विवरण को सचिव उ॰प्र॰ रेरा मुख्यालय, नवीन भवन, राज्य नियोजन संस्थान, कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–**226007** को प्रेक्षित किया जाये।"

**IndusInd Bank** — न्यू टावर, हयात रीजेन्सी कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110066

**कब्जा सूचना [नियम 8(1) देखें] (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, इंडसइंड बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 29–08–2019 जारी की थी, जिसमें कर्जदारों मैसर्स एएक्सएल लाइटिंग लिमिटेड, श्री बंतवाल लक्ष्मीनारायण माल्या, श्री सुब्रमनियन बाराथन, सुश्री विद्या माल्या, श्री सदानंद मधुसूदन सहस्त्रबुद्धे से मैसर्स एएक्सएल लाइटिंग लिमिटेड के नाम में खाता नंबर 6500114065843 में दिनांक 31–07–2019 तक बकाया कुल राशि रू. 1,85,65,184/– (रू. एक करोड़ पिचासी लाख पैंसठ हजार एक सौ चौरासी मात्र) और दूसरी मांग सूचना दिनांकित 29–08–2019 जारी की थी, जिसमें श्री बंतवाल लक्ष्मीनारायण माल्या, श्री सदानंद मधुसूदन सहस्त्रबुद्धे, श्री सुब्रमनियन बाराथन, सुश्री विद्या माल्या, से श्री लक्ष्मी नारायण बंतवाल माल्या के नाम में खाता नंबर 510003469624 में दिनांक 31–07–2019 तक बकाया कुल राशि रू. 95,65,796/– (रू. पिच्यानवे लाख पैंसठ हजार सात सौ छियानवे मात्र) उस पर दिनांक 01–08–2019 से आगे ब्याज तथा लागतों, प्रभारों तथा खर्चों इत्यादि का भुगतान, उक्त सूचनाओं की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदारों तथा जन साधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित संपत्ति, का कब्जा 13 अक्टूबर, 2020 को प्राप्त कर लिया है।कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इंडसइंड बैंक लिमिटेड की 31–07–2019 तक कुल बकाया राशि रू. 2,81,30,980/– (अर्थात रू. 1,85,65,184.00 + रू. 95,65,796.00) उस पर दिनांक 01–08–2020 से आगे ब्याज तथा लागतों, प्रभारों तथा खर्चों इत्यादि का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

**सम्पत्ति का विवरण**

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : "हाउस ऑफ हीरानंदानी देवनहल्ली" के नाम से ज्ञात परियोजना में आवासीय सम्पत्ति आवासीय विला नंबर 467, वर्तमान देवनहल्ली टाउन म्युनिसिपल काउन्सिल खाता नंबर 250/28/1/14/467 निर्मित क्षेत्रफल 4055 वर्ग फीट सहित जिसमें भू तल, प्रथम तल तथा साझा सुविधाएं इस्तेमाल करने का अधिकार शामिल है तथा परिवर्तित भूमि सर्वे सं. 22/1, 28/1, 28/2, 29/1, 29/2, 29/3, 31/1 प्रसन्नाहल्ली ग्राम परिमाप कुल 5 एकड़ 18 गुन्टा और सर्वे सं. 155/2, 157 एवं 158 सन्ना अम्मानीकेरे ग्राम कस्बा होबली, देवनहल्ली तालुका, बेंगलुरू ग्रामीण जिला परिमाप कुल तीन एकड़ 34 गुन्टा में 4200 वर्ग फीट अविभाजित हिस्सा। विला की चौहद्दी निम्नानुसार है :
पूरब : विला नंबर 476, पश्चिम : ड्राइव वे, उत्तर : ड्राइव वे, दक्षिण : विला नंबर 468

तिथि : 13–10–2020 स्थान : बेंगलुरू — प्राधिकृत अधिकारी, इंडसइंड बैंक लिमिटेड

**AXIS BANK** — एक्सिस बैंक लिमिटेड, एक्सिस हाउस, टॉवर–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301, नियंत्रण कार्यालय : एक्सिस हाउस, बाम्बे डाइंग कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुम्बई–400 025

**अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, श्री अक्षय बत्रा तथा श्री युधवीर बत्रा की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की 17–10–2020 तक बकाया राशि रू. 91,51,138/– उसके वास्तविक भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक आगे यथा लागू ब्याज, अनुषंगी खर्चों, लागतों, प्रभारों इत्यादि की वसूली के लिए दिनांक 06–11–2020 को पूर्वा. 11.30 बजे एक्सिस हाउस, टॉवर–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301 में "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य रू. 44,96,837/– तथा धरोहर राशि जमा रू. 4,49,683.7/– होगी।

| खाता नंबर | कब्जे में ली गई तथा बिक्री हेतु प्रस्तुत अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति की अवस्थिति/विवरण | ऋणभार, यदि कोई, जो बैंक को ज्ञात है |
|---|---|---|
| पीएचआर0792 00729188 | ग्राम ग्वाल पहाड़ी, तहसील सोहना, जिला गुरूग्राम, हरियाणा–122001 की राजस्व सम्पदा में स्थित दि वैली व्यू एस्टेट में अवस्थित ग्रुप हाउसिंग टावर नंबर 1 (गोल्ड लीफ क्रीसेंट) में फ्लैट नंबर 105, प्रथम तल, कार पार्किंग स्पेस नंबर ओपीपी–35 सहित। | कोई नहीं |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः https://www.axisbank.com/auction-notices/ देखें।

तिथि : 18–10–2020
स्थान : नोएडा

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी,
एक्सिस बैंक लिमिटेड

**AXIS BANK** — एक्सिस बैंक लिमिटेड, एक्सिस हाउस, टॉवर–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301, नियंत्रण कार्यालय : एक्सिस हाउस, बाम्बे डाइंग कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुम्बई–400 025

**अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, सुश्री हनी रॉय एवं श्रीमती बानी रॉय की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की 17–10–2020 तक बकाया राशि रू. 34,91,528/– उसके वास्तविक भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक आगे यथा लागू ब्याज, अनुषंगी खर्चों, लागतों, प्रभारों इत्यादि की वसूली के लिए दिनांक 07–11–2020 को पूर्वा. 11.30 बजे एक्सिस हाउस, टॉवर–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301 में "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य रू. 18,80,820/– तथा धरोहर राशि जमा रू. 1,88,082/– होगी।

| खाता नंबर | कब्जे में ली गई तथा बिक्री हेतु प्रस्तुत अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति की अवस्थिति/विवरण | ऋणभार, यदि कोई, जो बैंक को ज्ञात है |
|---|---|---|
| पीएचआर0792 03241253 एवं एचटीआर0792 03280067 | आवासीय यूनिट नंबर एच/09–1, परिमाप सुपर एरिया 1200 वर्ग फीट, 9वां तल, टावर नंबर 5(एच), आवासीय स्कीम/कॉम्प्लेक्स रेडवुड रेजिडेंसी, ग्राम फरीदपुर, सेक्टर–78, तहसील तिगांव एवं जिला फरीदाबाद, हरियाणा–121004, जिसमें सम्पत्ति स्थित है उस बिल्डिंग के नीच भूमि तथा बिल्डिंग/स्कीम/कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध कराए गए कॉमन एरियाज तथा सुविधाओं में यथानुपात, अविभाजित एवं अवियोजनीय हिस्सा एवं हित | |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः https://www.axisbank.com/auction-notices/ देखें।

तिथि : 18–10–2020
स्थान : नोएडा

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी,
एक्सिस बैंक लिमिटेड

**कार्यालय ग्राम पंचायत समामाई रूहल विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस।**

पत्रांक /ग्रम पंचायत/वित्तआयोग मद/टेन्डर/2020–21

दिनांक 17/10/2020

**–: अति अल्पकालीन निविदा :–**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15 वॉं योजनान्तर्गत वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत दुकानदारों से कार्य स्थल पर सामग्री हेतु निविदायें दिनांक 23/10/2020 को समय अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है और उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे आवेदको की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिमि में खोली जायेगी।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (सामग्री) रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल (रू0 में) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जितेन्द्र सिंह के घर से योगेन्द्र सिंह के घर तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण। | 211865 | 4240 | 250+GST | 3 माह |
| 2. | एन.एच. 93 से जितेन्द्र सिंह के घर तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण। | 211865 | 4240 | 250+GST | 3 माह |
| 3. | ग्राम पंचायत समामई रूहल में सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 356871 | 7140 | 250+GST | 3 माह |

निविदा की शर्ते :–
1. निविदा प्रपत्र कार्यालय दिवस कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।
2. सामिग्री आपूर्ति में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गुणवत्ता खराब होने पर निविदा बिना पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है।
3. सामिग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर प्राप्त होने के बाद सामिग्री का बिल ग्राम पंचायत को प्राप्त कराने के बाद भुगतान किया जायेगा।
4. सामिग्री मात्रा आदि के लिए सचिव ग्राम प्रधान किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।
5. किसी भी अन्य जानकारी के लिये ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर पता कर सकते हैं।

अध्यक्ष/प्रधान — ग्राम पंचायत समामई रूहल
सचिव — ग्राम पंचायत समामई रूहल

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंघर्र विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस।**

पत्रांक /ग्रम पंचायत/वित्तआयोग मद/टेन्डर/2020–21

दिनांक 17–10–2020

**–: अति अल्पकालीन निविदा :–**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15 वॉं योजनान्तर्गत वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत दुकानदारों से कार्य स्थल पर सामग्री हेतु निविदायें दिनांक 23/10/2020 को समय अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है और उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे आवेदको की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिमि में खोली जायेगी।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (सामग्री) रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल (रू0 में) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत सिंघर्र में प्रा0वि0 का कार्या कल्प निर्माण | 180000 | 3600 | 250+GST | 3 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत सिंघर्र में प्रा0विघाल्य सं0 भाधो का कायाकल्प कार्य | 183732 | 3675 | 250+GST | 3 माह |
| 3. | ग्राम पंचायत मे प्रा0विघालय में इन्टरलॉक निर्माण कार्य | 118775 | 2375 | 250+GST | 3 माह |
| 4. | ग्राम पंचायत सिंघर्र में उच्च प्रा0विघालय का कायाकल्प कार्य | 191960 | 3840 | 250+GST | 3 माह |

निविदा की शर्ते :–
1. निविदा प्रपत्र कार्यालय दिवस कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।
2. सामिग्री आपूर्ति में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गुणवत्ता खराब होने पर निविदा वित्ता पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है।
3. सामिग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर प्राप्त होने के बाद सामिग्री का बिल ग्राम पंचायत को प्राप्त कराने के बाद भुगतान किया जायेगा।
4. सामिग्री मात्रा आदि के लिए सचिव ग्राम प्रधान किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।
5. किसी भी अन्य जानकारी के लिये ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर पता कर सकते हैं।

अध्यक्ष/प्रधान — ग्राम पंचायत सिंघर्र
सचिव — ग्राम पंचायत सिंघर्र

## जेपचिरचिर ने अपने विश्व रिकार्ड में सुधार किया

**ग्डिनिया (पोलैंड)।** कीनिया की पेरेज जेपचिरचिर ने शनिवार को महिला हाफ मैराथन मे अपने विश्व रिकॉर्ड का मे सुधार करते हुए एक घंटा पांच मिनट और 16 सेकंड का समय निकाला।इस 27 साल की धाविका ने यहां आयोजित विश्व एथलेटिक्स हाफ मैराथन चैम्पियनशिप मे अपने रिकार्ड मे 18 सेकेंड का सुधार किया।

## रोहन जेटली का निर्विरोध चुनना तय, कोषाध्यक्ष पद के लिए मुकाबला

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के पांच से आठ नवंबर तक होने वाले चुनावों में कोषाध्यक्ष पद के लिए बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सीके खन्ना की पत्नी शशि और गौतम गंभीर के अंकल पवन गुलाटी के बीच मुकाबला होगा। शनिवार को अंतिम मतदाता सूची तैयारी की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकन पूर्व वित्त मंत्री दिवंगत अरूण जेटली के बेटे रोहन का है जिससे वह शीर्ष पद के लिए सर्वसम्मत विकल्प होंगे।

## एएफआई 31 को चुनाव कराएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 31 अक्टूबर को होने वाली वार्षिक आम सभा की बैठक के दौरान अपने पदाधिकारियो का चुनाव करेगा। इस बैठक का आयोजन ऑनलाइन होगा। एजीएम का आयोजन गुरुग्राम के एक होटल में होगा जो एक नवंबर तक चलेगी। पदाधिकारियो का चयन एजीएम के पहले दिन 2020-24 के कार्यकाल के लिए होगा।

## भारत में क्रिकेट की दीवानगी को कैमरे में कैद किया स्टीव वॉ ने

**नई दिल्ली।** स्टीव वॉ खेलते आस्ट्रेलिया के लिए थे लेकिन जब क्रिकेट को कैमरे मे कैद करने की बात आई तो उन्होंने भारत को चुना जहां इस खेल को धर्म माना जाता है। चाहे वह हिमालय की किसी तलहटी मे भिक्षुओं द्वारा क्रिकेट खेलना हो या फिर दिव्यांग खिलाड़ी का गेंद पकड़ने के लिए निंजा वारियर्स की तरह हवा मे तैरना, वॉ को भारत मे क्रिकेट जीवन जीने का एक तरीका लगा। आस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने समुद्र तटों से लेकर रेगिस्तान और पहाड़ों पर लोगों को क्रिकेट खेलते हुए देखा।

## बाला देवी को उम्मीदों पर खरा उतरने की भरोसा

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान बाला देवी को लगता है कि रेंजर्स एफसी मे उन्हे जिस तरह की पेशेवर ट्रेनिंग मिली है, उससे वह बेहतर खिलाड़ी बन गई है और वह रविवार से शुरू होने वाली स्कॉटिश महिला प्रीमियर लीग मे उम्मीदों पर खरा उतरने की आशा लगाए हुए है। बाला ने जनवरी में रेंजर्स से 18 महीने का अनुबंध किया था। उन्होंने कहा कि सत्र से पूर्व छह हफ्ते की कड़ी ट्रेनिंग के बाद वह लीग में अच्छा करने को तैयार है जो बंद स्टेडियम मे खेली जाएगी।

# डिविलियर्स के धमाल से आरसीबी चमका

## ● रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने राजस्थान रायल्स को सात विकेट से रौंदा

भाषा। दुबई




रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने एबी डिविलियर्स की 22 गेंद में नाबाद 55 रन की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से जीत दर्ज की। डिविलियर्स ने इस पारी के दौरान छह गगनचुंबी छक्के और एक चौका जमाया। उन्होंने अंत में गुरकीरत सिंह मान (नाबाद 19) के साथ चौथे विकेट के लिए 77 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद अच्छी शुरूआत की और फिर कप्तान स्टीव स्मिथ (57 रन) के अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 177 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने (आरसीबी) कप्तान विराट कोहली (43 रन) और देवदत्त पडिक्कल (35 रन) की दूसरे विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी के बाद डिविलियर्स के तूफानी अर्धशतक से 19.4 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर जीत हासिल की। डिविलयर्स ने 19वें ओवर में जयदेव उनादकट की गेंदों को धुनते हुए छक्कों की हैट्रिक लगाई जिससे इसमें 25 रन बने जबकि आरसीबी को अंतिम दो ओवरों में जीत के लिए 35 रन चाहिए थे। अब अंतिम ओवर में केवल 10 रन की जरूरत थी जिसमें दो, एक, दो और एक गगनचुंबी से टीम ने छठी जीत हासिल की। आरसीबी के अब नौ मैचों में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह मुंबई इंडियंस (12 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (12 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स की यह नौ मैचों में छठी हार थी और वह छह अंक से सातवें स्थान पर है। आरसीबी के लिए पहला विकेट आरोन फिंच (14 रन) के रूप में गिरा जिन्हें श्रेयस गोपाल ने आउट किया। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (35 रन) और कोहली ने बिना विकेट गंवाए 12 ओवर तक अच्छी साझेदारी निभाई। कोहली के 13वें ओवर में तेवतिया पर लगे छक्के से आरसीबी ने 76 गेंद में 100 रन पूरे किए। पर इसी ओवर में कोहली और पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट के लिए 9.3 ओवर में 79 रन की भागीदारी का अंत हुआ। तेवतिया की गेंद पर पडिक्कल (37 गेंद में दो चौके) बेन स्टोक्स को कैच देकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में तेवतिया ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश करते हुए कार्तिक त्यागी की गेंद पर कोहली का कैच लपककर आरसीबी को करारा झटका दिया। अब दारोमदार दक्षिण अफ्रीकी स्टार डिविलियर्स और गुरकीरत पर था।

### आईपीएल के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी हैं एबी : कोहली

दुबई। रॉयल चैलेजर्स बेगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीकी स्टार एबी डिविलियर्स को इंडियन प्रीमियर लीग का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी करार दिया जिन्होने यहां 22 गेंद मे नाबाद 55 रन की पारी से राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट की जीत दर्ज करने मे मदद की।कोहली ने मैच के बाद कहा, एबी हमेशा ही ऐसा खिलाड़ी रहा है जो परिस्थितियों को देखकर अपने खेल को इसके अनुसार ढालने के लिए तैयार रहता है। मेरी नजर मे वह आईपीएल का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी है। अगर वह चल जाता है तो प्रतिद्वंद्वी टीम को पता चल जाता है कि उनके पास कम मौका है और इसके पीछे कारण भी है। उन जैसे खिलाड़ी की मौजूदगी से टीम हमेशा महसूस करती है कि हम मैच मे कभी भी बाहर नही है।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स** : उथप्पा का फिंच बो चहल 41, स्टोक्स का डिविलियर्स बो क्रिस मौरिस 15,सैमसन का क्रिस मौरिस बो चहल 09 , स्मिथ का शाहबाज अहमद बो क्रिस मौरिस 57,बटलर का नवदीप सैनी बो क्रिस मौरिस 24,तेवतिया नाबाद 19, आर्चर पगबाधा बो क्रिस मौरिस 02, **अतिरिक्त** : 10, **कुल योग** : 20 ओवर मे छह विकेट पर 177 रन, **विकेट पतन** : 50-1, 69-2, 69-3, 127-4, 173-5, 177-6, **गेंदबाजी** : वाशिंगटन सुंदर 3-0-25-0,क्रिस मौरिस 4-0-26-4 , इसुरू उडाना 3-0-43-0 ,नवदीप सैनी 4-0-30-0 , युजवेंद्र चहल 4-0-34-2 , शाहबाज अहमद 2-0-18-0

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर** : पडिक्कल का स्टोक्स बो राहुल तेवतिया 35, फिंच का उथप्पा बो श्रेयस गोपाल 14,कोहली का राहुल तेवतिया बो कार्तिक त्यागी 43,डविलियर्स नाबाद 55, गुरकीरत सिंह मान नाबाद 19, **अतिरिक्त** : 13 ,**कुल योग** : 19.4 ओवर मे तीन विकेट पर 179 रन, **विकेट पतन** : 23-1, 102-2, 102-3, **गेंदबाजी** : आर्चर 3.4-0-38-0,गोपाल 4-0-32-1, त्यागी 4-0-32-1,उनादकट 4-0-46-0, तेवतिया 4-0-30-1

## मजबूत मुंबई का मुकाबला अब गेल तूफान से उत्साहित पंजाब से

**दुबई।** मुंबई इंडियन्स लगातार पांच मैचों में जीत से बेहद मजबूत नजर आ रहा है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा क्योंकि क्रिस गेल की वापसी से उसके इस प्रतिद्वंद्वी में नया उत्साह जगा है। मुंबई एक जीत से प्लेऑफ के बेहद करीब पहुंच जाएगा जबकि पंजाब एक और हार से दौड़ से बाहर हो सकता है। मुंबई अपनी दमदार बल्लेबाजी और घातक गेंदबाजी से विरोधी टीमों की चुनौती से आसानी से पार पा रहा है। पिछले मैच में उसने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज मुंबई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा (251 रन) और उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक (269 रन) अच्छी लय में है जबकि मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव (243 रन) और इशान किशन (186 रन) भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट अभी आईपीएल की सबसे सफल गेंदबाजी जोड़ी के रूप में सामने आए हैं।

## बल्लेबाजों के दम पर जीत की राह पर लौटना चाहेंगे केकेआर व सनराइजर्स

**अबुधाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी संभालने के बाद पहले मैच में ही करारी हार का सामना करने वाले इयोन मोर्गन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ मैदान पर उतरेंगे। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दिनेश कार्तिक ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शुक्रवार को मैच से पहले कप्तानी अपने उप कप्तान मोर्गन को सौंप दी थी। इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान की नई भूमिका में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उनकी टीम को मुंबई से आठ विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। केकेआर ने अब तक चार मैचों में जीत दर्ज की है लेकिन उसे इतने ही मैचों में हार भी मिली है। वह अंकतालिका में मुंबई इंडियन्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बाद चौथे स्थान पर है। लेकिन अगर दो बार का चैंपियन केकेआर प्लेऑफ में जगह बनाना चाहता है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ 194 रन के लक्ष्य के सामने केकेआर के बल्लेबाज 20 ओवरों में 112 रन ही बना पाए। मुंबई के खिलाफ तो आठ ओवर में उसका स्कोर चार विकेट पर 42 रन हो गया था। उसकी आधी टीम 11वें ओवर में 61 रन के स्कोर तक पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद मोर्गन (नाबाद 39) और तेज गेंदबाज कमिन्स (नाबाद 53) के बीच छठे विकेट के लिए 87 रन की अटूट साझेदारी से टीम पांच विकेट पर 148 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची।

## जेवरेव, बातिस्ता आगुट संघर्षपूर्ण जीत से कोलोन सेमीफाइनल में

**कोलोन (जर्मनी)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्सांद्र जेवरेव और दूसरी वरीयता प्राप्त राबर्टो बातिस्ता आगुट ने संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके कोलोन इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जेवरेव ने दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस को तीन सेट में 6-4, 3-6, 6-0 से हराया। विश्व में सातवीं रैंकिंग के जेवरेव का सामना अब स्पेन के अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा जिन्होंने डेनिस नोवाक को 6-3, 2-6, 6-3 से पराजित किया।

## एमबापे के दो गोल से पीएसजी ने नाइम्स को हराया

**पेरिस।** स्टार स्ट्राइकर कायलिन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दस खिलाडि़यों के साथ खेल रहे नाइम्स को 4-0 से करारी शिकस्त देकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में इस सत्र में पहली बार शीर्ष पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की। एमबापे के गोल से ही फ्रांस ने दो दिन पहले नेशन्स लीग में क्रोएशिया को 2- । से हराया था। नाइम्स के सेंटर हॉफ लोइक लांड्रे को 12वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया गया था।

# रायुडु और जडेजा की आतिशि पारी

## ● दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई ने चार विकेट पर 179 रन बनाए

भाषा। शारजाह



फाफ डुप्लेसिस (58) की अर्धशतकीय पारी के बाद आखिरी ओवरों में अंबाती रायुडु और रविन्द्र जडेजा की ताबड़तोड़ पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल मुकाबले में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 179 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

चेन्नई के बल्लेबाजों ने आखिरी पांच ओवर में 67 रन जोड़े जिसमें जडेजा ने 13 गेंद में चार छक्के की मदद से नाबाद 33 और रायुडु ने 25 गेंद में चार छक्के और एक चौका की मदद से नाबाद 45 रन बनाए। दोनों ने महज 21 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। इससे पहले डुप्लेसिस ने शेन वाटसन (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी कर बाद के बल्लेबाजों के लिए मजबूत नींव रखी।चेन्नई के लिए टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला उस समय गलत लगा जब युवा तेज गेंदबाज तुषार पांडे ने शुरुआती ओवर की तीसरी गेंद पर ही चेन्नई के सलामी बल्लेबाज सैम कुरेन को खाता खोले बगैर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कागिसो रबाडा के द्वारा किया गया दूसरा ओवर मेडन रहा। वाटसन ने तीसरे ओवर में देशपांडे के खिलाफ दो चौके जबकि डुप्लेसिस ने नोर्जे के खिलाफ पांचवें ओवर में छक्के और फिर दो चौके लगाकर हाथ खोले। इसके बाद दिल्ली के गेंदबाजों ने इस अनुभवी जोड़ी को तेजी से रन बनाने से रोके रखा। दोनों ने हालांकि अश्विन द्वारा किए गए 10वें ओवर में 15 रन और देशपांडे के 11वें ओवर में 14 रन बटोरे।

### स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्स पारी**: कुरेन का नोर्जे बो देशपांडे 00,डुप्लेसिस का धवन बो रबाडा 58, शेन वाटसन बो नोर्जे 36, रायुडु नाबाद 45,धोनी का कैरी बो नोर्जे 03, जडेजा नाबाद 33,**अतिरिक्त**: 04, **कुल योग**: 20 ओवर मे चार विकेट पर 179 रन, **विकेट पतन**: 1-0, 2-87, 3-109, 4-129, गेंदबाजी:देशपांडे 4-0-39-1,रबाडा 4-1-33-1,अक्षर 4-0-23-0, नोर्जे 4-0-44-2,अश्विन 3-0-30-0, स्टोइनिस 1-0-10-0

## उमर गुल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उमर गुल ने शनिवार को राष्ट्रीय टी20 कप के समापन के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। गुल ने पाकिस्तान की तरफ से अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच (वनडे) 2016 में खेला था। गुल ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, भारी मन से और काफी सोच विचार करने के बाद मैंने राष्ट्रीय टी20 कप के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।

## ब्रावो की वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में वापसी, होप बाहर

**सेंट जोन्स (एंटीगा)।** डेरेन ब्रावो और शिमरोन हेटमायर तथा आलराउंडर कीमो पॉल को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टीम में शामिल किया गया है जबकि शाई होप को बाहर कर दिया गया है। छह रिजर्व खिलाड़ी भी पृथकवास के दौरान टेस्ट टीम की तैयारियों में मदद करने और किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसका स्थान लेने के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर जाएंगे। आंद्रे फ्लेचर को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है।

## एक जनवरी से घरेलू क्रिकेट शुरू करने की योजना : गांगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि घरेलू क्रिकेट सत्र एक जनवरी से शुरू होगा। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने रविवार की शाम को बैठक की और काफी समय घरेलू कैलेंडर पर चर्चा की गई जो भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण गड़बड़ा गया है। गांगुली ने दुबई से पीटीआई से कहा, हमने घरेलू क्रिकेट पर काफी देर तक चर्चा की और हमने संभावित रूप से एक जनवरी 2021 से टूर्नामेंट शुरू करने का फैसला किया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या सत्र को छोटा किया जाएगा तो पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि बोर्ड व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए सभी घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन नहीं कर पाएगा। बीसीसीआई रणजी ट्राफी के लिए जनवरी से मार्च की विंडो पर नजर लगाए है। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से रणजी ट्राफी का पूर्ण सत्र कराएंगे। लेकिन सभी टूर्नामेंट का आयोजन करना शायद संभव नहीं होगा। बीसीसीआई अध्यक्ष ने यह भी आश्वस्त किया कि जूनियर क्रिकेट और महिला टूर्नामेंट का आयोजन मार्च और अप्रैल के बीच किया जाएगा। हमारी आयु ग्रुप और महिला क्रिकेट के लिए विस्तृत योजनाए हैं। हम रणजी ट्राफी के साथ शुरूआत करेंगे और फिर हम अन्य टूर्नामेंट मार्च और अप्रैल के बीच कराएंगे।

## समुचित आर्थिक तुलना में भारत से आगे नही है बांग्लादेश: अरविंद सुब्रमणियन

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमणियन ने शनिवार को कहा कि समुचित आर्थिक पैमानों पर देखें तो बांग्लोदश अभी भारत से आगे नहीं निकला है और न ही निकट भविष्य में इसकी संभावना है। उन्होंने कहा कि किसी देश में लोगों के कल्याण के सामान्य स्तर के अनुमान के लिए तमाम संकेतकों में प्रतिव्यक्ति आय केवल एक संकेतक का अनुमान है। यह विषय अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष की एक रपट के बाद चर्चा में है। रपट में अनुमान लगाया गया है कि कोविड19 प्रभावित चालू वित्त वर्ष में प्रति व्यक्ति आय के मामले में बांग्लादेश भारत को पीछे छोड़ सकता है।

## ब्लैकस्टोन को संपत्ति बेचेगी प्रेस्ट्रीज समूह

**नई दिल्ली।** अचल सम्पत्ति का कारोबार करने वाली कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने रविवार को बताया कि वह कार्यालय, खुदरा कारोबार और होटल की कुछ परियोजनाएं व सम्पत्तियां वैश्विक निवेश कंपनी ब्लैकस्टोन को बेचने पर सहमत हुई है। प्रेस्टीज समूह ने यह नहीं बताया है कि ए सौदे कुल कितने रुपए के हैं, पर सूत्रों का कहना है कि अचल संपत्तियों के बाजार का यह बड़ा सौदा करीब 12,000 करोड़ रुपए का होगा। सूत्रों ने कहा कि इसके लिए इकरारनामे पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। सूत्रों के अनुसार यह सौदा प्रतिस्पर्धा आयोग और अन्य कनूनी स्वीकृति के बाद अगले माह तक निपटा लिया जाएगा।

## उत्पादों के बारे में अनिवार्य सूचना नहीं दिए जाने पर फ्लिपकार्ट, अमेजन को नोटिस

**नई दिल्ली।** सरकार ने ई-वाणिज्य कंपनियों के मंच से बिकने वाले सामानों पर उनके मूल उत्पत्ति वाले देश की जानकारी तथा अन्य जरूरी सूचनाएं नहीं दिए जाने को लेकर कदम उठाया है और इसको लेकर फ्लिपकार्ट तथा अमेजन को नोटिस जारी किया। ए नोटिस उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जन वितरण मंत्रालय के तहत आने वाले उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जारी किए गए। इस बारे में फिलहाल दोनों कंपनियों से कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है। विभाग ने सभी ई-वाणिज्य कंपनियों से लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) रूल्स , 2011 का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है।

## टाटा कम्युनिकेशंस को 385 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** टाटा कम्युनिकेशंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2020-21 की जुलाई-सितंबर तिमाही में करीब सात गुना उछलकर 384.81 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 54.31 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। टाटा कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 4.5 प्रतिशत बढ़कर 4,477.18 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 4,282.3 करोड़ रुपए रही थी। वॉलेट में क्रेडिट कार्ड से पैसा जोड़ने पर पेटीएम अब लेगी दो प्रतिशत शुल्क नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान संबंधी सेवा प्रदान करने वाली कंपनी पेटीएम अब क्रेडिट कार्ड से वॉलेट में पैसा जोड़ने पर दो प्रतिशत शुल्क लेगी।अभी तक यदि कोई उपभोक्ता एक महीने में क्रेडिट कार्ड से अपने वॉलेट में 10 हजार रुपए से अधिक जोड़ता था, तभी दो प्रतिशत शुल्क देना होता था।

# अर्थव्यवस्था के उबरने के दिख रहे संकेत: रिपोर्ट



भाषा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए कड़े लॉकडाउन के कारण अर्थव्यवस्था छह महीने तक दिक्कतों में फंसी रही। अब जल्दी जल्दी प्राप्त होने वाले कुछ आंकड़े संकेतक दे रहे हैं कि अर्थव्यवस्था की हालत सुधार पर है हालांकि अभी यह सुधार कमजोर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक के सबसे कठिन लॉकडाउन के कारण छह महीने की दिक्कतों के बाद अंतत: अर्थव्यवस्था के लिए कुछ अच्छी खबरें हैं। उच्च आवृत्ति वाले कुछ संकेतक अर्थव्यवस्था में सुधार का संकेत दे रहे हैं। ऐसा अनुमान है कि यदि सरकार ने अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए तत्काल कोई कदम नहीं उठाया तो सितंबर तिमाही में 13.5 प्रतिशत और चालू वित्त वर्ष में करीब 9.5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। इस बीच विनिर्माण के खरीद प्रबंध सूचकांक (पीएमआई) में तेज सुधार देखने को मिला है। यह सूचकांक अगस्त में 52 था, जो सितंबर में 56.8 पर पहुंच गया। यह आठ साल की सबसे बड़ी तेजी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह पिछले साल सितंबर की तुलना में 3.8 प्रतिशत बढ़कर 95,480 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह अगस्त 2020 की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक रहा। यात्री वाहनों की बिक्री में भी 31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। रेलवे माल ढुलाई में भी 15 प्रतिशत तेजी आई है।

### वर्ष 2023 तक शीतभंडारगृह रीअल एस्टेट की जगह बढ़कर 150 करोड़ वर्ग फीट हो जाएगी

नई दिल्ली। परिसंपत्ति सलाहकार सीबीआरई ने कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खाद्य और किराने का सामान की बढ़ती मांग से शीत भंडारगृहो के व्यवसाय मे वृद्धि होगी। उसने अनुमान व्यक्त किया है कि इस खंड मे कुल भंडारण क्षमता और साथ ही रीयल एस्टेट की जगह वर्ष 2023 तक दोगुनी हो जाएगी। कोल्ड स्टोरेज सेगमेंट पर अपनी रिपोर्ट मे, सीबीआरई ने कहा वर्ष 2018 मे समग्र कोल्ड स्टोरेज के रीअल एस्टेट की जगह 75-80 करोड़ वर्ग फुट थी और वर्ष 2023 तक रीअल एस्टेट की जरूरत बढ़कर 140150 करोड़ वर्ग फुट तक बढ़ने की उम्मीद है। समग्र कोल्ड स्टोरेज की क्षमता वर्ष 2018 मे 3.7-3.9 करोड़ टन भंडारण करने की थी और वर्ष 2023 तक इसके दोगुने होकर सात से साढ़े सात करोड़ टन होने की उम्मीद है।

## डॉ रेड्डीज को कोविड-19 के टीके के दूसरे-तीसरे चरण का मानव परीक्षण करने की मंजूरी मिली

**हैदराबाद।** डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज लिमिटेड को कोविड-19 के रूस में बने टीके स्पूतनिक वी का भारत में दूसरे व तीसरे चरण का मानव परीक्षण करने की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि उसे और रसियन डाइरेक्ट इवेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) को भारतीय औषधि महा नियंत्रक (डीजीसीआई) से यह मंजूरी प्राप्त हुई है। कंपनी ने कहा कि यह एक नियंत्रित अध्ययन होगा, जिसे कई केंद्रों पर किया जाएगा।

इससे पहले सितंबर 2020 में डॉ.रेड्डीज़ और आरडीआईएफ ने स्पुतनिक वी वैक्सीन के परीक्षण और भारत में इसके वितरण के लिए साझेदारी की थी।

## समाचार एजेंसियों, डिजिटल मीडिया, न्यूज एग्रीगेटर्स 26 प्रतिशत एफडीआई नियम का अनुपालन करें: सरकार

**नई दिल्ली।** डिजिटल मीडिया या वेबसाइट पर सूचनाएं देने वाली कंपनियों या मीडिया समूहों को समाचार उपलब्ध कराने वाली समाचार एजेंसियों, समाचार संग्राहकों को 26 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सीमा नियमों का पालन करने की जरूरत है। सरकार ने शुक्रवार को यह कहा है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग ने कहा कि इन कंपनियों को इस स्पष्टीकरण के जारी होने के एक साल के भीतर अपनी एफडीआई निवेश को केंद्र सरकार की अनुमति के साथ 26 प्रतिशत तक करने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल अगस्त में प्रिंट मीडिया की तरह ही डिजिटल मीडिया के माध्यम से समाचार या सूचनाएं अपलोडिंग या स्ट्रीमिंग के क्षेत्र में सरकारी मंजूरी मार्ग से 26 प्रतिशत एफडीआई निवेश की अनुमति दे दी थी।

## टीसीएस आईटी क्विज़ होगी डिजिटल


**नई दिल्ली।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस द्वारा आयोजित की जाने वाली भारत की सबसे बड़ी अंतर विद्यालय क्विज़ टीसीएस आईटी विज़ के 22 एडिशन की घोषणा की गयी है। ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए चलायी जाने वाली टीसीएस की यह पहल इस वर्ष और भी रोचक होगी क्योंकि इस बार इसका आयोजन पूरी तरह से डिजिटल होगा। इस वर्ष टीसीएस आईटी विज़ में सहभागियों की संख्या पर कोई सीमा नहीं है जिससे क्विज़ का पूरी तरह से नया रूप देखने मिलेगा। देश के किसी भी क्षेत्र से प्रतिभाशाली युवा अपने घरों में सुरक्षित रहकर इस क्विज़ में हिस्सा ले सकते हैं।

## रत्नों, आभूषणों के निर्यात में आ सकती है 20-25 प्रतिशत की गिरावट: जीजेईपीसी

**मुंबई।** कोरोना वायरस महामारी के कारण सामने आए व्यवधानों के चलते चालू वित्त वर्ष में रत्नों व आभूषणों के निर्यात में 20 से 25 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। एक उद्योग संगठन ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के आंकड़ों के अनुसार, 2019-20 के दौरान इनका निर्यात 2,52,249.46 करोड़ रुपए रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन कोलिन शाह ने पांच दिवसीय वर्चुअल इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो (आईआईजेएस) के अंतिम दिन कहा, पिछले साल की तुलना में चालू वित्त वर्ष में हमें निर्यात में 20-25 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

## सरकार ने चुनावी बांड की 14वीं श्रृंखला को मंजूरी दी, 28 अक्टूबर तक होगी बिक्री

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिहार चुनाव से पहले शुक्रवार को चुनावी बांड की 14वीं श्रृंखला को मंजूरी दे दी। यह बिक्री के लिए 19 अक्टूबर को खुलेगा और 28 अक्टूबर को बंद होगा। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि निर्वाचन आयोग ने कुछ शर्तों के साथ आचार संहिता के नजिरए से इसे 15 अक्टूबर को मंजूरी दे दी। आयोग के अनुसार कोई भी राजनीतिक पदाधिकारी या कार्यकर्ता उन क्षेत्रों में सार्वजनिक भाषण या किसी प्रकार की सूचना के जरिए प्रेस या लोगों से इस संदर्भ कोई जिक्र नहीं करेंगे, जहां चुनाव होने जा रहे हैं। साथ ही निर्वाचन आयोग ने जो आचार संहिता जारी की है, उसके प्रावधानों का कड़ाई से पालन करेंगे।




## टाटा मोटर्स ने एचडीएफसी बैंक के साथ गठजोड़ किया

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने शनिवार को कहा कि उसने अपने यात्री वाहनों के वित्तपोषण के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ गठजोड़ किया है। कंपनी ने इस गठजोड़ के तहत वाहनों के वित्तपोषण के लिए दो योजनाएं पेश की है। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि त्योहारी सत्र मे बिक्री को बढ़ाने तथा उत्पादो की पहुंच आसान बनाने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर दो नई योजनाएं ग्रैजुएल स्टेप अप स्कीम और टीएमएल फ्लेक्सी ड्राइव स्कीम पेश की गई है।

## फ्रैंकलिन साझा कोष की बंद छह योजनाओं में 8,302 करोड़ की नकद प्राप्ति

**नई दिल्ली।** साझा कोष कंपनी फ्रैंक्लिन टेम्प्लेटन ने शनिवार को बताया कि उसने अपनी जिन छह बांड निवेश योजनाओ को बंद कर रखा है, उनमे उसे अप्रैल से अब तक 8,302 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है। कंपनी के अनुसार यह प्राप्ति परिपक्व निवेश, समय पूर्व भुगतान और निवेश पर निर्धारित ब्याज के रूप में हुई है। फ्रैंक्लिन टेम्प्लेटन ने बांड बाजार नकदी प्रवाह के संकट के बीच गत 23 अप्रैल को इन योजनाओ को बंद कर दिया था। इसके चलते यूनिटधारकों का यूनिटों का विमोचन भी रुक गया।

## डेक्कन क्रॉनिकल, पूर्व प्रवर्तकों की 122 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** डेक्कन क्रॉनिकल होल्डिंग्स लिमिटेड (डीसीएचएल) और इसके पूर्व प्रवर्तकों की 122 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां प्रवर्तन निदेशालय ने कुर्क की है। यह कुर्की एक कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले मे धनशोधन (मनी लॉन्डिंग) रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी ने शुक्रवार को एक बयान मे कहा कि डीसीएचएल और उसके पूर्व प्रवर्तकों से जुड़ी 14 संपत्तियो को कुर्क किया गया है। इनमे कंपनी के पूर्व प्रवर्तक टी. वेंकटराम रेड्डी और टी. विनायक रवि रेड्डी और एक बेनामी कंपनी की परिसंपत्तियां शामिल है।

# जो बाइडेन एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ हैं: डोनाल्ड ट्रंप

भाषा। मेकन (अमेरिका),

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रतिद्वंद्वी एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ हैं। ट्रंप ने फ्लोरिडा और जॉर्जिया में अपने समर्थकों से तीन नवम्बर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें जीत दिलाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वाम नियंत्रित मीडिया और बड़ी प्रौद्योगिकी कपंनियां इस चुनाव अभियान में बाइडेन के साथ खड़ी है।ट्रंप ने फ्लोरिडा के ओकाला और जॉर्जिया के मेकन में दिए गए अपने भाषणों में अपने समर्थकों से कहा, जो बाइडेन एक आपदा है। चलो इसका सामना करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि वह वह ऐसे अक्षम व्यक्ति से हारने के बारे में नहीं सोच सकते है। उन्होंने कहा कि द न्यूयार्क पोस्ट द्वारा हाल ही में प्रकाशित दस्तावेजों और ई-मेल से यह साबित हुआ है कि बाइडेन एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ है। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट द्वारा व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कायले मैकनी के ट्विटर अकाउंट को कुछ समय के लिए बंद किए जाने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यहां प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है।उन्होंने कहा, देखो हम क्या करते हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात हम तीन नवंबर को कर सकते हैं। यही सबसे बड़ी बात है जो हम कर सकते हैं। क्योंकि मैं सिर्फ जो बाइडेन के खिलाफ नहीं चल रहा हूं, हम वामपंथी मीडिया के खिलाफ चल रहे हैं और हम बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ चल रहे हैं। और वे सब कह चुके हैं और मैंने इन बड़ी कंपनियों की ताकत के बारे में सुना है और जैसा कि आप जानते हैं, चार साल पहले वे हमारे खिलाफ थे।

ट्रंप ने कहा, लेकिन मैं जीत गया। मैंने कहा, वे शक्तिशाली कैसे हो सकते हैं? मैं जीता, मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया और मैं जीत गया। लेकिन अब वे पूरी तरह से सनकी हो गए हैं। उन्होंने अब ऐसे काम किए हैं जो वे भी नहीं करेंगे। और वे पकड़े गए। उन्होंने अपने समर्थकों से उन्हें जीत दिलाकर इन लोगों को सबक सिखाने की अपील की।


ओकाला में चुनावी अभियान रैली के दौरान समर्थकों को संबोधित करते हुए डोनाल्ड ट्रंप

## दो राज्यों के वोटरों को लुभाने में जुटे राष्ट्रपति

एपी। फोर्ट मायर्स (अमेरिका)

**चुनाव** अभियान में आर्थिक तंगी का सामना कर रहे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने प्रतिद्वंद्वी के परिवार पर निशाना साधा और कोरोना वायरस महामारी पर काबू के लिए अपने खुद के संघर्ष का बचाव किया। चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार जो बाइडेन ने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है।ट्रंप अपने चुनाव अभियान में फिर से जान डालने के लिए प्रयासरत हैं और इस क्रम में वह फ्लोरिडा और जार्जिया में मतदाताओं से संवाद कर रहे थे। राष्ट्रपति पद पर उनके दूसरे कार्यकाल के लिए इन दोनों राज्यों में जीत अहम है। उन्होंने शुक्रवार की शाम का मुख्य समय जार्जिया को दिया। इससे यहां चुनाव में गंभीर चुनौती का अनुमान लगाया जा कता है। इससे पहले उनकी मूल योजना डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शासित राज्यों में ज्यादा ध्यान देने की थी।वर्ष 1992 में जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश के बाद से राष्ट्रपति पद के लिए किसी रिपब्लिकन उम्मीदवार को जॉर्जिया में हार नहीं मिली। ट्रंप ने शुक्रवार को फ्लोरिडा में बाइडेन परिवार को"एक संगठित आपराधिक परिवार" करार देते हुए निशाना साधा। इस क्रम में ट्रंप ने बाइडेन के पुत्र हंटर और यूक्रेन तथा चीन में उनके व्यापारिक लेनदेन को लेकर फिर से निशाना साधा।ट्रंप ने फ्लोरिडा में वरिष्ठ नागरिकों से सीधी बातचीत की जो महामारी से निपटने के तरीके को लेकर नाराज बताए जाते हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से कहा कि वह चीनी वायरस से लोगों को बचाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने इस वायरस से बचाव को लेकर लोगों को उम्मीद बंधाई कि जल्द ही टीका विकसित होगा। साथ ही उन्होंने वादा किया कि शुरुआती खुराकें वरिष्ठ नागरिकों को दी जाएंगी।

# अलगाव और उथल-पुथल पसंद है ट्रंप को: बाइडेन

● कोविड-19 से निपटने की विफलता से लोगों का ध्यान हटाना चाहते हैं राष्ट्रपति



भाषा। मेकन (अमेरिका)

**डेमोक्रेटिक** पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अलगाव और उथल-पुथल में आनंद आता है और वह कोविड-19 से निपटने में अपनी विफलताओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

शुक्रवार को मिशिगन के साउथफील्ड में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि कोविड-19 पर ट्रंप की नीतियों की वजह से देश को भारी कीमत चुकाना पड़ रही है। उन्होंने कहा, नफरत कभी खत्म नहीं होती। यह सिर्फ छुप जाती है और अगर इसे ऑक्सीजन मिल जाए तो यह बढ़ने लगती है। अमेरिका में राष्ट्रपति से लेकर आम लोगों तक नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। बाइडेन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप को अलगाव और उथल-पुथल में आनंद आता है। कोरोना वायरस से निपटने और इस देश की रक्षा करने में उनकी विफलताओं से हमारा ध्यान हट जाए, इसके लिए वह कुछ भी कर सकते हैं। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने कहा, वह अब भी सपनों की दुनिया में जी रहे हैं और लगातार हमें यह कह रहे हैं कि किसी चमत्कार की तरह वायरस इस दुनिया से लापता होने जा रहा है।

**डब्ल्यूएफपी प्रमुख का धनी लोगों से आग्रह**

# 'लाखों को अकाल से बचाने में मदद करें'

● नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित विश्व खाद्य कार्यक्रम के चीफ डेविड बीसली ने की दान की अपील



एपी। संयुक्त राष्ट्र

**नोबेल** शांति पुरस्कार से सम्मानित एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के प्रमुख डेविड बीसली ने एक बार फिर अरबपति लोगों से आग्रह किया है कि वे लाखों जीवन बचाने के लिए कुछ अरब (डॉलर) दान दें। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बाद भुखमरी की ओर बढ़ रहे लोगों की संख्या 13.5 करोड़ से बढ़कर 27 करोड़ हो गई है। बीसली ने कहा, मानवता को अभी मदद की दरकार है... यह एक बार का अनुरोध है। दुनिया एक चौराहे पर खडी है और हमें अरबपतियों से इस संबंध में कदम बढ़ाने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अप्रैल से जुलाई के बीच लगभग 2,200 अरबपतियों की वैश्विक संपत्ति में 20 खरब डॉलर की वृद्धि हुई। वह स्विस बैंक यूबीएस और लेखा कंपनी पीडब्ल्यूसी द्वारा पिछले सप्ताह प्रकाशित एक अध्ययन का जिक्र कर रहे थे।उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी आपदाओं में से एक से लाखों लोगों की जान और मानवता को बचाने के लिए कुछ अरब डॉलर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धनी देशों ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए अपने नागरिकों की खातिर 170 खरब डॉलर का आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज दिया है और यह राशि 2021 के लिए उपलब्ध नहीं होने वाली है। बीसली ने कहा कि इस साल कई सरकारें संयुक्त राष्ट्र और इसकी एजेंसियों को अधिक पैसा दे सकती थीं लेकिन अब वे ऐसी स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम और निम्न-आय वाले देशों के लिए ऋणों को जनवरी 2021 तक रोक दिया गया या स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा आठ खरब डॉलर की ऋण सेवाएं आने वाली हैं। इसके अलावा विकासशील देशों में विदेशों से लोगों द्वारा अपने परिवारों को भेजी जाने वाली राशि भी कम हो गई है। लॉकडाउन भी स्थिति को बिगाड़ने में सहायक रहा। बीसली ने कहा कि यह एक भयावह स्थिति है। इसलिए 2021 के लिए अरबपतियों द्वारा एकमुश्त राशि दिया जाना बहुत जरूरी है।

# ईमेल मामले की जांच कर रहा एफबीआई

एपी। वाशिंगटन

● बाइडेन के बेटे से जुड़े ईमेल का मामला

**अमेरिका** की जांच एजेंसी एफबीआई इस बात की जांच कर रही है कि समाचार पत्र न्यूयार्क पोस्ट ने डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के बेटे हंटर से जुड़े जो ईमेल प्रकाशित किए हैं, कहीं उनका संबंध गलत सूचना फैलाने के संभावित रूसी प्रभाव अभियान से तो नहीं है। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

समाचार पत्र ने बुधवार को प्रकाशित अपनी एक खबर में कहा कि उसे रिपब्लिक पार्टी से ताल्लुक रखने वाले रूडी गुलिएनी से एक हार्ड ड्राइव मिली है जिसमें ई मेल हैं। ए संदेश एक लैपटॉप में थे जिसे पिछले वर्ष डेलवेयर में कम्प्यूटर ठीक करने वाली एक दुकान में दिया गया था। लेकिन इसे कभी वापस नहीं लिया गया। ईमेल के अचानक सामने आने के बाद इसमें रूस के दखल संबंधी प्रश्न उठने लगे हैं क्योंकि अमेरिकी अधिकारी पहले ही इस बात के लिए आगाह कर चुके हैं कि रूस राष्ट्रपति चुनावों में फिर से दखल दे रहा है। दरअसल रूस पर अमेरिका में 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने के पहले से ही आरोप हैं।

सूत्र ने बताया कि इस ईमेल घटना की जांच भी रूस के दखल को ध्यान में रख कर की जा रही है।फिलहाल इन ईमेल की सत्यता की पुष्टि अभी नहीं हुई है। वहीं एफबीआई के प्रवक्ता ने इस संबंध में कुछ भी कहने से इनकार किया है।

# बाइडेन और कमला हैरिस के लिए प्रचार करेंगे बराक ओबामा

भाषा। मेकन (अमेरिका)

**पूर्व** अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा अगले सप्ताह पेनसिल्वेनिया में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के लिए प्रचार करेंगे। बाइडेन के प्रचार अभियान की ओर से यह जानकारी दी गई।हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यहां अपने समर्थकों से कहा कि ओबामा प्रभावशाली प्रचारक नहीं हैं और यह अच्छी खबर है क्योंकि 2016 में उन्होंने बेकार काम किया था इसलिए मैं आपका राष्ट्रपति हूं।

ओबामा के दोनों कार्यकाल में बाइडेन उप राष्ट्रपति थे। ओबामा ने बाइडेन और कमला हैरिस के लिए ऑनलाइन प्रचार किया है हालांकि यह पहली बार होगा जब 59 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति जनता के बीच जाकर उनके लिए प्रचार करेंगे। अपनी वाक्पटुता के कारण ओबामा आज भी बड़े पैमाने पर भीड़ जुटाने में समर्थ नेता हैं।शुक्रवार दोपहर बाइडेन की ओर से एक वक्तव्य में कहा गया, बुधवार, 21 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति ओबामा, जो बाइडेन और कमला हैरिस के लिए प्रचार की खातिर फिलाडेल्फिया और पेन्सिलवेनिया जाएंगे। ताजे ओपिनियन पोल के मुताबिक बाइडेन अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से औसतन नौ से अधिक अंकों से आगे चल रहे हैं।

## टाउन हॉल में ट्रंप के मुकाबले बाइडेन को मिले कहीं ज्यादा दर्शक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए चल रहे जोरदार प्रचार के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन और रिपब्लिक पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का टाउन हॉल आयोजित किया गया और और ट्रंप के मुकाबले ज्यादा लोगों ने बाइडेन का कार्यक्रम देखा।नीलसन कंपनी ने कहा कि बाइडेन के टाउन हॉल को एबीसी में रात आठ से नौ बजे के बीच एक करोड़ 41 लाख लोगों ने देखा वहीं ट्रंप के कार्यक्रम को एनबीसी, सीएनबीसी और एमएसएनबीसी पर कुल मिला कर एक करोड़ 35 लाख लोगों ने देखा। माना जा रहा था कि ट्रंप का कार्यक्रम अधिक लोग देखेंगे क्योंकि इसे तीन नेटवर्क में प्रसारित किया जा रहा था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एमएसएनबीसी के प्रस्तोता राचेल काडोव ने कहा, ऐसा वास्तव में हुआ। बाइडेन का कार्यक्रम 90 मिनट चला।

## आर्मीनिया के मिसाइल हमले में 13 की मौत

**बाकू (आजरबैजान)।** आजरबैजान ने शनिवार को आरोप लगाया कि आर्मीनिया ने उसके दूसरे बड़े शहर गांजा को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए। दोनों देशों के बीच नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र को लेकर संघर्ष चल रहा है। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय ने मिसाइल हमले की बात से इनकार किया हैं, लेकिन नागोर्नो-काराबाख के अलगाववादियों ने आजरबैजान के गांजा शहर में सैन्य प्रतिष्ठानों पर कथित हमलों को लेकर बयान जारी किया है। हालांकि उन्होंने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।आजरबैजान के अधिकारियों ने कहा कि सोवियत निर्मित स्कूड मिसाइल ने गांजा में बीती रात लगभग 20 रिहाइशी इमारतों को ध्वस्त कर दिया। बचावकर्मियों को पीड़ितों और घायलों को मलबे से बाहर निकालने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

# आर्मी और आईएसआई ने इमरान की सरकार बनवाई: नवाज शरीफ

● पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने लगाए गंभीर आरोप

● 11 विपक्षी दलों के गठबंधन को संबोधित करे हुए शरीफ ने बोला हमला



भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने देश की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई पर उन्हें अपदस्थ करने और इमरान खान को सत्ता में ला कर अपनी कठपुतली सरकार बनवाने का आरोप लगाया।

शरीफ लाहौर से लगभग 80 किमी दूर गुजरांवाला में 11 विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुक्रवार देर रात लंदन से वीडियो लिंक के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया।

विपक्षी दलों ने 20 सितंबर को पीडीएम के गठन और तीन चरण में सरकार विरोधी अभियान चलाने की घोषणा की थी। इसके तहत इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीके इंसाफ सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश भर में जन सभाएं, प्रदर्शन और रैलियां की जाएंगी। जनवरी 2021 में इस्लामाबाद के लिए लंबा मार्च निकाला जाएगा।

सैन्य नेतृत्व पर निशाना साधते हुए, शरीफ ने कहा, (सेना प्रमुख) जनरल कमर जावेद बाजवा ने मेरी सरकार को खत्म कर दिया। उन्होंने 2018 के चुनावों में धांधली की और नाकाबिल इमरान खान को देश पर थोप दिया। जनरल बाजवा प्रत्यक्ष अपराधी हैं और उन्हें इसके लिए जवाब देना होगा।

उन्होंने उनकी सरकार गिराने के पीछे इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का हाथ होने का भी आरोप लगाया और कहा कि पूरा प्रकरण आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद की मदद से हुआ।


आर्मेनिया के हमले के बाद तबाह हुए आवासीय क्षेत्र को देखता अजरबैजान का सैनिक


चुनाव में भारी जीत के बाद ऑकलैंड में न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न अपने कार्यकर्ताओं के धन्यवाद कार्यक्रम में भाग लेती हुईं

## पुतिन के जवाब को खारिज किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और रूस ने सामरिक परमाणु बलों पर अपने अंतिम कानूनी पेंच को दूर करने संबंधी एक दूसरे के प्रस्ताव शुक्रवार को खारिज कर दिया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने न्यू स्टार्ट संधि को बिना किसी शर्त के आगे बढ़ाने की मांग की है। इस संधि की समयसीमा जल्दी ही समाप्त होने वाली है। वहीं व्हाइट हाउस ने इसे बेकार बताया।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन ने कहा कि रूस अपने रुख पर दोबारा विचार करे।

ट्रंप ने दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के अभियान के अंतिम दिनों में अपनी विदेश नीति रिकॉर्ड के बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया, और यद्यपि वह कहते हैं कि वह परमाणु हथियार नियंत्रण के पक्षधर हैं लेकिन उन्होंने न्यू स्टार्ट संधि को त्रुटिपूर्ण बताया और कहा कि यह अमेरिका के पक्ष में नहीं है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति दमित्रि मेदवेदेव ने 2010 में न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे और यह फरवरी में 2021 समाप्त होने वाली है।

# मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ कनाडाई सरकार खड़ी रहेगी: ट्रूडो

भाषा। ओटावा

**कनाडा** के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार चीन में मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी। बृहस्पतिवार को कनाडा में चीन के राजदूत ने हांगकांग छोड़कर आ रहे लोगों को शरण नहीं देने के संबंध में ओटावा को चेतावनी दी थी। राजदूत कोंग पियू ने कहा था कि अगर कनाडा हांगकांग में रहने वाले 3,00,000 कनाडाई नागरिकों के बारे में और वहां कारोबार कर रहीं कंपनियों के बारे में सोचता है तो उसे चीन के हिंसा से लड़ने के प्रयासों में सहयोग करना होगा। ट्रूडो ने कहा, हम मानवाधिकारों के समर्थन में मजबूती से खड़े रहेंगे। चाहे वह उइगर समुदाय की परेशानियों के बारे में बात हो या फिर हांगकांग की चिंताजनक स्थिति के बारे में या फिर चीन की बलपूर्वक कूटनीति के बारे में बात करना हो। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा दुनिया भर में अपने उन सहयोगियों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, यूरोपीय देशों के साथ खड़ा है, जो मानवाधिकार उल्लंघनों के प्रति चिंतित हैं।वहीं कनाडा में विपक्षी कंजर्वेटिव नेता इरिन ओ टूले ने कहा कि चीनी राजदूत को माफी मांगनी चाहिए या फिर उन्हें कनाडा से बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीनी राजदूत का बयान स्पष्ट रूप से हांगकांग में रह रहे 3,00,000 कनाडाई लोगों को धमकी की तरह है। पिछले साल हांगकांग और चीन की सरकारों के खिलाफ शहर में प्रदर्शन तेज हो गए थे। सरकारों के खिलाफ लोगों की भावनाओं और गुस्से को दबाने के लिए चीन ने हांगकांग में एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू कर दिया जो 30 जून से प्रभावी है।इस कानून में अलगाववादी, विध्वंसक और आतंकवादी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के साथ ही शहर के आतंरिक मामले में विदेशी ताकतों के साथ सांठगांठ पर भी रोक लगाई गई है। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा ने चीन पर शहर की स्वतंत्रता में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है।

## बड़ी जीत की ओर बढ़ीं जेसिंडा अर्डर्न

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न शनिवार को आम चुनाव की मतगणना के शुरुआती रूझान में बड़ी जीत की ओर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। लगभग एक तिहाई मतों के गिनती हो चुकी है। इसमें से अर्डर्न की लिबरल लेबर पार्टी को मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजरवेटिव नेशनल पार्टी से लगभग दोगुने मत हासिल हुए हैं।

## संदिग्ध मारा गया

**पेरिस।** फ्रांस में पैगंबर मुहम्मद के कार्टून के बारे में छात्रों से चर्चा करने वाले इतिहास के एक शिक्षक का शुक्रवार को एक व्यक्ति ने सिर कलम कर दिया और फिर पुलिस ने संदिग्ध हत्यारे को गोली मार दी। अभियोजन अधिकारी के कार्यालय ने कहा कि मामले की आतंकवादी कोण से जांच शुरू कर दी गई है। यह बर्बर घटना एरागनी नगर में हुई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चाकू और एक एयरसॉफ्ट बंदूक से लैस संदिग्ध को पुलिस ने गोली से उड़ा दिया।

पायनियर
रविवार, 18 अक्टूबर, 2020

# एजेण्डा

हमारी विविधता हमारी ताकत है। कितना बेकार और नीरस जीवन हो जाएगा अगर हर कोई एक जैसा होगा
- एंजेलीना जोली





# फिल्टर बबल का है जमाना

**विषयवस्तु या कंटेंट रचना, जो कि वायरल हो सके, आज अधिकांश मार्केटिंग कंपनियों के लिए पवित्र मरीचिका है। मनोरंजन के नाम पर आज जो हमारे सामने परोसा जा रहा है, उसमें सावधानीपूर्वक चुनाव करने की पैरवी करती है राजा साही की रिपोर्ट...**

**क्या** हमें मनोरंजन किया जाना पसंद नहीं आता है। हजारों साल पहले जिसकी गुफा चित्र तथा शाम की आगे के इर्दगिर्द कंठस्थ ध्वनियों के रूप में शुरूआत हुई थी, आज यूट्यूब, नेटफ्लिक्स, अमेजोन या उन जैसे अन्य मंचों पर दिखने वाले कंटेंट की अनंत श्रंखला के रूप में कहीं अधिक परिष्कृत हो गया है। हमारे पास लगभग अनंत किताबें हैं जिन्हें हम प्रत्यक्ष व डिजीटल दोनों माध्यमों से पढ़ सकते हैं। हमारे पास चयन के लिए इतने ज्यादा चैनल हैं कि हममें से ज्यादातर इसकी चयन प्रक्रिया के दौरान ही चयनकार्य में पस्ती सी महसूस करते हैं। और यदि आप त्वरित फैसला करना चाहते हैं तो आप अपने व्हाट्सएप समूहों में से किसी एक में ताजी गपशप में झांक सकते हैं या फिर टिकटाक पर जा सकते हैं, एक चुनाव करें और फिर वहां से एप्लीकेशन को इसे लेने दें।

46 साल का होने और नयी दिल्ली में पला-बढ़ा होने से, जब मैं किशोर आयु का था, उस समय मेरे लिए मनोरंजन में, सुबह का अखबार पढना और उसके बाद, ज्यादातर किसी के घर जाना और वहां ताश या बोर्ड गेम खेलना शामिल होता था। केबल टीवी, स्मार्टफोन के दिन और जो भी चाहा, और जब भी चाहा, को देखने की क्षमता हासिल करने में अभी भी कुछ साल बाकी थे।

एक सेकेंड के लिए अपने आसपास देखें। यदि आप पर्याप्त मुखर हैं और घर पर, संभावनाएं हैं कि एक टीवी है, रिमोट के साथ, लगभग आसपास कहीं, आप कम से कम एक स्मार्टफोन उपकरण के मालिक हैं। इसीलिए आप सिर्फ आप मनोरंजन के मनचाहे प्रारूप में से चुनाव करने के लिए सिर्फ एक या दो क्लिक बटन दूर हैं वो भी आप अभी जहां भी बैठे हैं वहां की मनचाही आरामदेह सुविधा के साथ।

## कंटेंट क्रिएशन का लोकतांत्रीकरण

हम वो होते हैं जो हम खाते और जीते हैं लेकिन हम आम तौर पर वो बनते हैं जो हम देखते हैं। हमारा दिमाग सीखना पसंद करता है और हम सभी आत्मसात करते हैं जब हम अपने चुने हुए मनोरंजन माध्यम के सामने बैठे होते हैं। चाहे वो प्रिंट न्यूजपेपर हो या कोई इलेक्ट्रानिक माध्यम हो। हम दूसरों के बारे में जानकर आनंद लेते हैं जवाब में, हम दूसरों को बताना चाहते हैं कि हमारे साथ क्या हो रहा है।

तकनीक ने चीजों को अधिक आसान बना दिया है। हममें से कोई भी, पर्याप्त प्रेरणा से, एक इंस्टाग्राम प्रभावशाली, यूट्यूब सिलेब्रिटी या टिकटॉक हस्ती बनने का फैसला कर सकता है। महंगा कैमरा खरीदने और उसका रख रखाव करने तथा एक अत्यंत जटिल वीडियो एडिटिंग साफ्टवेयर चलाना सीखने की कोई आवश्यकता नहीं है। सिर्फ एक स्मार्टफोन के इस्तेमाल से, आप जो कुछ भी चाहते हैं, वो कर सकते हैं।

मोबाइल उपकरणों की सर्व मौजूदगी और उसके लिए मुफ्त या वास्तव में सस्ते साफ्टवेयर की उपलब्धता ने यूजर द्वारा उत्पन्न कंटेंट (यूजीसी) को जैसा अवसर उपलब्ध कराया है जो आज से पहले कभी संभव नहीं था। इसके अलावा, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंच बहुत आसानी के साथ ऐसे कंटेंट को वितरित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

आप कंटेंट को बेचने के लिए उन पर , व अन्य मंचों पर पहल भी ले सकते हैं, और सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह उन पर अपेक्षित संख्या में नजर जाती हो। एक समय था जब लोगों को याद रखे जाने के लिए पुलों व इमारतें बनाने की जरूरत थी। आज आपको बस एक इंस्टाग्राम खाते की जरूरत है। यदि आप एक लेखक हैं तो आप मांग पर किताबें छाप व प्रकाशित कर सकते हैं। यदि आप कलाकार हैं तो आप एट्सी जैसी वेबसाइट पर जा सकते हैं और अचानक, समूची दुनिया आपकी सीप है।

## समुदाय, प्रभावशालियों व मार्केटिंग के प्रभाव

किसी ऐसी चीज के लिए जिसे आप जानते हैं, एक अच्छा शब्द दूरगामी असर रखता है। कंटेंट पूर्णांक मंच यह जानता है। अधिकांश उपयोग एवं पारिस्थितिकियां अब मन में प्रस्तावना प्रेरकों के साथ डिजाइन की जाती हैं। आपको बताया जाता है कि आपके दोस्त ने क्या देखा या किसी अन्य ने क्या अनुभव किया ताकि आप वही निर्णय हासिल करने के लिए तराशे जा सकें।

एप्स और मंचों को मन में पंसदीदा कंटेंट के साथ डिजाइन किया जाता है ताकि हर कोई आलोचक बन सके। हमें अपने अनुभव साझा करने की योग्यता प्रदान की जाती है और इस डाटा को पोषित व एकत्रित किया जाता है और भीड़ को अनुमानतया, औसत भाव में दिखाया जाता है। भीड़ के अंग के रूप में, हम फिर उस डाटा से प्रभावित होते हैं जिसे हमें दिखाया जाता है। क्या आप उस जगह नहीं जाएंगे जिसके पास अधिक उच्च जोमेटो रेटिंग होती है? क्या आप कपड़े का वो ब्रांड नहीं खरीदेंगे जिसे बतौर यूटयूबर आपने चर्चा करने की सदस्यता ली थी? गेहूं को चोकर से अलग करने के प्रति सावधान रहें। आपके पास समझदारी होनी चाहिए कि किसकी पैरवी करने की कीमत मिली है और किसकी नहीं।

संभावनाएं अत्यंत अच्छी हैं कि पहली कुछ प्रविष्टियां जो आप जोमेटो या गूगल पर देखते हैं वे इसलिए होती हैं क्योंकि किसी ने शीर्ष बिलिंग पाने के लिए उनकी कीमत दी है। मनोरंजन और कंटेंट पारिस्थितिकीयां भी इसी प्रकार लक्षित दर्शक को अनुमति देती हैं। विज्ञापनकर्ता और प्रमोटर वो डाटा सामग्री का चयन कर सकते हैं जो आपको आपकी भौगोलिक स्थिति, आपकी वैवाहिक स्थिति, आपकी आर्थिक हैसियत और आपकी पूर्व खरीदारी गतिविधि जैसी तमाम पहलुओं के आधार पर शामिल करते हैं।

इसके अलावा, कंटेंट अब रचित, कीवर्ड आधारित और इस तरह रेखांकित किया जा रहा है जो कि हमारा ध्यान अपनी ओर खींच सके। कुछ गपशपनुमा या सनसनीखेज के हमेशा ज्यादा सुर्खियां हासिल की संभावना होती है। आखिरकार, व्यक्ति को ऐसा कंटेंट क्यों रचना चाहिए जिसे केवल हजारों देख सकें जबकि आप कुछ ऐसा रच सकते हैं जिसमें लाखों की रूचि हो सकती है ताकि आप ऊंची रेटिंग या उसके लिए अधिक राजस्व हासिल कर सकें? विषयवस्तु या कंटेंट रचना, जो कि वायरल हो सके, आज अधिकांश मार्केटिंग कंपनियों के लिए पवित्र मरीचिका है।



> बतौर उपभोक्ता, हमें शायद वो मिल रहा है जो हम चाहते हैं, लेकिन इसका एक बदसूरत पक्ष भी है। हम अब फिल्टर बबल्स का शिकार हो सकते हैं। यहीं पर, जब एक मंच, हमें परोसने वाले कंटेंट को फिल्टर करके, क्योंकि उन्हें लगता है कि हम पसंद करेंगे, केवल हमारे तात्कालिक ध्यानाकर्षण हेतु कंटेंट प्रमोट करता है जो उसी से मिलता जुलता है जिसने हमने अतीत में देखा था।

## डाटा आधारित कंटेंट रचना व प्रोत्साहित करना

जब नेटफ्लिक्स ने शुरुआत की थी तो वे उन डीवीडी पर सवार थे जो दूसरों द्वारा बनाई गयी थीं। यहां तक तक उन्होंने कंटेंट निर्धारित करना शुरू किया मगर उनके पास कोई विकल्प नहीं था सिवाय इसके कि अन्य फिल्म और टीवी स्टूडियोज व संबंधित निर्माता कंपनियों से उसका लाइसेंस ले।

लेकिन नेटफ्लिक्स ने समझ लिया कि यदि वे अपनी नीयति के खुद मालिक बने रहना चाहते हैं, तो उन्हें अपनी खुद की कंटेंट तालिका की आवश्यकता होगी। चूंकि नेटफ्लिक्स पिछले कुछ समय से डिस्क्स और निरंतरता पर सवार रही थी, उनकी भारी डाटा तक पहुंच थी। वो डाटा जो हम उपभोक्ताओं ने उसे दिया था। वे सभी शोज जो हमने देखे और जिन्हें हमने बंद कर दिया और कभी उस ओर नहीं गए, कंटेंट की विधाएं जिन्हें हमने अन्य विधाओं से ज्यादा देखा, सभी ने नेटफ्लिक्स को उपभोक्ता के रूप में हमारे व्यवहार से संबंधित अत्यंत मूल्यवान जानकारी प्रदान की।

इस डाटा का उपयोग करके, उन्होंने पता लगाया कि अभिनेता केविन स्पेसी और निर्देशक डेविड फिंचर उनके दर्शकों के लिए एक शानदार बिकने योग्य संयोजन होगा। उन्होंने यह भी महसूस किया कि काफी लोगों ने राजनीतिक ड्रामों को पसंद किया। इसी कारण, हाऊस आफ काड्र्स के अमरीकी धारावाहिक की परिकल्पना की गयी और उसे प्रस्तुत किया गया। जैसा कि संख्या ने उन्हें बता दिया था कि यह नेटफ्लिक्स के लिए ब्लॉकबस्टर हिट था।

कंटेंट को प्रोत्साहित करने के लिए बिग डाटा तकनीकियों का भी फेसबुक, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंचों द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने सोचा कि हम पसंद करेंगे। स्पष्टतया, यह उनके सर्वोत्तम हित में है कि वे अपने अधिकांश कंटेंट को, जितना कि उनके लिए संभव है, देखने के लिए हमें अपने कार्यक्रमों के साथ जोड़े रखें। इसलिए वे उसके साथ मेल बिठाते हैं जो हम देखते हैं, जो हमारे मित्र देखते हैं, जो दूसरे बतौर समूह देखते हैं और फिर हमारे सामने प्रस्ताव पेश करते हैं। यदि आपने अपनी स्क्रीन को छोड़ना नहीं चाहा है और उसी समय गौर किया कि जो चीज दो मिनट देखने के बतौर शुरू हुई थी वो दो घंटे का मैराथन बन गयी है फिर आप उस जानकारी के साथ आराम से रह सकते हैं कि अलगोरिद्म और कृत्रिम मेधा (एआई) व मशीन लर्निंग (एमएल) मॉडल जिन्हें कार्यक्रमों ने रचा है, अपना काम काफी बेहतर ढंग से कर रहे हैं।

हां, बतौर उपभोक्ता, हमें शायद वो मिल रहा है जो हम चाहते हैं, लेकिन इसका एक बदसूरत पक्ष भी है। हम अब फिल्टर बबल्स का शिकार हो सकते हैं। यहीं पर, जब एक मंच, हमें परोसने वाले कंटेंट को फिल्टर करके, क्योकि उन्हें लगता है कि हम पसंद करेंगे, केवल हमारे तात्कालिक ध्यानाकर्षण हेतु कंटेंट प्रमोट करता है जो उसी से मिलता जुलता है जिसने हमने अतीत में देखा था। यह करने में, हमारे सामने फिल्टर बबल में फंसने का खतरा होता है। बबल जहां हम वही देखते हैं जो दुबारा पेश होता है जिसे हमने पहले देखा होता है और हमारे उन धारणाओं को मजबूत बनाता है जो पहले से हमारे भीतर हो सकती हैं। विविधतापूर्ण कंटेंट न दिखाए जाने और हमारे भीतर उसकी खोज करने का विकल्प न होने से, अब हमारे सामने उसी एक बंद सुरंग में और गहरे जाने का खतरा उपस्थित होता है, जिसमें कि हम पहले से हो सकते हैं। हम सिक्के के एक पहलू को देखने का अधिक शिकार हो सकते हैं और उसका दूसरा पहलू नहीं देख पाते, यद्यकि दूसरा पहलू शायद वही पक्ष हो सकता है जो हम होते हैं।

यह एक अनंत पुनरावलोकन गांठ बन जाता है। जितना ज्यादा हम कुछ देखते हैं मंच हमें उतना ही ज्यादा उसे दिखाते हैं, उतना ही अधिक वे रचेताओं को जानकारी प्रदान करते हैं कि जो कुछ हमने देखा है वही हम चाहते हैं और फिर उतना ही ज्यादा उससे मिलती जुलती चीजों को हमारी मांग पूरी करने के लिए रचा जाता है।

## बदलती सच्चाई

हाल में , संवर्धक वास्तविकता (एआर) और आभासी वास्तविकता (वीआर) जैसे मंत्रमुग्ध करने वाले मनोरंजन अनुभव के नए प्रारूप उभरने शुरू हुए हैं। एआर और वीआर अभी भी अपनी आरंभिक अवस्थाओं में हैं। जैसे जैसे ये तकनीकें व मंच विकसित होते हैं हम किस प्रकार इनमें ढलेंगे, सामाजिक स्तर पर पूछने वाला सवाल है? किस प्रकार का कंटेंट हम उनके लिए रचेंगे ? क्या हम उन्हें अपने वर्तमान मनोरंजन अनुभवों के संवर्धन के तरीकों के रूप में सरल ढंग से देखेंगे? खेल और उत्प्रेरणाएं जो डिजीटल व वास्तविक दुनियाओं पर टिके होते हैं, शायद आपके घर के अंदर माइनक्राफ्ट इमारत बना रहे हैं या आप खुद आभासी स्तर पर नयी लिपस्टिक को आजमा रहे हैं जब आप सेफोरा देखते हैं। या क्या हम इन तकनीकों को इस ढंग से उपयोग करेंगे जिससे कि कुल मिलाकर हम सभी को लाभ हासिल हो? इनका उपयोग करके व्यक्ति वास्तविक दुनिया में थ्रीडी डिजीटल आर्ट और असंभव इमारतें गढ़ सकता है।

>> पेज 3



तीन चीजें ज्यादा समय तक छिपाई नहीं जा सकतीं। सूर्य, चन्द्रमा और सत्य
- महात्मा बुद्ध

# वर्तमान में होते हैं भविष्य के बीज



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

एक दिन, स्वयं-भू तर्कशास्त्रियों का एक समूह ज्योतिष की प्रासंगिकता पर मुझसे सवाल करने मेरे आफिस चला आया। उन्होंने सवाल किया, '' आप इस अवैज्ञानिक विधा से लोगों को गुमराह क्यों करते हैं?'' मैंने उत्तर दिया कि '' वैसे, मैं विज्ञान का छात्र रह चुका हूं, इसीलिए मैं आत्मविश्वास के साथ इस विधा को मानता हूं।'' विज्ञान की एक या अन्य विधा की जानकारी के अलावा, यह वैज्ञानिक सोच है जो सर्वाधिक महत्व रखती है। वैज्ञानिक सोच किसी भी नजरिए को, खुले दिमाग से, किसी भी प्रकार की सीमाओं से मुक्त होकर, स्वीकारने या नकारने से पहले गहन छानबीन की मांग करती है। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप विषय की प्रासंगिकता को चुनौती देने से पहले उसकी गहराई से जांच कर लें। मैं आपको बताता हूं कि ज्योतिष अपने स्तर पर एक विधा है, जिसका अपना खुद का दर्शन, आधार, शब्दावली या कामकाजी प्रारूप हैं। इसे किसी अन्य आस्था या विधा की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है, विज्ञान समेत, जो अपने आपमें निरंतर बदलाव का विषय है।

एक दशक पहले, मेरी एक परिचित महिला, आम तौर पर अप्रचलित, ज्योतिष शब्दों की एक सूची लेकर आई। वह उन सब पर एक छोटी जानकारी पाना चाहती थी। उन्होंने मुझे बताया कि खुशवंत सिंह (जो उस समय जीवित थे) ज्योतिष पर आलोचनात्मक लेख लिखना चाहते थे। एक सप्ताह बाद, राष्ट्रीय दैनिक में अपने साप्ताहिक स्तंभ में, उन्होंने उन कुछ पंक्तियों के आधार पर ज्योतिष पर उपेक्षात्मक ढंग से लिखा। ऐसी गंभीर विधा पर कुछ चुनींदा शब्दों पर नजर डालकर टिप्पणी की जा सकती है, जिसे उन्होंने नहीं समझा था?

फिर आता है अगला प्रश्न: '' आप सुनिश्चित शब्दों में किसी के भाग्य को कैसे परिभाषित कर सकते हैं? '' क्या वैयक्तिक इच्छाशक्ति व्यक्ति का भाग्य बनाने में महत्व नहीं रखती है? वैसे, यह आपकी स्वेच्छाशक्ति है जो आपका भाग्य तय करती है। इंसान के पास अपनी पसंद व खूबी के जरिए अपने कार्मों को निर्देशित करने की विशिष्ट योग्यता का सुख है। लेकिन जहां कहीं भी हाथों में चयन का विकल्प होता है, उसके उपयोग व दुरूपयोग की संभावना की समान स्तर पर होती है।

और इस दुनिया में मुफ्त भोजन जैसा कुछ भी नहीं है। आप अपने द्वारा लिए गए चुनावों का परिणाम भुगतने की जिम्मेदारी उठानी होती है। यह पुन: एक गलत अवधारणा है कि ज्योतिष सीधे व्यक्ति के भविष्य को देखती है। बल्कि, यह आपके वर्तमान में देखती है, जो और कुछ नहीं है बल्कि अतीत में किए गए कार्यों का अंतिम प्रतिफल है। और जो वर्तमान में बोया जाता है वही भविष्य के रूप में आपके सामने होगा। यदि आप जानते हैं कि आपने आज आम का पेड़ लगाया है,



यदि आपने उसे रोपा और उसकी देखभाल की है तो इसका स्वाभाविक नतीजा यह होता है कि वह पहले अंकुरित होगा और फिर वह बाद में विशालकाय आम के पेड़ बनकर उभरेगा। यहां यह उल्लेख करना अनुचित नहीं होगा कि आप अपनी विचार प्रवृत्तियों का तटस्थ भाव से आत्ममंथन करें ताकि आप अंतर्निहित इच्छा प्रवृत्तियों का पता लगा सकें। आपके स्तर पर किए गए आपके सभी काम निहित इच्छा प्रवृत्तियों से संचालित होते हैं, जिसके जीवन के भावी क्रम में सापेक्ष परिणाम सामने आते हैं। इसलिए, ज्योतिष आपके वर्तमान में झांकती है, उसी के आधार पर भावी रूझानों की सटीक पूर्वानुमानों की संकल्पना की जाती है।

तब सवाल किया गया: '' मान लिया, व्यक्ति आत्ममंथन के जरिए अपनी विचार प्रवृत्तियों पर नजर रख सकता है। लेकिन आप इसे ग्रहीय अवस्थाओं के जरिए कैसे पढ़ सकते हैं? ग्रहों का गुरूत्वाकर्षण संबंधी खिंचवा का हम पर बिरले ही कोई अवसर पड़ सकता है।'' पहले मैं आपको यह बता दूं कि यह सिर्फ ग्रहों का गुरूत्वाकर्षण संबंधी खिंचाव नहीं है जो महत्व रखता है। ग्रहों को सिर्फ ब्रम्हांड में चक्कर लगाती भौतिक इकाइयों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वे सभी ऊर्जा पुंज है जो या तो सूर्य या अन्य नक्षत्रीय इकाइयों की तरह प्रकाश को प्रेरित करते हैं या अन्य नक्षत्रीय इकाइयों या दोनों से प्राप्त ऊर्जा पर प्रतिक्रिया करते हैं।

यहां वैज्ञानिक सिद्धांतों की पड़ताल ध्यानाकर्षण की हकदार बनती है। आधुनिक सैद्धांतिक भौतिकी की अवधारणा के अनुसार, इस मौजूदा जगत में समस्त जीवन असलियत में महाविस्फोट के बाद एकलता से प्रेरित ऊर्जा प्रवाहों का प्रकटन हैं। और ऊर्जा पदार्थ समान जड़ें होने के कारण, एक दूसरे के साथ सीधा व गहन संबंध में बंधे होते हैं। यहां तक कि इंसानों के मामले में भी, सख्त हाडमांस वाले शारीरिक रूप में आप जिस व्यक्ति को देखते हैं, वे सूक्ष्म स्तर पर और कुछ नहीं बल्कि ऊर्जा शैलियों का एक अखंड संजाल है जो प्रकृति से मुख्यतया स्रोतबद्ध है। इसलिए ऊर्जा स्तर पर, इंसान और नक्षत्रीय जगत के बीच सीधा संबंध है।

अब, मन के जरिए सक्रिय विचार पुन: और कुछ नहीं बल्कि ऊर्जा हैं। उनके प्रवाह को सीधे नहीं पढ़ा जा सकता। लेकिन ग्रहीय गतियों को अधिक सटीक अनुमान के साथ मापा जा सकता है। यह ग्रहीय इकाइयों और इंसान की चाल के बीच का परस्पर संबंध है जो यह बताने में सहायता करता है कि कैसे व्यक्ति का दिमाग चल रहा होगा। इसलिए ग्रह कर्ता नहीं हैं, बल्कि हमारे मन में जो कुछ चल रहा है, वे उसके संकेतक है। अंत में, हालांकि ज्योतिष की विधा वैज्ञानिक विरासत होने का दावा नहीं करती , लेकिन इसके कामकाजी सिद्धांतों को किसी भी तरह से अवैज्ञानिक नहीं कहा जा सकता।

# जब हम ईश्वर को स्वीकारते हैं

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि जब ईश्वर जीवन जीने के दौरान हमारा मार्गदर्शन करता है तो जीवन अकल्पनीय लाभ के साथ उत्तम दिशा ग्रहण करता है**

तब हम उसकी सृष्टि को स्वीकारते हैं। इसका हमारे जीवन से भारी जुड़ाव रहा है। हम ईश्वर से मार्गदर्शन और सहायता मांगने लगेंगे क्योंकि यह सृष्टि का विधान है। हम, आत्माएं, ईश्वर का अंश हैं। (भागवतगीतता 15.7) हमारा जीवन, ईश्वर पर निर्भर है, वह समस्याओं से भरा है क्योंकि वे लोग जिनका ऐसा जुड़ाव नहीं होता है, वे आज नही ंतो कल महसूस करते हैं। और ईश्वर मार्गदर्शन व सहायता करेगा, हमें बस पूरे मन से उस तक पहुंचने की आवश्यकता है। इसीलिए, उदारता पहला गुण है जो हमें अपने भीतर जगाना होता है। उस दुनिया की कल्पना करें जहां लोग उदार हैं और दूसरों का सम्मान करते हैं। यह हमें अगले गुण तक ले जाता है- यानी बेहतर होना । जैसी यह सृष्टि है, यहां केवल एक बड़ी सत्ता है, वो ईश्वर है। हम इंसान छोटे हैं और छोटे की रहेंगे। हालांकि, बेहतर बनने की कोई पाबंदी नहीं है।

यह हमें तीसरे गुण की ओर ले जाती है - यानी दूसरों के साथ मिलकर रहना। हमारे सबंध तेजी से बेहतर होते हैं। हमें लगता है कि कोई भी सर्वगुणसंपन्न नहीं है, केवल ईश्वर है, इसीलिए हमें दूसरों की कमियों को स्वीकारने की जरूरत है, जैसे वे हमारी कमियां स्वीकारते हैं। हम यह भी महसूस होता है कि हम अपने जीवन के लिए सभी लोगों पर निर्भर हैं। धीरे धीरे, अच्छाई की भावना प्रबलता हासिल करने लगती है। हम अच्छा बोलने लगते हैं, अच्छा आचरण करते हैं, आदि। इसने हमारी इन्द्रियों व मन पर जबरदस्त प्रभाव डाला है। यह हमें वो खाने के लिए प्रेरित करती है जो हमारे लिए उपयोगी है, हम वो देखते हैं जो प्रकाशमान है, वो सुनते हैं जो लाभकारी है, आदि-इत्यादि।



धीरे धीरे, हम आध्यात्मिक दायरे में प्रवेश करते हैं। हम समझते हैं कि कर्मफल सिद्धांत जैसी कोई चीज है। यह संक्षेप में- जो हम बोते हैं, वही काटते हैं। यह उसी कहावत की तरह सरल है। कुछ फल ठोस होते हैं, मसलन यदि हम किसी की प्रशंसा करते हैं तो हम उस व्यक्ति से उत्कृष्ट उमंग हासिल करते हैं। कुछ फल में समय लगता है मसलन वित्तीय स्तर पर आत्मनिर्भर होने के लिए पढ़ाई करना। हम अपने लिए बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए अपने कर्मों पर नजर रखने लगते हैं। यह आध्यात्मिक समझदारी की शुरूआत होना है।

समझदार लोग आध्यात्मिक ज्ञान की पुस्तक- गीता की ओर मुड़ते हैं। फिर व्यक्ति या तो ईश्वर का माध्यम या उपकरण बनने की ओर अग्रसर होता है। ईश्वर अन्य लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हमारा उपयोग करता है। उदाहरण के लिए, किसी को दान प्राप्त करना है तो ईश्वर हममें से किसी को प्रेरित करता है कि वो यह भला काम करे, जिसके लिए ईश्वर उसे अच्छी तरह नवाजता है। फिर, ईश्वर परम भक्तों का उपयोग करता है ि कवे अन्य भक्तों तक उसके उपदेश पहुंचाएं, वहीं है जो स्वयं अपने भक्त का इस महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए उपयोग करता है। इस राह में अग्रसर होकर, आत्मा ईश्वर की संगत का सुख पाने लगती है- कुछ जीवनों के बाद मुक्ति प्राप्ति की पूर्व परम उपलब्धि।

यह उनके बारे में है जो ईश्वर को मानते हैं। कहानी उन लोगों से बिलकुल भिन्न है जो नहीं मानते हैं। वे संयोग सिद्धांत में विश्वास करते हैं, कि कभी भी कुछ भी हो सकता है, हालांकि यह बेतुका है। एक बार एक व्यक्ति इस विषय पर मुझसे बहस कर रहा था, उसने कहा कि वह संयोग में विश्वास करता है। मैंने उससे पूछा कि क्या वह अपने बच्चों को स्कूल भेजता है।

उसने कहा, हां। फिर मैंने उसे उस दर्द से बचने की सलाह दी, वे संयोग से शिक्षित हो सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों का अहंकार बहुत भयंकर होता है, वे तर्क नहीं सुनते हैं। वे भौतिक समझदारी से मार्गदर्शित होते हैं हालांकि इसमें कार्य कारण संबंध है और उसका असर भी है। वे अधिकांशतया जुनून और अंधकार की अवस्थाओं में होते हैं, और उससे पीड़ित रहते हैं। उनकी इन्द्रियां और मन अधिकांशतया बेलगाम होते हैं। वे ज्यादा बड़ा- मरीचिका बनना चाहते हैं।


अपने अधिकांश जीवन में ऐसे लोग दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा में लगे रहते हैं या महसूस करते हैं कि दूसरे उनके पीछे हैं। वे अधिकांशतया अकेले होते हैं, कम से कम ऐसा वे महसूस करते हैं। जीवन अधिकांशतया दिशाहीन रहता है, एक मामले से दूसरे मामले पर कूदफांद करता, बिरले ही एकाग्रता होती है। आखिरकार, ईश्वर भक्ति के बिना, इंसान केवल जुनूनी ही होगा।

इसीलिए, समझदारी है कि ईश्वर को स्वीकार किया जाए। जीवन अकल्पनीय लाभ के साथ उत्तम दिशा हासिल करेगा और ईश्वर हमे भावी जीवनों से पार पाने में सहायता करेगा, जब तक कि हम परम वरदान - मुक्ति पाने के लायक नहीं हो जाते।

## इस सप्ताह आपका भविष्य

**मधु कोटिया**


### मेष (मार्च 21-20 अप्रैल)



यह सप्ताह अपने स्वास्थ्य का आनंद लेने और अपने व्यक्तित्व को अतिरिक्त निखार देने का अच्छा समय है। आप मस्त, आशावान और जीवन से भरे हैं। आप अपना और अपने करीबी जनों का अच्छा खयाल रखते हैं। स्वास्थ्य मसलों को नजरंदाज न करने की सलाह है। अपने काम व संबंधों में संतुलन लाना महत्वपूर्ण है। करियर मोर्चे पर, सावधान रहें यदि नौकरी करते हैं। जिस संस्था के साथ काम कर रहे हैं उसके नियमों व अनुशासन का पालन करें, वर्ना अपने अधिकारियों की कुछ नाराजगियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। व्यवसायी लेन देन में सजग रहें।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** रविवार


### वृष (अप्रैल 21-21 मई)



इस सप्ताह आपको साधारण जीवन से अवकाश लेने की आवश्यकता है। थकाऊ कार्यगति को धीमा करने व आराम करने की जरूरत है। स्वयं को जबरदस्ती काम में न झोंकें, इससे बीमार या चोटिल हो सकते हैं। करियर मोर्चे पर, आपको अपने मौखिक व लिखित दोनों संवादों का लाभ है और आपको अपने करियर से संबंधित अच्छी खबरें प्राप्त होंगी। व्यापारियों को आर्थिक रूप से सुरक्षित स्थिति प्राप्त होगी। नौकरीशुदा लोगों को इस सप्ताह अपने अधिकारियों व वरिष्ठों से सहयोग प्राप्त होगा जो आपके करियर में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

**शुभ अंक:** 8 **शुभ रंग:** हल्के रंग **शुभ दिन:** बुधवार

### मिथुन (मई 22-21 जून)



भरपूर ध्यान व एकाग्रता से अपनी सेहत का ख्याल रखें। आप या तो अत्यधिक खा रहे हैं या वजन कम करने के लिए खुद को भूखा रख रहे हैं। दोनों स्थितियां स्वास्थ्य के लिए बुरी हैं। खान पान आदतों में संतुलन लाना न केवल अपना वजन संतुलित करने में आपकी सहायता करता है बल्कि आपको एक दृढ़ मानसिकता प्रदान करता है। आप वैसे स्वस्थ्य व मस्त हैं, स्वास्थ्य का आनंद लेते हैं। कार्य मोर्चे पर, अतीत में किए गए निवेश का इस सप्ताह फल मिलने वाला है। आप अपने अधिकारियों की सदिच्छाओं में हैं और जल्द ही आपको इसका लाभ प्राप्त होगा।

**शुभ अंक:** 17 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** बुधवार

### कर्क (जून 22-22 जुलाई)



तनाव व अवसाद आप पर भारी पड़ सकते हैं आपको पस्त व संशयग्रस्त व्यक्ति बना सकते हैं। पढ़ना, ध्यान, व हल्का फुल्का व्यायाम आपको आराम प्रदान करेंगे और अच्छी नींद से आपको मन:स्थित सुधार में सहायता मिलेगी। जीवन में अनिश्चिताएं व भ्रम दूर होंगे यदि आप सकारात्मक व रचनात्मक सोच रखते हैं। कार्य मोर्चे पर, आपको कुछ त्वरित फैसले लेने की आवश्यकता है। सुनिश्चित करें कि आपकी बुद्धिमानी व तर्कशीलता का भले काम में उपयोग होता है। विवादों में अपना समय न बर्बाद करें। समस्या का समाधान पहले से उपलब्ध है।

**शुभ अंक:** 21 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार


### सिंह (जुलाई 23-23 अगस्त)



आप बहुत सकारात्मक, रचनात्मक व खुशहाल व्यक्ति हैं। यह आपके व्यक्तित्व में नजर आता है। अपना आकर्षण बढ़ाने और व्यक्तिगत विकास के मार्ग पर चलने का यह उत्तम समय है। मन में पूर्णता, क्षमता व शांति की भावना इस सप्ताह आपको अत्यंत सक्षम व्यक्ति बनाएगी। करियर मोर्चे पर, आप दृढ़ हैं और अपने सामने उपस्थित होने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इस सप्ताह आप विजयी हो सकते हैं और अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। आप अपने अधिकारियों की अच्छी सूची में होंगे। संबंध के मोर्चे पर सावधानी बरतें।

**शुभ अंक:** 14 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** शुक्रवार


### कन्या (अगस्त 24-23 सितम्बर)



इस सप्ताह अपने चक्रों या अपने तन, मन व आत्मा व भावना को संतुलित करने पर ध्यान दें। समस्त तीनों पक्षों पर पर्याप्त ध्यान दें। ध्यान, प्राणायाम व प्रकृति के बीच टहलना अनोखे ढंग से कारगर होगा। आपको अपने प्रयासों की तुलना में लाभ कहीं अधिक प्राप्त होंगे। पेशेवर स्तर पर, नए लोगों से, खासकर विदेशों से आए लोगों से मिलना लाभकारी होगा। नये व्यापारिक सौदे करने, नयी परियोजनाओं व कार्यादेशों पर हस्ताक्षर करने का यह समय है। अपनी क्षमता का उपयोग करें। सितारे आपके पक्ष में हैं। रचनात्मकता, बदलाव व विकास सप्ताह का सूत्र हैं।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** पीला **शुभ दिन:** गुरूवार


### तुला (सितम्बर 24-23 अक्टूबर)



आपको अपनी व्यक्तिगत व पेशागत जिम्मेदारियों के साथ अपने स्वास्थ्य प्रयासों को संतुलित करने की जरूरत है। सुनिश्चित करें कि आप अपने लिए, आराम व उपचार के लिए पर्याप्त समय निकाल रहे हैं। अगर आप अपने कामों की सूची में खुद को खपा देंगे तो आपका स्वास्थ्य प्रभावित होगा। पर्याप्त आराम व नींद लेना भी सुनिश्चित करें। पेशेवर मोर्चे पर, यदि आप नौकरी तलाश रहे हैं तो आपमें उसे तलाशने की योग्यता व हुनर हैं। यदि आप पहले से नौकरीशुदा हैं तो आप बेहतर स्थिति प्राप्त करेंगे। रिश्तों में मन की बात कहने में संकोच न करें।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** काला **शुभ दिन:** शनिवार


### वृश्चिक (अक्टूबर 24-22 नवम्बर)



स्वास्थ्य मोर्चे पर, आप आत्मवैधता और अपनी प्रतिभाओं में भरोसा चाहते हैं। रोगमुक्त, खुशहाल परिवार का आपका लक्ष्य आपको व्यस्त रखेगा। यह देखने का समय है कि चीजें किस तरह पूर्णतया भिन्न व अनोखी हो सकती हैं। पेशेवर स्तर पर, आप सकारात्मक हैं और आप अपने काम में प्रेम व करूणा लाने का प्रयास करेंगे। आप अत्यंत अंर्तज्ञानी भी हैं। लोग आपकी यह खूबी देखकर चकित रहते हैं। यह समय अपने लक्ष्यों व साध्यों पर ध्यान देने का है। जो व्यवसाय में हैं उन्हें आर्थिक लेन देने में सख्त होने की आवश्यकता है। प्रेम संबंधों में चरम भावुकता में हो सकते हैं, सजग रहें।

**शुभ अंक:** 15 **शुभ रंग:** भूरा **शुभ दिन:** शुक्रवार

### धनु (नवम्बर 23-23 दिसम्बर)



आप किसी ऐसी चीज को लेकर अपना मन बदलने वाले हैं जो आपको लगता है कि आपके स्वास्थ्य के लिए बुरी है। डाक्टर की सलाह को नजरंदाज न करें। गंभीर बिमारियों से जूझते लोगों को निरंतर डाक्टर की निगरानी में रहने की जरूरत है। अन्य को भी उन मौसमी बिमारियों पर रोकथाम की आवश्यकता है जो उभर सकती हैं यदि समय रहते ध्यान न दिया जाए। कार्य मोर्चे पर, मौजूदा नौकरी छोड़ने, व्यापार शुरू करने या कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियां को लेकर मन भ्रमित हो सकता है। अपना कार्यक्षेत्र बदलना आपको कहीं नहीं पहुंचाएगा।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** सोमवार


### मकर (दिसम्बर 24-20 जनवरी)



इस सप्ताह अपने लिए थोड़ा समय निकालें। आप अभी सही राह पर हैं, जो कर रहे हैं उसे करते रहें। पुरानी परंपराओं के बारे में और ज्यादा जानें। वे आपकी आध्यात्मिक समझदारी व आचरण में गहरे पैठ जमाएंगी और संतुलन लाने में आपकी सहायता करेंगी। करियर मोर्चे पर, अनेक गतिविधियां, कार्य संपन्न होने की संभावनाएं हैं। आप अपने सहयोगियों को ईर्ष्यालु बना सकते हैं। आप थकान नहीं महसूस करते हैं, आपमें काम करने का जुनून है। अपने आचरण का ध्यान रखें, कटु शब्दों का उपयोग होने की संभावनाएं हैं। खुद को शांत रखें व स्थिति में संतुलन लाएं।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** मंगलवार


### कुम्भ (जनवरी 21-19 फरवरी)



इस सप्ताह आप तनावमुक्त महसूस करने वाले हैं। आप शायद अपनी भावनाओं को दबाते आए हैं और इससे आपका स्वास्थ्य प्रभावित होगा। सजग रहें कि कैसे, कब और कहां अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त करनी हैं। अपना तनाव स्तर घटाने के लिए काम करें। सकारात्मक सोचें। शांत व स्थिर रहें। क्रोध एक मूक हत्यारा है। करियर मोर्चे पर, तनाव के संकेतक हैं। सकारात्मक रहें, यह एक तात्कालिक चरण है। अगर नौकरी बदलने के बारे में सोच रहे हैं तो यह उचित समय है। योजनाएं बनाना काम नहीं आएगा, उन्हें गंभीरता से लागू करें।

**शुभ अंक:** 22 **शुभ रंग:** नीला **शुभ दिन:** रविवार

### मीन (फरवरी 20-20 मार्च)



इस सप्ताह अपना अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए अपने तनाव स्तर को काबू में रखें। सामने आने वाली हर समस्या का सामना करें, उनसे भागने का प्रयास न करें। पर्याप्त आराम करना भी सुनिश्चित करे। यदि उपचार की जरूरत है तो उसे बताएं। संवेदनशील लोगों को देखभाल, खयाल, मालिश व प्रियजनों के आलिंगन की आवश्यकता है जो उन्हें लंबे समय तक स्वस्थ बनाए रखेगी। करियर मोर्चे पर, दूसरे लोग आपके नए विचारों या प्रस्तावों का विरोध कर सकते हैं, लेकिन यदि आप जानते हैं कि आप सही राह पर है तो फिर निसंकोच आगे बढ़ें।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** गुरूवार



हर रोज मैं दस मिनट का चिंतन करता हूं जहां मैं ध्यान करता हूं और रोजमर्रा के जीवन में उपयोग करता हूं
- टॉम डाले

# चित्रों में कृष्ण के उपदेश

**आशा गोस्वामी का कहना है कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में चित्रों का एक महत्वपूर्ण स्थान है चूंकि इसमें धर्म और दर्शन इसके अभिन्न अंग के रूप में होते हैं**



कृष्ण, कथानक अपने आपमें सिर्फ साहित्यिक कार्यों तक सीमित नहीं था, लेकिन इसने अपने आपको भारत के कला प्रारूपों में भी व्याख्यायित किया है जिसमें, मूर्तिकला प्रस्तुतियों, चित्रों, छवियों, पेंटिंग, भित्तिचित्रों व पुरातत्व शामिल हैं। (पुरातत्व, जिसकी अपनी उपांगी मोहरें होती

> कृष्ण पर आधारित यह कला परंपरा पुराणों व महाभारत के आधार पर विकसित हुई। इसका मुख्य उद्देश्य उन अवधारणाओं - छवियों की विषयवस्तुओं का वर्णन करना था जो समय-समय पर कृष्ण से संबंधित थी। इसका उद्देश्य उत्तर पुराण काल में कृष्ण से संबंधित नए आध्यात्मिक विषयों, प्रवृत्तियों व प्रतीकों को चित्रित करना भी है।

हैं- पुरालेख, सिक्के और स्मारक आदि)। यह आलेख का उद्देश्य एक अनुमान प्रदान करना है कि कैसे श्री कृष्ण ने भारत की इस विविधतापूर्ण कला परंपरा के जरिए स्वयं को गहराई से व्यक्त किया है।

आम तौर पर, चित्रों के नाम हैं, कृष्ण का अर्च - अवतार। चित्रों के लिए संस्कृति शब्द है अर्च-विग्रह। इसके अलावा, चित्र का अर्थ अपने आप में प्रतिमा शब्द के समानांतर है। जिसका अर्थ होता है छवि। छवियों या प्रतिमाओं के विज्ञान के रूप में, चित्रावली का भारत में लंबा इतिहास रहा है, जो वैदिक काल तक जाता है।एक ऋग्वेद कालिक मंत्र के उल्लेख के अनुसार, एक सर्वोत्तम चित्र है (परम प्रतिमा)। मौर्य काल के बाद, भारत में मंदिर मूर्तिकला विकसित हुई और यह मुस्लिम आक्रमणों के काल तक जारी रही। मूर्ति विज्ञान का भारत की सांस्कृतिक परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान रहा है चूंकि इसी में धर्म और दर्शन जो इसका अभिन्न हिस्सा था और जैसा कि मूर्ति पूजा धर्म का मूलआधार बनती है। चूंकि धार्मिक एवं दार्शनिक रूझान लोगों के मन से उपजते हैं और इस कारण उनके जीवन में प्रमुख भूमिका साबित होते हैं। चित्र इस प्रकार इन आदर्शों की अभिव्यक्ति की असरकारी पद्धतियों का काम करते हैं और कृष्ण के पसंदीदा चित्रों के संदर्भ में व्यक्त होते हैं और अन्य देवता भी मंदिरों में उनके साथ मूर्तियों में स्थापित कर दिए गए थे।

कृष्ण पर आधारित यह कला परंपरा पुराणों व महाभारत के आधार पर विकसित हुई। इसका मुख्य उद्देश्य उन अवधारणाओं - छवियों की विषयवस्तुओं का वर्णन करना था जो समय समयपर कृष्ण से संबंधित थी। इसका उद्देश्य उत्तर पुराण काल में कृष्ण से संबंधित नयी आध्यात्मिक विषयों प्रवृत्तियों व प्रतीकों को चित्रित करना भी है। परिणामस्वरूप, उनके चित्र उनकी अवधारणा के नए अर्थों व आयामों को भित्ति चित्रण के साथ कलमबद्ध किए गए। हालांकि, इस प्रकार धर्मग्रंथों ने उनके चित्रों को ज्यादा आधारभूत संरचना प्रदान की है और कृष्ण की मूर्तिविज्ञान के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई है, फिर भी इन दोनों स्रोतों द्वारा कृष्ण अवधारणा की प्रस्तुति में अंतर स्पष्ट नजर आते हैं।

जैसा कि भारत में किसी भी परंपरा को उभरने से रोका नहीं गया है बल्कि विकसित किया गया है, और यही कृष्ण के चित्रात्मक प्रकटन से संबंधित कला परंपरा में भी यही सोच लागू दिखती है। इसने समय और हालात की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वयं को एक नए प्रारूप में विकसित किया है। इसने अपने भीतर पुराणों से नए आध्यात्मिक विवरणों के अपना दायरा विकसित किए थे और इस प्रकार मूर्तियों ने भारतीय के धार्मिक परिदृश्य में पूजा के अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यमों के रूप में अपनी जगह बनाई। इसलिए, इस दौर के दौरान, कृष्ण की मूर्ति ने भारत की सांस्कृतिक कला में विराट हैसियत हासिल की।

अब, मूर्ति को परिभाषित करने के लिए, यह पाया गया है कि आम तौर पर ईश्वर या कृष्ण के चित्र उनकी अनुकृति दर्शाते हैं। भारत में मूति विज्ञान का कला परंपरा का संदर्भ वेदों व उपनिषदों में, प्रतिकृति के रूप में , मिलता है। इसके अलावा, यह भी कहा जाता है कि देवताओं की वैदिक अवधारणा ने देवताओं की मूर्तियां बनाने के लिए प्रेरित किया है, जैसा कि वेदों व बाद के कार्यों में देवताओं को आकाश पुरूष या दिवो-नरस कहा गया है और उनका नृ-पेश या इंसानों जैसा रूप भी बताया गया है।

जहां तक कृष्ण के मूर्ति विज्ञान का प्रश्न है यह अगमों व पुराणों जैसे धर्मग्रंथों के आधार पर विकसित हुआ है। ये कार्य कृष्ण के प्रतीक पर अधिक प्रामाणिक सामग्री प्रदान करते हैं, जिन्हें चल, अचल जैसे प्रारूप भी बताया गया है जिनका अर्थ होता है कि वे जो भार में बहुत हल्के और वजन में भारी हैं, हल्के भार वाले प्रतीक चार किस्म के बताए गए है- वौतका, (जिनकी रोज पूजा होती है), उत्सवा (विशेष अवसर पर जिनकी पूजा होती है), बलि (प्रसाद चढ़ाने के साथ हर रोज पूजा के लिए), स्नापना (पवित्र जल छिड़क कर)।

जहां अचल प्रतीक पत्थर के बने होते हैं और जो मूल विग्रह व ध्रुव जैसे प्रारूपों के हैं। ध्रुव प्रतीक के निम्न प्रारूप होते हैं मसलन खड़ी मूर्ति (स्थानक), आसन (बैठी हुई) और शायन (लेटी हुई), जो मूर्तियों की वेशभूषा निर्धारण के संदर्भ में उन क्षेत्रों के अपने सांस्कृतिक मानकों व प्रचलनों के अनुसार लोगों द्वारा लागू किए जाते हैं। कृष्ण की इस प्रकार की मूर्तियों के अलावा, अन्य प्रकार की मूर्तियों का कृष्ण मूर्तियों द्वारा उल्लेख मिलता है जिन्हें भगवतपुराग में स्वयं कृष्ण द्वारा उद्धव के साथ संवाद में उल्लेख किया जाता है, जहां वह कहते हैं कि उनकी मूर्तियां मिट्टी, चंदन की लकड़ी, पत्थर, धातु, मिट्टी और मनोमाया द्वारा बनाई जा सकती हैं। आम तौर पर, कृष्ण संबंधी साहित्यिक परंपरा में, कृष्ण की मूर्तियां प्रतीकों के आधार पर बनी हैं जो व्यक्तिगत स्तर पर मूर्ति बनाने के मुख्य वचनों का काम करती है और इन रूपों से अन्य से अलग करती हैं। मूर्तियों की संरचना अमूर्त रूप में कुछ प्रतीकों के अनुसार अपेक्षित हैं और फिर विशिष्ट प्रतीक के भौतिक अमूर्त रूप में अभिव्यक्त हुई हैं। समस्त देवताओं में, कृष्ण ही हैं जिनकी मध्यकाल की सबसे प्रभावी मंदिर कलारूप रहे हैं, जहां उन्हें वेणुगोपाल, अकेले या राधा के साथ व अन्य रास के दौरान गोपियों संग, गोवर्धन पर्वत थामे, नारद की दृष्टि में योगी के रूप में, बलराम और सुभद्रा के साथ युवा ग्वाले के रूप में, कंस का वध करते योद्धा के रूप में तथा जरासंध और शिशुपाल का वध करते व अर्जुन का रथ चलाते जैसे बहुआयामी रूपों में दिखाया गया है।

प्रतीकों में, कृष्ण या तो दो या चार भुजाओं से शोभायमान हैं। दो भुजाओं वाले कृष्ण अभयदान की मुद्रा में हैं। जबकि, चार भुजाओं वाले कृष्ण हाथों में कमल, चक्र, शंख और छड़ी लिए हुए हैं। विभिन्न संप्रदायों ने मूर्तिगत रूपों में कृष्ण के विभिन्न रूप दिखाए हैं। उदाहरण के लिए, कमल का और शंख का पंथ, यक्ष के साथ संबंधित छड़ी का पंथ का उल्लेख मिलता है (वह हमेशा छड़ी लिए होते हैं।) इसके अलावा, मिथकों में प्रतीकों की संरचना में उसकी भूमिका भी है जहां वह अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ चित्रित हैं। अंत में कहूं कि आइए मान लेते हैं कि कृष्ण की प्रतीकात्मक प्रस्तुति हमें पुराणों तथा महाकाव्य के साहित्यों के पाषाण रूप का सच्चा अनुवाद प्रदान करती है और उसे पूर्ण बनाती है।

**- लेखक प्रसिद्ध भारतीय विद तथा कृष्णकथा विशेषज्ञ हैं ।**

# रचनात्मक रहने के तरीके

**डॉ. बिनय सिंह का कहना है कि हालांकि कुछ लोगों ने इस महामारी को मुकाबले में कठिन स्थिति के बतौर देखा है, मगर इसमें कुछ महत्वपूर्ण लाभ भी हैं**



बीते कुछ महीने महामारी के मौजूदा दौर से उबरने की कोशिश में हर व्यक्ति के लिए सचमुच कठिन रहे हैं, लेकिन यह लोगों के लिए अन्वेषण के अवसर भी लेकर आई है। घर पर समय बिताना जहां अधिकांश बड़े लोगों और सभी बच्चे को हर रोज स्कूल जाने या काम के लिए भागने की कोई जल्दी नहीं रह गयी थी। यह एक अनोखा उपहार है जो इस महामारी ने हम सबको नवाजा है और दुनिया भर में हम लोगों को कुछ इस ढंग से आनंद लेते देख रहे हैं जिसे वे कभी संभव नहीं पाते थे। घर पर रहते हुए और उत्पादक बने रहकर लोग अपने समय को उचित काम में लगा सकते थे। आशावादी बने रहने के ये कुछ ऐसे तरीके हैं जो महामारी के दौरान उत्पादक व उपयोगी बन रहने में आपकी सहायता करेंगे:

**प्रसिद्ध रचनाएं पढ़ें:** स्थानीय पुस्तकालयों की सीमा हो सकती है, लेकिन अनेक उपकरण हैं जिनका आप अपने मन मुताबिक किताबें, पत्रिकाएं, कामिक्स, या चित्रात्मक उपन्यास पढ़ने में इस्तेमाल कर सकते हैं, वो भी काफी कम कीमत पर। हर तरफ किताबों की सूची के साथ अनेक पुस्तक बेवसाइटें है जिन्हें हर एक अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार पढ़ना चाहिए। हर सप्ताह एक किताब पढ़ने का लक्ष्य बनाएं और देखें कि आपने कितना ज्यादा हासिल किया और कितनी अनोखी दुनिया आप खोज सकते हैं।

● **रोपण एवं बागबानी:** आपका घर आपका किला है। इसे उन्नत बनाने में समय है। अगर आपके कामकाजी घंटे घट गए हैं या कुछ समय के लिए बिलकुल समाप्त हो गए हैं, अपनी ऊर्जा को अपने घर व आंगन की स्थिति सुधारने में लगाएं। निश्चित रूप से आपके घर में कहीं, करने को अनेक कार्य हैं जिन्हें आप संभालने में पर्याप्त उपयोगी हैं। यह अपनी दीवार में छेद भरना हो सकता है, घर को दुबारा रंगना हो सकता है, दरवाजे पर मौसमी चादर बदलना या नए पौधे लगाने से लेकर अपने जीवन कुछ रंग शामिल करना हो सकता है। अधिकांश घरेलू मरम्मत घर अभी खुले हुए हैं क्योंकि उन्हें अत्यंत आवश्यक माना जाता है। खुले में होने वाली अधिकांश परियोजना जो आप हाथ में लेना चाह सकते हैं उसका एक उपयोगी वीडियो यूट्यूब या किसी अन्य साइट पर आनलाइन उपलब्ध है, इसलिए अपने घर और आंगन का सर्वे करें और वो काम तलाशें जिसे लेकर आप अर्से से सोचते आए हों।

● यदि आप पढ़ाना नहीं सीख सकते ! तो कोई चीज इंसानी स्वभाव में अनुवांशिक है जो हमें रोकती है कि हम स्वयं को एक दूसरे से पूर्णतया अलग कर सकें। हम अभी भी वायरस के खिलाफ लड़ाई में , अपने अनुकूल संसाधनों के जरिए, अपना योगदान करने की तलाश में हैं। हर कहीं लोग मददगार ढंग से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए इंटरनेट की ओर गए हैं।

कुछ मनोवैज्ञानिक सहयोग प्रदान करते हैं, तो कुछ अन्य कक्षाओं में पढ़ाकर तथा डू-इट-योरसेल्फ कोर्सेज (डीआईवाई) के जरिए समय बिताने के अनोखे तरीके प्रदान करते हैं। कुछ भले लोग तो उन लोगों का संवाद-साथी बनने का प्रस्ताव देते हैं जो अपने घर में अकेले बंद हैं।

● यदि आपको एक उपकरण मिल गया है जो वीडियो रिकार्ड करता है, तो आप लोगों को पढ़ाने में सक्षम हैं कि कैसे कुछ करें। यदि आपके पास आडियो रिकार्डर और एक आवाज हैं तो आप अपना मनचाहा काम, जो आपकी पसंदीदा फिल्म या संगीत हो सकता है, आपका अपना हंसाने का अंदाज, या जिस काम के आप विशेषज्ञ हैं उसकी जानकारी के बारे में पॉडकॉस्ट रिकार्ड करके लोगों के बीच प्रसारित कर सकते हैं। मकसद यह कि आपको लगे कि इसे सुनकर लोगों का मनोरंजन होगा।

● इंटरनेट हमारे लिए न केवल एक साथ आने का, बल्कि मुसीबत के इस दौर में सकारात्मक संदेश व कहानियों को साझा करने का माध्यम है।

● **टीम बिल्डिंग अभ्यास क्रियाएं:** ज्ञान को फैलाएं। लोगों ने धीरे धीरे घर से काम करने की इस नयी सहजता को अपना लिया है। इसमें निश्चित रूप से थोड़ा समय लगा है चूंकि हमउम्रों ने काम के बजाय फोन काल्स पर एक दूसरे से बात की होगी, नए सत्र लेकर आए होंगे जहां टीम घर से काम करने के अपने अनुभवों के बारे में बता सके,कुछ अच्छे विचार साझा करना और कुछ खेल खेलना कर्मचारियों की विचार प्रक्रिया को ताजगी देने में सहायता कर सकता है और वे तरोताजा महसूस करते हैं और सकारात्मक सासेच के साथ काम शुरू कर देते हैं।

● **अपने बजट का विश्लेषण करें:** हालांकि, अर्थव्यवस्था फिर से जोर पकड़ रही है मगर अभी इसे सामान्य स्थिति और आगे बढ़ने में लौटने में समय लगने वाला है और इसलिए यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम मौजूदा बजट और अपने खर्चों का पुनर्मूल्यांकन करें। व्यक्ति को रेखांकित करना चाहिए और खर्च वही करना चाहिए जहा कम से कम इस महामारी के दौरान बहुत जरूरी हो क्योंकि यह अनुमान प्रदान करने में आपकी सहायता कर सकता है कि पैसा कहां जा रहा है और जो दूरगामी तौर पर लाभकारी होगा।

- (लेखक *कोरोना वायरस: आपरचुनिटी थ्रू एडवरसिटी* के लेखक हैं और सिंह मेरीन मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ हैं)



अंतर्दृष्टि
प्रमोद पाठक

# बॉलीवुड उठो!




बालीवुड तूफान के बीच है। इंडस्ट्री, जिसने आम लोगों का मनोरंजन करने के लिए योमन सेवा की थी, अचानक मलकुंड बन गयी है, यानी वो एक शब्द जिसका बिग बी ने राजनीति के लिए उपयोग किया था। इसके बावजूद, बालीवुड मूंगफली की कीमत पर सबके लिए तीन घंटे की पावर पैक्ड एक्शन, फेंटेसी, आनंद और रोमांस प्रदान करता आया है। इसने लोगों को हंसाया, रूलाया हैं, उन्हें गुस्से से भरा है और उन्हें आस्था जगाने की दुनिया में शामिल कराया है। इसने उकसाया और कभी कभी जगाया भी है। वो सब हाशिए पर धकेल दिया गया है। लेकिन समाज में सबकुछ बुरा है, इस सबके लिए बालीवुड को दोष देने से पहले हमें ठहरने और विचार करने की जरूरत है। एक सदी से भी ज्यादा के अपने इतिहास में, मुंबई फिल्म उद्योग ने समाज की वो सेवा की है जो सिर्फ गिने चुने उद्योग ही कर पाए हैं। इसने वो शोध किया है जो कोई अन्य संस्थान नहीं कर पाया है। इसने जिस तरह से सिखाया है, वैसा कोई शिक्षक नहीं सिखा पाया होता। इसने लोगों को उसी कीमत पर तनावमुक्त किया जितना कि वे वहन कर सकते थे। इसने लोगों को भावनाएं चित्रित करने का एक ठिकाना प्रदान किया, उन्हें आनंदित व हंसाया है, उन्हें आह्लादित महसूस कराया, उन्हें जादुई भाषा से लोगों को अपने दुख भुलवाए। सलामी वाला नशा भी होता था। लोग फिल्म देखकर आने के बाद भी बातें करते और बहसें करते। उस भारी बहुसंख्या के लिए सेवा का कोई माध्यम नहीं था जो खुशी व आनंद की भूखी थी। इसने सही सबकों की पैरवी भी की। कि यह अच्छाई है बुराई पर विजय प्राप्त करती है। या जैसा आप बोते हैं, वैसा आप काटते हैं। अचानक, सबकुछ सियाह लगने लगता है। इतना सियाह कि एक खास गंध छोड़ता है। कारण पता लगाना कठिन नहीं है। फ्रेंसिस बेकन ने एक बार कहा था कि यदि आप किसी समस्या की जड़ में जाएंगे तो आपको लोग मिलेंगे। केवल राजनीति से लोगों को बदलिए। आखिरकार, इंसान एक राजनीतिक पशु है। इसलिए यदि आप समस्या की जड़ में जाएंगे तो आप राजनीति को वहां पाएंगे। गंदी राजनीति। उन दोषारोपणों को भूल जाएं। विकृतियों व गिरोहबंदियों, धड़ाबंदियों व दबाव समूहों के उन विचारों को भूल जाएं। वे हर कहीं हैं। उत्तम संस्थानों में भी हैं वे। हमें मूल बातों की ओर वापस लौटना होगा। और वह अंग्रेजी भाषा की कक्षा चौथी का मुहावरा याद दिलाती है- बुरा कर्मचारी अपने औजारों को दोष देता है। एक हिंदी मुहावरा भी है और वो बालीवुड भाषा में: '' अगर आप नृत्य करना नहीं जानते हैं तो आप नृत्य मंच में खोट तलाशते हैं। यानी नाच न जाने आंगन टेढ़ा। '' फिल्में और फिल्मी दुनिया भिन्न विधा और भिन्न उद्देश्य के लिए होती हैं। वस्तुगत हो जाएं तो फिल्में समाज नहीं रचती हैं, वे समाज को दिखाती हैं। और इस मामले में वे उन अनेक समाचार चैनलों से कहीं ज्यादा वास्तविक हैं जो फिल्मों से कहीं ज्यादा समाज को प्रदूषित करते हैं। फिल्में बाजार संचालित होती हैं और समाज को दिखाती हैं। हिट फिल्म का न तो कोई फार्मूला होता है और न लॉबी। यह फिल्म का दर्शक है जो फैसला करता है और वह अत्यंत जिद्दी होता है। मजेदार बात यह कि वह खुद नहीं जानता कि ऐसा क्यों। फिल्म स्टारों के मामले में यही होता है। वर्ना मामूली बजट और बिना किसी स्टार के जय संतोषी मां जैसी फिल्म उस समय बहुत बड़ी हिट नहीं हुई होती जो उसी साल भारी बजट की बहु सितारा फिल्म शोले से बड़ी हिट हुई थी। इसे बड़ा बनाने वाले सितारों पर आता हूं, ढेरों प्रमाण साबित करते हैं कि यह ईश्वर प्रदत्त खूबी है, गॉड फादर नहीं। देव आनंद, दिलीप कुमार और राजकुमार से लेकर अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे तमाम उदाहरण साबित करते हैं कि यह केवल प्रतिभा है। और स्टार पुत्रों की विफलता इसकी पुष्टि करती है। एक अंतिम और अत्यंत महत्वपूर्ण बात। हालांकि अनेक समाचार चैनल झूठ को सच बनाकर बेचने का प्रयास कर रहे हैं, मगर फिल्म इसे बिलकुल भिन्न ढंग से कर रही हैं। बालीवुड को खड़ा होना चाहिए और शो जारी रहना चाहिए।

पेज 1 का शेष

# फिल्टर बबल का ...

हम दोस्तों के साथ कालेज जा सकते हैं और परिवार के साथ छुट्टियों पर जा सकते हैं क्योंकि वे हमारे बहुत करीब होते हैं। क्या हम असल दुनिया को, जैसी कि हम इसे जानते हैं, को त्याग देंगे और उसका डिजीटल स्तर पर उन्नत संस्करण स्वीकार कर लेंगे? या क्या हम वास्तविक व डिजीटल दुनियाओं दोनों को, उतने ही सुंदर रूप में निर्मित करने के लिए पर्याप्त प्रेरित व रचनात्मक रहेंगे?

## भविष्य

सरल शब्दों में कहें तो भविष्य वो है जैसे हम बने होते हैं। हम, उस सबके उपभोक्ताओं के रूप में, जो कि हमारे सामने प्रस्तुत है, रोज हर दूसरे सेंकेंड में सक्रिय चुनाव करते हैं। ये चयन महत्व रखते हैं। ऐसे लोग होते हैं जो मशीनों द्वारा उत्पादित रिपोर्टें पढ़ते हैं और फैसला करते हैं कि कैसे हमें वो चीजें ज्यादा दी जाएं जोकि हम चाहते हैं।

बिलकुल, हम जानकार संवेदनशील व्यक्ति हो सकते हैं। फिर भी, हम अपनी इच्छाओं के व्यसनी और गुलाम भी हो सकते हैं। हम सिर्फ अपना समय बिताने के लिए कुछ भी देखने का फैसला कर सकते हैं। या हम कुछ नया रचने का फैसला कर सकते हैं, कुछ मूल्यवान। हमारे लिए व दूसरों के लिए दोनों महत्वपूर्ण हैं।

कुछ ऐसा जो हम रचते हैं, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम प्रसिद्ध हस्ती बनने या पैसा कमाना चाहते हैं, बल्कि इसलिए कि हम जानते हैं कि हमारे द्वारा इसे रचने में और दूसरों द्वारा इसे देखने में, दोनों पक्ष उससे, जो अंतिम उत्पाद के रूप में मौजूद है, कुछ समग्र लाभ प्राप्त करते हैं। तकनीक को एक वाहन के रूप में देखा जाना चाहिए जिसका कि हम अपना मनचाहा पाने के लिए चुनाव कर सकें। इसलिए कृपया सावधान रहें कि आप उस वाहन के साथ क्या करते हैं। हमारी व्यक्तिगत व सामूहिक यात्राओं के लिए अनेक रास्ते सामने हैं जिनमें से हम चुनाव कर सकते हैं। आइए उन दिशाओं में आगे बढ़ने का प्रयास करें जो हमें एक साथ लाती हैं, जो हमें अधिक खुशहाल बनाती हैं और उन्हें, जिन्हें हम अनेक पीढ़ियों के बाद गौरवपूर्ण ढंग से पीछे मुड़कर देख सकें।

- (लेखक तकनीकविद, उद्यमी व कलाकार हैं। टीएसएन ग्रुप, इंक के सीईओ हैं और वर्तमान में नए, अधिक सुरक्षित सोशल नेटवर्किंग समाधान पर काम कर रहे हैं)


पायनियर
एजेण्डा



जब भी मास्टर जी (गणेश आचार्य) मुझे किसी भी चीज के लिए धन्यवाद देते हैं, मुझे लगता है कि वह मुझे गाली दे रहे हैं, क्योंकि जिस तरह से उन्होंने मेरी पहली फिल्म के बाद से मेरी मदद की है, मैं वास्तव में उनका आभारी हूं।

- टाइगर श्राफ







# कोरोना काल में रचनात्मक सांत्वना देना उद्देश्य

**इंडस वैली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और रचनात्मक निर्देशक हर्ष नारायण का कहना है कि वो कोविड महामारी का प्रकोप समाप्त होने के बाद भी डिजिटल संस्करण पर काम करना जारी रखेंगे क्योंकि उनके अनुसार इस एकल प्लेटफॉर्म का भविष्य उज्ज्वल है ...**



ये वर्ष का वो समय है जब हम किसी न किसी फिल्म फेस्टिवल में फिल्मी सितारों को अपने डिजाइनर परिधानों और नवीनतम शैलियों के माध्यम से चमक बिखेरते हुए देखा करते थे। लेकिन अब कोरोना वायरस और इसके चलते लगे प्रतिबंधों के चलते वास्तविक फिल्म महोत्सवों का स्थान पर इनके डिजिटल संस्करण ने ले लिया है।

आज हमारे बीच कई फिल्म फेस्टिवल ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे हैं ताकि लोग इनका पूरा आनंद ले सकें। ऐसा ही एक फिल्म फेस्टिवल है इंडस वैली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल। लॉकडाउन के दौरान अपने पहले संस्करण को सफलतापूर्वक आयोजित करने के बाद आयोजकों ने इसके दूसरे और अधिक उच्चीकृत संस्करण का आयोजन किया जिसमें नौ दिनों की अवधि में फिल्म, सिलेब्रिटीज़ से बातचीत, फिल्म निर्माण पर वर्कशॉप, मास्टरक्लास, पटकथा लेखन, थियेटर में अभिनय के साथ साथ निर्देशन आदि के बारे में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इसमें श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान तथा भारत की फिल्मों को प्रस्तुत किया गया था। इसके अंतर्राष्ट्रीय पैनोरमा विभाग में इटली तथा स्पेन जैसे देशों की फिल्मों को भी सम्मिलित किया गया।

इसका प्रारंभ आर बाल्की की फिल्म पैडमैन से तथा अंत विशाल भारद्वाज की फिल्म रंगून से हुआ। अभिनेता हिमांशु मलिक इसमें मास्टर ऑफ सेरेमनी थे जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में जुरी द्वारा चयनित 25 पुरस्कारों की घोषणा की। इसकी जुरी में विविधता एवं समावेशिता सलाहकार के रूप में सुप्रीति, थियेटर निर्देशक विनीत चोपड़ा, एवं फिल्म निर्माता हर्ष नारायण थे। इसका आयोजन साउथ एशिया फोरम फॉर आर्ट एंड क्रियेटिव हेरिटेज, द्वारा किया गया था। इस महोत्सव के आयोजन के माध्यम से जिन फिल्मों को दिखाया गया उनसे दक्षिण एशिया की समृद्ध विविधता एवं विरासत को सामने लाया जा सका।

इस महोत्सव के संस्थापक तथा रचनात्मक निर्देशक हर्ष नारायण इस बार के संस्करण के नए परिवर्तनों, ऑनलाइन संस्करण आयोजित करने की राह में आने वाली चुनौतियों तथा इसके भविष्य की नई बातों को हमसे साझा किया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

❖ **इस महोत्सव के दूसरे डिजिटल संस्करण के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे?**

इसके दूसरे संस्करण ने हमें और अधिक लोगों तक पहुंच प्रदान की। हम जब भी भौतिक रूप में महोत्सव का आयोजन करते हैं तो ये एक नगर तक ही सीमित रह जाता है लेकिन इस बार हमारे यहां विभिन्न देशों के अनेक सक्रिय प्रतिभागी थे, साथ ही अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप तथा सभी दक्षिण एशियाई देशों से पंजीकरण कराया गया था। लोगों ने हमारे विभिन्न सत्रों में भाग लेने के साथ ही डिजिटल फिल्म पोर्टल के माध्यम से फिल्मों को देखा भी। यहां तक कि अंतिम दिन तक भी अमेरिका जैसे देशों से पंजीकरण कराए जाते रहे। सभी प्रतिभागी उत्साहित थे क्योंकि वे महोत्सव के आधिकारिक रूप से समाप्त होने के बाद भी वीओडी के माध्यम से रिकॉर्डेड सत्रों तथा फिल्मों को देख पा रहे थे।

इससे हमारे विश्वास में वृद्धि हुई कि अब डिजिटल महोत्सव को कोरोना काल के दौरान केवल एक औपचारिकता ही नहीं समझा जाता है, बल्कि एकल प्लेटफॉर्म के रूप में भौतिक महोत्सव के समकक्ष इसका भी भविष्य सुदृढ़ है।

❖ **इस बार के संस्करण में महोत्सव में क्या-क्या नया था?**

इस बार हमनें फेस्टिवल पोर्टल के माध्यम से फिल्म निर्माण, पटकथा एवं वृत्तचित्र पर ऑनलाइन वर्कशॉप तथा मास्टर क्लास आयोजित की थीं। हमें छात्रों तथा सिनेमा जिज्ञासुओं से पंजीकरण प्राप्त हुए जिन्होंने अपने-अपने विश्वविद्यालयों या घरों से इनमें भाग लिया। इसके अलावा हमनें दक्षिण एशिया में फिल्म निर्माण तथा संगीत के क्षेत्र में रचनात्मक सहयोग पर पैनल विमर्श आयोजित किया। इनमें पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के शीर्ष फिल्म निर्माताओं एवं संगीतकारों ने भाग लिया। ये बहुत गंभीर विमर्श थें जिनमें लोगों ने किसी ऐसी डिजिटल संस्था की आवश्यकता अनुभव की जो इस उद्योग में सहयोग, सहनिर्माण तथा संयुक्त उपक्रमों में सुविधाजनक बनाने में सहायक हो।

❖ **इस प्रकार के ऑनलाइन महोत्सव के आयोजन की राह में किस तरह की चुनौतियां होती हैं?**

मुख चुनौती तो प्रारंभ में फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों तथा स्टूडियो आदि को अपनी फिल्में इस डिजिटल संस्करण के लिए उपलब्ध कराने हेतु सहमत करना था। ये सही भी है फिल्मों के सभी डिजिटल अधिकार बेचे जा चुके होते हैं या उस हेतु सुरक्षित किये जा चुके होते हैं। ऐसे में फिल्म निर्माताओं को किसी डिजिटल फिल्म फेस्टिवल के लिए अपनी फिल्म उपलब्ध करने में चोरी की आशंका रहती है लेकिन फिल्म के फेस्टिवल स्क्रीनिंग अधिकार भी उनके पास ही रहते हैं।

उनकी इस आशंकाओं को कम करने के लिए हमनें एक सुरक्षित आईवीआईएफ्एफ डिजिटल फेस्टिवल पोर्टल स्थापित किया था जिसे केवल पंजीकृत प्रतिभागी ही देख सकते थे। इसके अलावा हमारी अतीत की विश्वसनीयता के कारण हम फिल्म निर्माताओं तथा प्रोड्यूसर्स को अपनी योजना से संतुष्ट करने में सफल रहे। इस प्रकार हम कुछ शीर्ष प्रोडक्शन हाउस और स्टूडियो को अपने साथ लाने में सफल रहे।

❖ **क्या आपको लगता है कि महोत्सव का ऑनलाइन संस्करण अधिक उपयोगी रहा?**

जी हां। क्योंकि हमारे महोत्सव में विभिन्न देशों के प्रतिभागी थे जबकि भौतिक स्तर पर आयोजित होने वाले महोत्सव में इतने प्रतिभागियों को एक मंच पर लाना दुष्कर काम था। इसी के साथ इतने लोगों के लिए वीज़ा प्राप्त करना तथा क्लीयरेंस प्राप्त करना भी टेढ़ी खीर होती है। इसके अलावा इसमें एक और सुविधा ये होती है कि फिल्म निर्माताओं तथा अभिनेताओं को अपने सत्र में ही अपने घर या कार्यालय से ऑनलाइन उपलब्ध होना होता हैं इससे उनके दूसरे कार्यों के लिए भी पर्याप्त समय उपलब्ध होता है। भौतिक महोत्सवों में उन्हें उस नगर तक भ्रमण करना होता है और कम से कम एक दिन का समय लग ही जाता है।

❖ **कोरोना महामारी काल में ऐसे महोत्सव कला और रचनाशीलता को किस प्रकार सशक्त बनाते हैं?**

आजकल लोग तनावग्रस्त, उदास और दबावों में जी रहे हैं और हर दिशा से उन्हें नकारात्मकता के ही दर्शन होते हैं फिर चाहे महामारी हो, युद्ध, आत्महत्या, अवसाद, मादक पदार्थों का सेवन, सामाजिक अशांति या राजनीतिक संघर्ष। ऐसे समय में हम लोगों को एक रचनात्मक सांत्वना और एक आशा की किरण देना चाहते थे ताकि वे जीवन के उजले पक्ष से परिचित हों। हमें स्मरण रखना होगा कि अंधकार के समय रचनात्मकता ही हमारे हृदय को उजालो से भर सकती है। कला और रचनाशीलता से हमारे हृदय और आत्मा के घावों को भरा जा सकता है। इससे हम प्रेम और करुणा की शक्ति में हमारा विश्वास भी बहाल होता है और हमारी सामाजिक चेतना को एक नई ऊर्जा प्राप्त होती है।

❖ **आपने उल्लेख किया कि 'इंडसवैली फेस्टिवल में नियमित रूप से फिल्मों की स्क्रीनिंग, विमर्श, वर्कशॉप तथा पैनल विमर्श आयोजित होते रहना चाहिये...' इसके अलावा इस प्रकार के और किन उपायों से हमारी गतिशीलता बनी रह सकती है?**

हम इंडसवैली को एक स्थायी डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं जिससे दक्षिण एशिया तथा बाद में दक्षिण-पूर्व एशिया के कलाकार, संगीतकार तथा फिल्म निर्माता जुड़े रहें। इससे वे एक दूसरे से मिलकर कार्य कर सकते हैं। वे अपनी रचनाशलता को दूसरों से मूल्य के आधार पर साझा भी कर सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से वे वृहद मार्केट से जुड़े रहने में भी समर्थ होंगे। उन्हें इस क्षेत्र में उपलब्ध तकनीकी तथा अन्य प्रकार की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का लाभ भी मिल सकेगा। हमनें तय किया है कि अब से हम दक्षिण एशिया के सर्वश्रेष्ठ संगीतकारों को संगीत के निर्माण के लिए लाएंगे। एक सुझाव ये भी था कि हम एक दक्षिण एशियाई सिनेमा कोष का निर्माण करें ताकि दक्षिण एशिया क्षेत्र में अच्छी फिल्म स्क्रिप्ट का विकास संभव हो सके और बाद में वो एक श्रेष्ठ स्क्रीन कंटेंट बनने में सफ्ल हों। इस बारे में विचार विमर्श के लिए हम एक समिति बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

## हिमानी शिवपुरी और योगेश त्रिपाठी ने अपने पसंदीदा पकवानों के बारे में बताया



**भारतीय पकवानों** में बहुत सारी विविधतायें हैं। अगर खाने-पीने के सामानों की बात करेंए तो हर जगह की अपनी कुछ खासियत होती है और कई पारंपरिक व्यंजन उस क्षेत्र से जुड़े होते हैं। खान-पान की यह विविधता भारत की एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता भी है। वर्ल्ड फूड डे के अवसर पर एण्डटीवी के हप्पू के उलटन पलटन के हप्पू सिंह यानी कि योगेश त्रिपाठी और कटोरी अम्मा उर्फ हिमानी शिवपुरी ने प्रयागराज के अपने पसंदीदा पकवानों और खाने.पीने के लिये मशहूर जगहों के बारे में बात की। हिमानी जी ने कहा यमुनाए गंगा और सरस्वती नदियों के संगम के और भव्य मेलों के अलावा यह शहर अपने अलग-अलग किस्म के शानदार भोजन, खासतौर से अपने स्ट्रीट फूड के लिए भी लोकप्रिय है। यदि मैं अपनी बात करूं तो, मुझे टमाटर चाट, आलू टिक्की, खस्ता कचोरी, दही-सोंठ के बताशें, पापड़ी चाट और गोल गप्पे बहुत पसंद हैं।

सिविल लाइन्स नेत्रम मूलचंद एंड संस हरी राम एंड संस और लोकनाथ में निराला की चाट तक ऐसी कई जगहें हैंए जहां पर तरह.तरह की चाट का स्वाद लिया जा सकता है। यदि मैं यह कहूं कि इलाहाबाद, चाट के शौकीनों के लिये जन्नत से कम नहीं हैए तो गलत नहीं होगा। इसके अलावा वहां के समोसेए खासकर छोला समोसा बहुत अच्छा होता है। इस बारे में आगे बात करते हुएए योगेश त्रिपाठी ने कहाए श्भारतीय मिठाईयों के शौकीन लोगों को सोहबतिया बाग जरूर जाना चाहिए। इस शहर में सबसे बेहतरीन गुलाब जामुन मिलते हैंए जिसे देहाती के रसगुल्ले के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा यहां की मक्खन मलाईए इमरती और निश्चित रूप से पान भी मशहूर है। चुरमुराए जो कि यहां का लोकल स्नैक्स है, वह भी लोगों को काफी पसंद आता है। मैं तो बस इतना ही कह सकता हूं कि यहां के खाने का मजा ही कुछ अलग है। तो प्रयागराज जरूर आएं और यहां के खाने का खूब लुत्फ उठाए। इस वर्ल्ड फूड डे परए मेरी सभी लोगों से बस यही गुजारिश है कि खाना बर्बाद न करें और भूखों को खाना खिलाएं। तोए यदि आपने अभी तक प्रयागराज के इन व्यंजनों के स्वाद नहीं लिया हैए तो वाकई में आप एक बहुत बड़ी चीज मिस कर रहे हैं! हप्पू की उलटन पलटन में हिमानी शिवपुरी को कटोरी अम्मा और योगेश त्रिपाठी को दरोगा हप्पू सिंह के रूप में देखिए, हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:00 बजे सिर्फ एण्ड टीवी पर!

## मिथुन चक्रवर्ती के बेटे के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की पत्नी योगिता बाली और बेटे महाअक्षय के खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि 38 वर्षीय महिला की शिकायत पर बृहस्पतिवार की रात ओशिवारा थाने में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता ने कहा है कि वह 2015 से 2018 के बीच महाअक्षय के साथ संबंध में थीं और उस दौरान उन्होंने उनसे शादी का वादा किया था।



अधिकारी ने बताया कि, महिला ने कहा कि दोनों के बीच संबंधों के दौरान वह महाअक्षय से मिलने अंधेरी पश्चिम के आदर्श नगर में उनके फ्लैट में गई थीं। महिला ने कहा कि जब वह वहां पहुंची तो आरोपी ने उन्हें सॉफ्ट ड्रिंक पेश की और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। अधिकारी ने कहा, महिला ने आरोप लगाया कि जब वह गर्भवती हो गई तो महाअक्षय ने गर्भपात कराने के लिए कहा और उन्हें गोलियां भी दीं। उन्होंने बताया महिला ने कहा है कि वह अकसर महाअक्षय से शादी के लिए कहा करती थीं, लेकिन जनवरी 2018 में महाअक्षय ने उनसे कहा कि वह शादी नहीं कर सकते, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। महिला ने कहा कि जब वह उन्हें फोन करती तो उनकी मां योगिता बाली उन्हें धमकाती थीं।

अधिकारी ने कहा कि बाद में शिकायतकर्ता अपने भाई के साथ दिल्ली जाकर पारिवारिक मित्र के घर पर रहने लगीं। वहां उन्होंने जून 2018 में बेगमपुर थाने में महाअक्षय और योगिता बाली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 313 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच वहां अपराध शाखा को सौंप दी गई। दिल्ली की अदालत ने बाद में महाअक्षय और उनकी मां को इस मामले में अग्रिम जमानत दे दी।


अधिकारी ने कहा कि मार्च 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिला को उस स्थान की अदालत में शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा, जहां अपराध हुआ है। इसके बाद महिला ने इस साल जुलाई में ओशिवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने कहा, इसके बाद, आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 376 (2) (एन), 328, 417, 506, और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। महाअक्षय हांटेड 3डी और लूट जैसी कुछ फिल्मों में काम कर चुके हैं।

## वेब वर्ल्ड



### वॉट द कान्स्टीट्यूशन मीन्स टु मी

इसमें हाइडी श्रेक के नाटक के इस लाइव ब्रॉडवे कास्ट प्रोडक्शन में अमेरिका के संविधान के संबंध में विभिन्न ऐतिहासिक अवधारणाओं तथा उनके व्यक्तिगत अनुभवों को प्रस्तुत किया गया है। इसे अक्तूबर के मध्य से अमेजॉन प्राइम वीडियो प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है।



### सोशल डिस्टेंस

पृथक वास की अवधि में इसकी संकल्पना करने से लेकर निर्माण तक सबकुछ दूर रहते हुए किया गया है। इसमें विभिन्न प्रकार से दिखाने का प्रयास किया गया है कि महामारी के दौरान दूर रहते हुए भी हम कैसे एक दूसरे के निकट बने रह सकते हैं। वर्तमान में नेटलिक्स पर देखने के लिए उपलब्ध है



### द ट्रायल ऑफद शिकागो 7

शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किस प्रकार से पुलिस के साथ हिंसक संघर्ष में परिवर्तित हो जाता है और बाद में इसपर चला वाद इतिहास के सबसे कुख्यात मुकद्मों में से एक के रूप में याद किया जाता है। इसमें अमेरिका की संघीय सरकार द्वारा 1969 में इनमें से सात प्रतिवादियों के ट्रायल का वर्णन है। फिल्म नेटलिक्स पर उपलब्ध है।